# देश के सभी जिला केन्द्रों पर 18 जून को प्रदर्शन करेगा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

❐ प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारियों को सौंपा जायेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने राष्ट्रव्यापी आन्दोलन का ऐलान किया है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ देशभर में सभी जिला केन्द्रों पर 18 जून को विशाल प्रदर्शन करेगा।

प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारियों को सौंपा जायेगा। यह जानकारी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रो. संजय मेधावी ने दी। वह शुक्रवार को प्रेसक्लब में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रो. संजय मेधावी ने बताया कि संसद के मानसून सत्र से पहले राज्यसभा एवं लोकसभा सांसदों को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से ज्ञापन भेजकर आग्रह किया जायेगा कि देश के विभिन्न राज्यों में 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों एवं उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की दिनांक 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के संबंध में विशेष प्रावधान करते हुए उनके सेवा अधिकारों, वरिष्ठता,पदोन्नति तथा अन्य वैधानिक लाभों की रक्षा के लिए आवश्यक विधायी,नीतिगत अथवा प्रशासनिक कदम शीघ्र उठाए जाएं। वर्तमान समय में देशभर के लाखों शिक्षकों में गहरी चिंता,पीड़ा एवं असुरक्षा की भावना है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री जोगेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि 18 जून को उत्तर प्रदेश के सभी जिला केन्द्रों पर प्रदर्शन होगा। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर 27 जुलाई 2011 से पूर्व सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग करेगा। जोगेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की नियुक्तियां उस समय प्रभावी नियमों एवं पात्रताओं के अनुरूप वैध थीं। बाद में निर्धारित पात्रता को पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना न्यायोचित नहीं है। इन शिक्षकों ने वर्षों से राष्ट्र निर्माण,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,सामाजिक चेतना एवं चरित्र निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : शशि

❐ राष्ट्र सेविका समिति के प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । राष्ट्र सेविका समिति द्वारा आयोजित प्रशिक्षण वर्ग का शुक्रवार को उत्साह, अनुशासन एवं राष्ट्रभावना के वातावरण में माधव ज्ञान केन्द्र खरकौनी, नैनी में समापन हुआ। वर्ग के दौरान सेविकाओं को शारीरिक, बौद्धिक एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, संस्कार, सेवा भावना और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का बोध कराया गया।

यह जानकारी राष्ट्र सेविका समिति की पदाधिकारी डॉ रिचा नारायण ने दी। उन्होंने बताया कि समापन कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शशि ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्कारवान, जागरूक और सक्षम मातृशक्ति ही समाज को नई दिशा प्रदान कर सकती है। डॉ रिचा ने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य सेविकाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और समाज सेवा की भावना को जागृत करना है। समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षार्थियों ने समाज हित एवं राष्ट्र सेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प भी लिया।

वर्ग की मुख्य अतिथि पूजा गुप्ता (निदेशक एलडीसी पब्लिक स्कूल) एवं अध्यक्ष डॉ सविता अग्रवाल स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। वर्ग में सहभागी सेविकाओं ने विभिन्न शारीरिक प्रदर्शन, घोष, योग, दंड एवं यष्टि प्रात्यक्षिक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सेविकाओं के समर्पण एवं अनुशासन की सराहना की। वर्ग अधिकारी गीता तिवारी ने वर्ग का वृत्त प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण वर्ग की मुख्य शिक्षिका मोमी डे, विभाग कार्यवाहिका प्रिया, प्रांत कार्यवाहिका माया पांडे, प्रांत संपर्क प्रमुख देवयानी, प्रांत बौद्धिक प्रमुख वंदना सहित लगभग 101 बहनों की उपस्थिति से वर्ग का समापन हुआ।

## लखनऊ में दूसरी संस्था के नाम से ईको गार्डन में प्रदर्शन करेगी काकरोच जनता पार्टी




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** काकरोच जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दूसरी संस्था के साथ मिल कर विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी के अध्यक्ष अभिजीत दीपके लखनऊ पहुंच गये हैं। पार्टी के अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि 12 जून से लेकर 18 जून तक रोजाना सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक प्रदर्शन होगा। यह प्रदर्शन दिल्ली और पूणे में नीट पेपर लीक के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। इसमें भारी संख्या में लोगों से जुड़ने की अपील भी की गयी है। उल्लेखनीय है कि लखनऊ पुलिस की ओर से काकरोच जनता पार्टी को प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं मिली है। उसके बाद पार्टी ने नया रास्ता निकाला। इनके समर्थक एग्जामपुर नामक संस्था चलाने वाले विवेक कुमार को अनुमति मिली है। इनके साथ मिलकर अभिजीत दीपके प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन की अनुमति मिलने के बाद प्रदर्शनकारी ईको गार्डन पहुंचने लगे हैं। इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## दिल्ली का मौसम ठीक होने पर अमौसी एयरपोर्ट पर उतरे तीन विमान, रवाना किए गये




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली में गुरुवार की देर रात को मौसम बिगड़ गया। इसकी वजह से तीन विमानों को लखनऊ को प्रतिवर्तित किया गया है। इसके बाद विमान रात में अमौसी एयरपोर्ट पर पहुंचे। मौसम ठीक होने के बाद विमानों को वापस दिल्ली रवाना किया गया। अमौसी एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक, दिल्ली में मौसम खराब होने की वजह से लखनऊ एयरपोर्ट पर तीन विमान को उतारने की इजाजत मांगी थी। यहां से अनुमति मिलने के बाद बैंकॉक से दिल्ली जा रही इंडिगो की विमान संख्या 6 ई 1054 रात 12:18 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची। दिल्ली का मौसम सही होने पर यह विमान शुक्रवार सुबह 7:56 पर दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इसी तरह गुवाहाटी से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की विमान संख्या 6 ई 6317 रात 12:26 पर लखनऊ पहुंची थी। ये सुबह सुबह 3:21 पर दिल्ली रवाना हुआ। इसके अलावा नागपुर से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस विमान संख्या 6 ई 6573 रात 12:42 पर लखनऊ पहुंची, जो सुबह 3:12 पर दिल्ली के लिए रवाना हुई। लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों को एवं चालक दल को आवश्यक सुविधाएं प्रदान कराई गई।

## टेंडर हुए 5 महीने बीत गए, फिर भी नहीं बनी बडोखर-दादर सड़क



**कोरांव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड कोरांव के बडोखर से देवघाट होते हुए दादर टूडीयार तक जाने वाला मुख्य संपर्क मार्ग पिछले काफी लंबे समय से जर्जर हालत में है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे रोजाना सैकड़ों ग्रामीणों, स्कूली बच्चों व मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सूत्रों के अनुसार इस मार्ग के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया लगभग 5 महीने पहले ही पूरी हो चुकी है। एक वर्ष में निर्माण कार्य पूर्ण होना था, लेकिन अब तक लगभग 6 महीने बीतने को हैं, फिर भी धरातल पर कार्य ना के बराबर हुआ है। बारिश का समय आने वाला है, ऐसे में स्थिति और भयावह हो सकती है। चर्चा है कि ठेकेदार एक मंत्री व उत्तर प्रदेश के बड़े अधिकारी का करीबी है और उसकी ऊंची पकड़ है। इसी कारण काम लटक रहा है। टेंडर हो जाने के बाद भी निर्माण न होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग कोरांव क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ता है और मंडी, अस्पताल व तहसील जाने का मुख्य रास्ता है। मानसून में स्थिति और बदतर हो जाती है। कई बार हादसे भी हो चुके हैं।

## रेलवे कर्मचारियों के समग्र विकास एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेलवे अपने कर्मचारियों के समग्र विकास एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल द्वारा लहरतारा स्थित अधिकारी क्लब में आज 12 जून,2026 को अपने कर्मचारियों विशेष रूप से दिव्यांग (अलग-अलग क्षमताओं वाले) रेल कर्मचारियों के लिए एक व्यावसायिक दक्षता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबन्धक श्री आशीष जैन,विशिष्ट अतिथि मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती वानी जैन एवं कार्यकारिणी की सदस्याओं द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर वाराणसी मंडल के अधिकारियों समेत मंडल महिला कल्याण संगठन कार्यकारिणी की समस्याएं एवं वाराणसी मंडल पर कार्यरत दिव्यांग कर्मचारी उपस्थित थे । कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन सभी का स्वागत करते हुए बताया कि भारतीय रेलवे सभी कर्मचारियों को समान अवसर प्रदान करने के सिद्धांत पर कार्य करती है तथा दिव्यांग कर्मचारी संगठन की एक महत्वपूर्ण शक्ति हैं। ऐसे कार्यक्रम न केवल उनकी पेशेवर क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास एवं कार्य के प्रति उत्साह में भी वृद्धि करते हैं। वाराणसी मंडल में वर्तमान में 133 दिव्यांग कर्मचारी कार्यरत हैं। आप सभी अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से भारतीय रेल की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। आपके कार्य और आपके जज़्बे को मैं हृदय से सलाम करता हूँ। आज का यह कार्यक्रम ''स्टाफ बेनिफिट फंड (ट्ठउक्क)'' के माध्यम से आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य हमारे दिव्यांग कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना तथा उनके जीवन को और अधिक सुविधाजनक बनाना है। मुझे विशेष प्रसन्नता है कि आज 7 पात्र दिव्यांग कर्मचारियों को स्कूटी प्रदान की जा रही है। वाराणसी मंडल में यह पहली बार हो रहा है। यह पहल हमारे दिव्यांग साथियों को अधिक आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सराहनीय कार्य का श्रेय मैं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अभिनव कुमार सिंह तथा उनकी पूरी टीम को देना चाहूँगा, जिनके प्रयासों से यह योजना सफल हो सकी। आज का यह कार्यक्रम केवल एक शुरुआत है। वाराणसी मंडल अपने दिव्यांग कर्मचारियों के कल्याण, विकास और सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम आगे भी ऐसे प्रयास करते रहेंगे ताकि आप अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग कर सकें और जीवन में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सकें। मैं सभी दिव्यांग कर्मचारियों को उनकी मेहनत और योगदान के लिए बधाई देता हूँ तथा7 उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन ने 07 दिव्यांग लाभार्थी कर्मचारियों को स्टाफ बेनिफिट फंड से क्रय की गई विद्युत चालित स्कुटियों का वितरण कर सम्मानित किया गया ।

# विश्व पर्यावरण दिवस' में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 21 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । मण्डल रेल प्रबन्धक रजनीश अग्रवाल ने 'विश्व पर्यावरण दिवस' अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 21 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

मण्डल रेल प्रबन्धक ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस या अभियान तक सीमित विषय नहीं हैं, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक रेलकर्मी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से स्वच्छता को अपनी कार्यसंस्कृति का अभिन्न अंग बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति निरंतर जागरूक रहने का आह्वान किया। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि सम्मानित कर्मियों में पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था शाखा के 11 कर्मचारी तथा भारत स्काउट एवं गाइड टीम के 10 सदस्य शामिल थे। इन सभी ने अभियान के दौरान रेलवे परिसरों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जन-जागरूकता गतिविधियों को सफल बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। विशेष रूप से भारत स्काउट एवं गाइड टीम ने नुक्कड़ नाटकों, रैलियों, वृक्षारोपण एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से यात्रियों, रेलकर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के दौरान प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों, ट्रेनों, कार्यालय परिसरों एवं रेलवे कॉलोनियों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही प्लास्टिक उन्मूलन, अपशिष्ट प्रबंधन, वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छ एवं हरित रेलवे परिसर के निर्माण का संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित किया गया।

# यूपी के हमीरपुर में बिना प्रपत्र के 11 ओवरलोड ट्रक सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को नेशनल हाईवे पर एसडीएम, सीओ और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान 11 ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर सीज कर दिया। सभी वाहन बिना किसी वैध दस्तावेज और रॉयल्टी के गिट्टी व डस्ट का अवैध परिवहन कर रहे थे। उपजिलाधिकारी मौदहा करनवीर सिंह और क्षेत्राधिकारी मौदहा राजकुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से क्षेत्र का सघन भ्रमण कर अवैध खनन और परिवहन की जांच की। इसी दौरान टीम ने नेशनल हाईवे पर एक के बाद एक 11 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा। जरूरी कागजात और रॉयल्टी न मिलने पर प्रशासन ने सभी वाहनों को आगामी कानूनी कार्रवाई होने तक कस्बे की नवीन गल्ला मंडी मौदहा परिसर में खड़ा करवा दिया है।

# स्वस्थ समाज के निर्माण में योग और स्वच्छता दोनों अनिवार्य: गणेश केसरवानी

❐ प्रयागराज में 'रन फॉर योग एवं स्वच्छता' रैली का महापौर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । आयुष विभाग, नगर निगम एवं जिला प्रशासन प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शहर में योग और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक भव्य 'रन फॉर योग एवं स्वच्छता' रैली (पदयात्रा) का आयोजन किया गया।रैली का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

यह पदयात्रा चंद्रशेखर आज़ाद पार्क के गेट नंबर 1 से प्रारम्भ होकर सिविल लाइंस स्थित हनुमत निकेतन मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई।रैली को रवाना करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आयुर्वेद, योग और स्वच्छता के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग और स्वच्छता दोनों ही अनिवार्य है।-नुक्कड़ नाटक का आकर्षणइस अवसर पर आम जनता को योग और स्वच्छता अपनाने तथा स्वस्थ जीवन शैली का पालन करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों को दैनिक जीवन में नियमित रूप से योग अपनाने और अपने आस-पड़ोस को स्वच्छ रखने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. नवीन सोनी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम, आयुष विभाग के सहयोगियों और नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे आगामी 'योग सप्ताह' के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।इस जागरूकता रैली में मुख्य रूप से नीरज गुप्ता (पार्षद, मुट्ठीगंज), आयुष विभाग के चिकित्साधिकारी व कर्मचारी, नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और योग प्रेमी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

चेकिंग स्टाफ के साथ हो रहे शोषण एवं अन्याय का आरोप लगाकर गरजी एनआरएमयू

मुरादाबाद । नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन (एनआरएमयू) ने चेकिंग स्टाफ के साथ अन्याय, शोषण तथा ड्यूटी रोस्टर में लगातार की जा रही अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कार्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन कर न्याय की मांग की गई।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-सिग/टेंडर/22/2026-27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीज़न में लगे STATCON ENERGIA के IPS (24 यूनिट) के लिए 36 (छत्तीस) महीनों का कॉम्प्रिहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,07,83,514.88/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,15,700.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीना |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.07.2026, 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती हैं। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106-सिग/टेंडर/22/2026-27 दिनांक: 12.06.2026 2016/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं :

**क्र.सं. :** 1, **ई-प्रापण निविदा संख्या :** उपमु.इं.-नि.-मुख्या.-गोर.-05-2026, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत गोरखपुर छावनी-वाल्मीकिनगर दोहरीकरण खण्ड के अन्तर्गत गोरखपुर छावनी (सहित)-कप्तानगंज (रहित) के मध्यम नए खोले गए दोहरीकरण खण्ड के रख-रखाव का कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 2,40,51,355.00, **बयाना राशि :** रु. 4,81,000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 (छः) माह।

• बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - **24.06.2026** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - **दिनांक 08.07.2026 को 15.00 बजे तक।** • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - **दिनांक 08.07.2026 को 15.30 बजे।** • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**श्री निशांत कुमार सिंह, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मुख्या./I मो.नं. 9594880852**
**श्री आर. के. चौधरी, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मुख्या./II मो.नं. 9979484281**

**उप मुख्य इंजीनियर/नि./मुख्या.,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-173 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-GNG-RCR-170-26-1 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30-05-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 15-06-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-LKO-OH-655-26-1 (Advertising Out OF Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30-05-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 15-06-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-RBL-WRL-93-24-4 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30-05-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 17-06-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PRG-OH-537-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-KSF-OH-647-26-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PFM-OH-529-24-2 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PRG-OH-544-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-CPB-OH-652-26-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PRG-OSD-539-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OSD-530-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OSN-492-24-3 (Advertising-On Station Premise (Non Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-Int-248107-1-25-1 (Advertising-Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18-06-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 18-06-2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OSD-501-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 24-06-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-156297-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 24-06-2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Closed Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2002/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 14 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को मिला पॉलीक्लिनिक का दर्जा

❒ उपमुख्यमंत्री ने औरंगाबाद पीएचसी में फीता काटकर उच्चीकृत 14 सिटी पॉलीक्लिनिक का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । गुणवत्तापरक इलाज उपलब्ध कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन को उनके घर के समीप गुणवत्तापूर्ण एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जनपद लखनऊ में मई माह से सिटी पॉलीक्लिनिक योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत जनपद के 14 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (यू-पीएचसी) को उच्चीकृत कर सिटी पॉलीक्लिनिक के रूप में विकसित किया गया है। यह जानकारी शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दी। औरंगाबाद पीएचसी में फीटा काटकर उच्चीकृत 14 सिटी पॉलीक्लिनिक का लोकार्पण कर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण विशेषज्ञों द्वारा विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से प्रदेश में यह योजना शुरू की गई है। फिलहाल केवल नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों कर यह सुविधाएं दी जाएंगी। निकट भविष्य में सभी सीएचसी पर भी यह योजना लागू कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि पॉलीक्लिनिक में सभी कार्यदिवसों पर आवश्यकता के अनुसार रोस्टर तैयार कर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर आने वाले मरीजों को आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार हेतु पॉलीक्लिनिक के लिए रेफर किया जा सकेगा।

पॉलीक्लिनिक में स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, अस्थि रोग, कान-नाक-गला (ईएनटी) रोग, त्वचा रोग, सामान्य चिकित्सा (जनरल फिजिशियन), नेत्र रोग तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यहां पर ऑन कॉल तथा बैठने वाल विशेषज्ञ चिकित्सकों को कार्यदिवसों के अनुसार मानदेय दिया जाएगा। इन विशेष केंद्रों पर टेलीमेडिसिन सुविधा, 63 प्रकार की डायग्नोस्टिक जांच सेवाएं तथा 195 प्रकार की आवश्यक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। मरीजों को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए पॉलीक्लिनिक में स्टाफ नर्स, ऑप्टोमेट्रिस्ट, फिजियोथैरेपिस्ट तथा इंटीग्रेटेड काउंसलर की सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी।डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं 50 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित कीं। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय तम्बाकू रोग नियंत्रण कार्यक्रम के स्टाल पर भी डिप्टी सीएम ने भ्रमण किया।

कार्यक्रम में विधायक ओपी श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित कुमार घोष, महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक, परिवार कल्याण डॉ. एचडी अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ डॉ. एनबी सिंह जी, महानिदेशक, प्रशिक्षण डॉ. रंजना खरे की एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# श्री बालाजी संकट मोचन धाम के तृतीय स्थापना दिवस पर विशाल भंडारा व भव्य जागरण का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, सरोजनीनगर । न्यू हनुमानपुरी स्थित श्री बालाजी संकट मोचन धाम में शुक्रवार को मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, हवन-पूजन, विशाल भंडारा, भजन संध्या एवं भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री बालाजी संकट मोचन धाम ट्रस्ट के पदाधिकारियों आनंद सिंह चौहान, दिनेश सिंह चौहान, रामराज, धर्मेंद्र तिवारी, संतोष उपाध्याय, दीपचंद, सर्वेश राजपूत, अमर सिंह चौहान, स्वतंत्र सिंह चौहान, अमन सिंह चौहान, हिमांशु, यशवीर सिंह, मुकेश यादव, आशीष सिंह, शुभम राजपूत, मोनू सिंह, उमेश गुप्ता, दिवाकर यादव, हर्षित, विशाल, रवि, रोशनी, अंश एवं ट्विंकल द्वारा जारी जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन के साथ हुआ। दिनभर श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर महाप्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर के मुख्य पुजारी पं. तीर्थराज त्रिपाठी महाराज एवं सह पुजारी अंश वाजपेयी ने विधि-विधान से सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। रात्रि 9 बजे से आयोजित भव्य भजन संध्या एवं जागरण में प्रसिद्ध भजन गायक अंशु गोस्वामी 'पागल बाबा', गायक अमित जायसवाल, गायिका वर्तिका तिवारी तथा ज्योति गोस्वामी 'श्याम पगली' ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रखा। कलाकारों ने भगवान श्री बालाजी महाराज, प्रभु श्रीराम एवं संकटमोचन हनुमान जी की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तिमय वातावरण बना दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष संजय सिंह चौहान, पूर्व विधायक सुरेश चंद तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अपर नगर आयुक्त ने जोन-7 में नाला सफाई कार्यों का किया निरीक्षण

❒ बरसात से पूर्व सभी नालों की सफाई पूर्ण करने और सिल्ट का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अपर नगर आयुक्त श्री अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने शुक्रवार को जोन-7 क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर सफाई कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त ने इस्माईलगंज, अरविंदो पार्क, ईश्वरपुरी कॉलोनी, सेक्टर-5 ब्लॉक-सी इंदिरा नगर, सेक्टर-डी इंदिरा नगर, चर्च रोड स्थित शेखर अस्पताल के पास तथा फैजाबाद रोड पर सेक्टर-5 भूतनाथ के निकट नालों की सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से सफाई कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। अपर नगर आयुक्त ने जोन-7 के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून से पूर्व सभी नालों की सफाई का कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए, ताकि जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो और वर्षा जल की निकासी सुचारु रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि नाला सफाई कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों से निकाली गई सिल्ट को लंबे समय तक सड़क किनारे न छोड़ा जाए तथा उसे यथाशीघ्र हटाकर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में नाला सफाई कराई जा रही है, वहां स्थानीय निवासियों से प्रमाण-पत्र प्राप्त कर यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित स्थान पर वास्तव में सफाई कार्य संपन्न हुआ है। इससे कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी।

# जन्मदिन बना जनआशीर्वाद महोत्सव

❒ ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा के भंडारे में उमड़ा हजारों लोगों का हुजूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा उर्फ डिंपल के जन्मदिन पर शुक्रवार को गोसाईगंज ब्लॉक परिसर में आयोजित भव्य समारोह और विशाल भंडारे में जनसैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम नागरिकों सहित हजारों लोगों ने पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल, स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा ने केक काटकर जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और क्षेत्र में किए जा रहे विकास एवं जनसेवा कार्यों की सराहना की। पूरे ब्लॉक परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां देर शाम तक शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए स्वयंसेवक पूरे दिन सक्रिय रहे। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने ब्लॉक प्रमुख के सरल व्यक्तित्व, मिलनसार स्वभाव और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की खुलकर प्रशंसा की। इस अवसर पर विनय वर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों का प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे आगे भी क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के कार्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ाते रहेंगे। जन्मदिन समारोह और विशाल भंडारे के दौरान पूरे परिसर में उत्साह, उल्लास और सौहार्द का वातावरण बना रहा। लोगों ने एक-दूसरे को प्रसाद वितरित कर इस आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विधायक अमरेश रावत, पतंजलि योग समिति गंगागंज के अध्यक्ष नागेश कुमार, अनिल वर्मा, नागेश्वर द्विवेदी, ब्लॉक कर्मचारी एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## लोहिया संस्थान का दीक्षांत समारोह 16 जून को

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का तृतीय दीक्षांत समारोह 15 जून को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर सभागार में होगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में दीक्षांत समारोह संपन्न होगा। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व राज्यमंत्री चिकित्सा शिक्षा मयंकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी लोहिया संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ.भुवनचंद्र तिवारी ने दी। डॉ.भुवन तिवारी ने बताया कि विशिष्ट अतिथि मुख्य सचिव एस पी गोयल व अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा अमित घोष भी उपस्थित रहेंगे। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि अभिमत विश्वविद्यालय नागपुर के मुख्य सलाहकार प्रो.वेद प्रकाश मिश्रा रहेंगे।

## युवक ने मकान की दूसरी मंजिल की छत से कूदकर दी जान

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के तालकटोरा थानाक्षेत्र में गुरुवार देर रात एक युवक ने मकान की दूसरी मंजिल की छत से छलांग लगा ली। उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तालकटोरा थाना प्रभारी कुलदीप दुबे ने बताया कि आलमनगर के बादशाहखेड़ा निवासी ठाकुर प्रसाद ने शुक्रवार को पुलिस को सूचित किया कि उनका पुत्र अमित लोधी (35) रात में अपने कमरे में सो रहा था। आधी रात तीन बजे अमित ने अपने मकान की दूसरी मंजिल की छत से कूद जाने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्राप्त तथ्यों के आधार पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मृत्यु के वास्तविक कारणों का निर्धारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर किया जाएगा। मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। पुलिस ने प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## मोबाइल टूटने पर पिता की डांट से नाराज़ बालक घर से निकला, पुलिस ने सकुशल किया बरामद



**ठाकुरगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भूहर चौकी क्षेत्र के विशाल सिटी निवासी 11 वर्षीय सुफियान मोबाइल टूट जाने के बाद पिता की डांट से नाराज़ होकर 9 जून को घर से निकल गया था। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही ठाकुरगंज पुलिस ने बालक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर खोजबीन और आवश्यक जांच-पड़ताल करते हुए सुफियान को सहादतगंज क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। बालक के सुरक्षित मिलने के बाद पुलिस ने उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बेटे के सकुशल वापस मिलने पर परिवार ने राहत की सांस ली और ठाकुरगंज पुलिस की तत्परता व सक्रिय कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जोन-6 में शनिवार को लगेगी जन चौपाल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर निगम लखनऊ द्वारा आयोजित जन चौपाल अभियान के अंतर्गत आज 13 जून 2026 को जोन-6 के मा0 कल्याण सिंह वार्ड एवं लालजी टंडन वार्ड में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जन चौपाल के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं क्षेत्रीय विकास को नई गति देने का सतत प्रयास किया जा रहा है। महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने बताया कि जन चौपाल नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का एक प्रभावी मंच है। चौपाल में गृहकर, सफाई व्यवस्था, पेयजल, सीवर, मार्ग प्रकाश, अतिक्रमण एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतों एवं सुझावों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम 04:00 बजे मा0 कल्याण सिंह वार्ड की जन चौपाल राम लाल लॉन, काकोरी मोड़, नरौना में आयोजित की जाएगी, जबकि शाम 06:00 बजे लालजी टंडन वार्ड की जन चौपाल बरावन खुर्द स्थित पार्क में आयोजित होगी। दोनों जन चौपालों में संबंधित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, अभियंता एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जिससे नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# बीकेटी व महिंगवा में पांच वारदातें, गिरफ्तारी का इंतजार

❒ 23 दिन में डकैती, चोरी, छिनैती और फायरिंग की घटनाओं से बढ़ी लोगों की चिंता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब और महिंगवा थाना क्षेत्रों में बीते तीन सप्ताह के दौरान अपराधियों ने लगातार बड़ी वारदातों को अंजाम देकर पुलिस की चुनौतियां बढ़ा दी हैं। पेट्रोल पंप पर डकैती, मंदिर क्षेत्र में चोरी और छिनैती, ग्रामीण इलाके में लाखों की चोरी तथा सीतापुर रोड पर फायरिंग कर लूट जैसी घटनाओं ने आम लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार वारदातों के बावजूद अधिकांश मामलों में अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिससे उनके हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।

**केस-1 : पेट्रोल पंप पर असलहाधारी डकैती**

20 मई की रात महिंगवा थाना क्षेत्र के परसऊ स्थित कमला फ्यूल कनेक्ट पेट्रोल पंप पर पांच डकैतों ने धावा बोल दिया। चौकीदार को बंधक बनाकर गल्ले से नकदी, मोबाइल, घड़ी और पर्स लूट लिया। घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे और तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक को निलंबित करना पड़ा।

केस-2 : मंदिर परिसर की दुकान से नकदी चोरी 8 जून को चंद्रिका देवी मंदिर परिसर स्थित एक कॉस्मेटिक एवं पूजन सामग्री की दुकान में नकाबपोश चोर घुस गया और करीब 80 हजार रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई, लेकिन अब तक आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है।

**केस-3 : श्रद्धालु महिला से चेन स्नैचिंग**

9 जून को मां चंद्रिका देवी मंदिर से दर्शन कर लौट रही अयोध्या निवासी महिला श्रद्धालु से बाइक सवार बदमाश ने सोने की चेन झपट ली। दिनदहाड़े हुई इस घटना से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं में भय का माहौल है।

**केस-4 : घर में घुसकर 37 लाख से अधिक की चोरी**

9 जून को महिंगवा थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में चोरों ने परिवार के लोगों को कमरों में बाहर से बंद कर दिया और करीब 35 लाख रुपये के जेवरात तथा 2.60 लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए। वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

**केस-5 : केब रोककर फायरिंग और लूट**

11 जून को सीतापुर रोड पर कार सवार बदमाशों ने एक केब को रोककर तीन राउंड फायरिंग की और महिला यात्री से नकदी व जेवरात से भरा बैग लूट लिया। हालांकि इस मामले को पुलिस संदिग्ध मानकर सभी पहलुओं की जांच कर रही है।लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि पुलिस लंबित मामलों का जल्द खुलासा करे और संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाकर अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए।

**क्या कहते जिम्मेदार**

''हाल में हुई सभी घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमें जांच कर रही हैं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। जल्द ही घटनाओं का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। क्षेत्र में गश्त और निगरानी भी बढ़ाई गई है''

- गोपाल कृष्ण चौधरी डीसीपी उत्तरी

# बच्चों के विवाद की रंजिश में दो भाइयों पर हमला, लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल

❒ तीन नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के देवती मजरा छंगाखेड़ा गांव में बच्चों के विवाद को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के ही तीन लोगों ने दो भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर नगराम पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवती मजरा छंगाखेड़ा निवासी सोनू पुत्र हरिनायक ने नगराम थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार सुबह वह अपने भाई सुजीत के साथ किसी कार्य से थाने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही निलेश, त्रिवेन्द्र और शैलेश बच्चों के विवाद की पुरानी रंजिश को लेकर उनसे भिड़ गए। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर रास्ता रोककर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में सोनू के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। वहीं बीच-बचाव करने पहुंचे उसके भाई सुजीत को भी आरोपियों ने बेरहमी से पीटा, जिससे उसके सिर में चोट लग गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद पीड़ित ने नगराम थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नेपाल से मुंबई भेजी जा रही 600 ग्राम हेरोइन पकड़ी, दो तस्कर गिरफ्तार

❒ इटौंजा पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.20 करोड़ रुपये

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बख्शी का तालाब,लखनऊ। मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इटौंजा पुलिस और एसटीएफ बरेली की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 600 ग्राम हेरोइन (ब्राउन शुगर) के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल समेत कई अन्य सामान भी बरामद किए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि नेपाल से हेरोइन की खेप लेकर कुछ तस्कर लखनऊ के रास्ते मुंबई जाने वाले हैं। सूचना पर इटौंजा टोल प्लाजा के पास घेराबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को रोककर तलाशी ली गई। जांच में उनके पास से 600 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसके बाद दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नेपाल से हेरोइन खरीदकर लाते थे और उसे मुंबई व पुणे में ऊंचे दामों पर बेचते थे। इस अवैध कारोबार से होने वाली कमाई से ही वे अपना खर्च चलाते थे। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी खेप लेकर मुंबई जाने की तैयारी में थे, लेकिन उससे पहले ही पकड़ लिए गए।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रकाश सिंह (26) और आकाशदीप सिंह (20) निवासी थाना तिकुनिया,जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस तस्करी नेटवर्क से और कौन-कौन लोग जुड़े हैं।

### नेपाल बॉर्डर से महानगरों तक फैला तस्करी का नेटवर्क

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी नेपाल से मादक पदार्थ लाकर उसे देश के बड़े शहरों में खपाते थे। बरामदगी के दौरान पुलिस ने एक पल्सर मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, चार एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और नेपाली मुद्रा भी बरामद की है। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ से तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। संयुक्त कार्रवाई में इटौंजा पुलिस के साथ एसटीएफ बरेली की टीम भी शामिल रही।

## सरोजनीनगर प्रथम वार्ड में आयोजित जन चौपाल में सुनी गईं नागरिकों की समस्याएं

लखनऊ । केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित जन चौपाल अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जोन-5 के सरोजनीनगर प्रथम वार्ड में हनुमानपुरी मोहल्ला स्थित सरोजनीनगर ब्लॉक कैंपस में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल महापौर सुषमा खर्कवाल जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें क्षेत्रीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे। जन चौपाल के दौरान क्षेत्रवासियों ने साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, डोर-टू-डोर कूड़ा उठान तथा सड़क निर्माण से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। नागरिकों ने कहा कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाए जाने की आवश्यकता है, जिससे आमजन को राहत मिल सके। महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जन भवन में सैनिक पुनर्वास निधि की प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि की अध्यक्ष आनंदीबेन पटेल के विशेष कार्याधिकारी डॉ. सुधीर महादेव बोबडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को जन भवन लखनऊ में उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि की प्रबंधन समिति की 52वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निधि से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों एवं योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में निधि द्वारा संचालित वार्षिक शैक्षिक सहायता अनुदान योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान, लखनऊ द्वारा संचालित वार्षिक शैक्षिक सहायता अनुदान योजना के अंतर्गत स्वीकृत पाठ्यक्रमों को अंगीकार किया जाए। साथ ही विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत प्रारम्भ किए जा रहे नए पाठ्यक्रमों को भी योजना में सम्मिलित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि की भूमि यदि किसी विभाग अथवा संस्था को किसी प्रयोजन हेतु उपलब्ध कराई जाती है तो उसका उचित प्रतिकर निधि का प्राप्त होना सुनिश्चित किया जाए, ताकि निधि के संसाधनों एवं हितों का संरक्षण किया जा सके। बैठक में युद्ध अथवा सैन्य कार्रवाई में शहीद सैनिकों के आश्रितों तथा दिव्यांग सैनिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में प्राथमिकता प्रदान किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विधिक जागरूकता अभियान आयोजित

❒ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को बाल श्रम जैसी कुप्रथा के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर माननीय जिला जज / अध्यक्ष आशीष जैन जी के आदेशानुसार एवं आलोक यादव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) सीतापुर के मार्गदर्शनमें बाल श्रम उन्मूलन एवं शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु विधिक जन-जागरूकता कार्यक्रम रामनगर सचिवालय मे आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को बाल श्रम जैसी कुप्रथा के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित करना रहा।पी एल वी रहमत अंसारी ने बताया कि बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986, बाल अधिकारों एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से किसी भी प्रकार के व्यवसाय या कार्य में मजदूरी कराना कानूनी रूप से पूर्णतः प्रतिबंधित है। बच्चे स्कूल के बाद या छुट्टियों में अपने परिवार के ऐसे व्यवसाय में मदद कर सकते हैं जो खतरनाक न हो।14 से 18 वर्ष तक के किशोरों को किसी भी खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया में काम करने की अनुमति नहीं है।बाल श्रम अब एक संज्ञेय अपराध है। नियम तोड़ने वाले नियोक्ताओं (काम पर रखने वालों) को 6 महीने से 2 साल तक की जेल या 20,000 से 50,000 तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।यदि कोई व्यक्ति या नियोक्ता दूसरी बार इस अपराध का दोषी पाया जाता है, तो उसे 1 साल से 3 साल तक की जेल की सजा हो सकती है, साथ ही आमजन से अपील किया कि यदि कहीं भी बाल श्रम होता दिखाई दे तो इसकी सूचना विभागों एवं हेल्पलाइन नंबरों जैसे -1098, 112,15100 पर अवश्य दें।

कार्यक्रम में अधिकार मित्र श्रीमती उर्मिला ने उपस्थित नागरिकों से बाल श्रम के विरुद्ध अभियान में सहयोग देने तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिये शपथ दिलायी।बाल श्रम बच्चों के बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समग्र विकास के अधिकारों का हनन है। बच्चों को श्रम में लगाने के बजाय विद्यालय भेजना प्रत्येक अभिभावक एवं नागरिक की नैतिक तथा सामाजिक जिम्मेदारी है। शिक्षित बच्चे ही देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं और बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति सदस्य संजय शुक्ला, लेबर ऑफिसर श्री एल डी पाल, ग्राम प्रधान सहित विभिन्न गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय के लोगों ने सहभागिता कर बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया ।

## खैराबाद में लगा 'सरकार आपके द्वार' जनसमस्या समाधान शिविर, योजनाओं की दी गई जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद । नगर पालिका परिषद खैराबाद द्वारा आज नगर के बाजदारी टोला में 'सरकार आपके द्वार' जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की बुनियादी समस्याओं को सीधे उनके मोहल्ले में जाकर सुनना और उनका त्वरित समाधान करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद खैराबाद के भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री राम कृष्ण पाल ने की। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी श्री प्रेम शंकर गुप्ता, नगर पालिका के उपस्थित सभासद गण श्री शकील खान,श्री राकेश गुप्ता, मो जावेद, सुश्री मुस्कान और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। शिविर में मुख्य रूप से नगरीय विकास से जुड़ी निम्नलिखित योजनाओं और समस्याओं पर कार्य किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन, अमृत जल योजना और पीएम स्वनिधि योजना के काउंटर लगाए गए, जहाँ नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई गई। समस्याओं का मौके पर निस्तारणः स्थानीय निवासियों ने जलभराव, टूटी नालियों की मरम्मत, खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलने और मोहल्ले में नियमित साफ-सफाई न होने जैसी शिकायतें दर्ज कराईं। अधिकारियों ने कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया और शेष के लिए समय-सीमा तय की। पेंशन और राशन कार्डः वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन के नए आवेदनों तथा राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष हेल्प डेस्क बनाई गई थी, जहाँ दर्जनों लोगों ने अपने फॉर्म जमा किए।

# पार मेरी कश्ती बाबा लगानी पड़ेगी,लाज तुझे प्रेमियों की बचानी पड़ेगी

❒ श्री रोहिताय शिव मंदिर के तीसरे स्थापना दिवस पर हर्षोल्लास के साथ हुआ श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। कस्बा के पश्चिम स्थित श्री रोहिताय शिव मंदिर परिसर में मंदिर स्थापना के तीन वर्ष पूरे होने पर श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन वृहस्पतिवार को रात्रि 8 बजे से किया गया। पूरी रात सभी श्रद्धालु भक्त खाटू श्याम के सुन्दर भजनों में डुबकी लगाते रहे। इसके अलावा हवन कुंड की अग्नि से अखंड श्याम ज्योति का आविर्भाव हुआ। श्री खाटू श्याम जी का फूलों द्वारा विशेष अलौकिक श्रंगार कर उन्हें छप्पन भोग लगाया गया।

इस अवसर पर बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ फूलों की होली खेल कर गजरा उत्सव भी मनाया गया। भक्तों ने हवन पूजन किया तथा आशीर्वाद लिया।कार्यक्रम में भजन गायक गोपाल गुप्ता ने गणेश वंदना ''जय हो गणेश तेरी जय हो'' गाकर कीर्तन का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने सुन्दर श्रीश्याम भजनों ''पार मेरी कश्ती बाबा लगानी पड़ेगी,लाज तुझे प्रेमियों की बचानी पड़ेगी'' गाकर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

प्रसिद्ध भजन गायक विजय सोनी ने ''साथी हमारा कौन बनेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा''...भजन गाया। उनके भजनों को सुनकर पूरा पंडाल झूम उठा। भजन गायिका रिंकी विश्वकर्मा ने ''श्याम बाबा का सेहरा सुहाना लगता है, भक्तों का दिल दीवाना लगता है''...भजन गाकर श्रोताओं में जान फूंक दी।उनके सुन्दर भजनों से श्रद्धालु इतना सम्मोहित हो गये कि भोर पहर तक उठने का नाम ही नहीं लिया।

भजन गायक आशीष गौड़ ने गाया '' ए भक्तों फूल बरसाओ, बाबा खाटू श्याम आये हैं''... भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन गायक दीपक रस्तोगी ने ''दर्द किसको सुनाऊं कन्हैया, कोई हमदर्द तुमसा नहीं है'' भजन गाकर सबको नाचने पर मजबूर कर दिया। गायक लवकुश कश्यप ने गाया ''श्याम बाबा मेरी नैया को किनारा दे दे''...आदि भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु। इस दौरान आयोजक सेठ सांवरिया श्री खाटू श्याम जी एवं संयोजक श्री श्याम परिवार के नीरज कुमार, सत्यम पोरवाल, अरुण कुमार,शिवम वर्मा व आलोक शर्मा, अमन, राकेश नंद, राजेश नंद,लवी व विशाल नंद सहित जहांगीराबाद व आसपास क्षेत्र के सैकड़ों महिला, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।आयोजकों द्वारा कलाकारों सहित गणमान्य लोगों का श्रीश्याम चुनर डालकर स्वागत व सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम भोर पहर तक चलता रहा।

## सैंकड़ों वर्ष पुरानी बड़ा हनुमान मंदिर की प्रतिमा गिरी, नई प्रतिमा होगी स्थापित



बिसवां, सीतापुर। नगर के महमूदाबाद रोड स्थित प्राचीन बड़ा हनुमान मंदिर में स्थापित सैकड़ों वर्ष पुरानी हनुमान प्रतिमा शुक्रवार को अचानक गिर गई। घटना की जानकारी सुबह होते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष वीरेश मिश्रा ने बताया कि यह प्रतिमा गोबर, मिट्टी, चूना और शहद जैसी पारंपरिक सामग्रियों से दीवार पर निर्मित की गई थी तथा इसे सैकड़ों वर्ष पुराना माना जाता है। उन्होंने बताया कि समय के प्रभाव से प्रतिमा गिर गई है और अब मंदिर में विधि-विधान के साथ नई हनुमान प्रतिमा स्थापित की जाएगी। एहतियात के तौर पर स्थानीय प्रशासन ने मंदिर को फिलहाल कुछ समय के लिए बंद कर दिया है। घटना के बाद नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हैं ।

# खेत बचाओ अभियान के 12वें दिवस किसानों को मृदा, जल एवं जैव विविधता संरक्षण का दिया गया संदेश

❒ स्वस्थ खेत, सुरक्षित भविष्य के संकल्प के साथ गांव-गांव पहुंचा खेत बचाओ अभियान

❒ वैज्ञानिकों ने किसानों को बताया-खेत बचेंगे तभी खेती और किसान दोनों समृद्ध होंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, सीतापुर तथा कृषि विभाग के संयुक्त सहयोग से संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान तथा ''खेत बचाओ अभियान'' के अंतर्गत जनपद सीतापुर के महोली, सिधौली एवं सकरन विकास खंडों के विभिन्न गांवों में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल प्रबंधन, जैव विविधता संवर्धन तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रमों में कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग के अधिकारियों, इफको के प्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर किसानों को खेतों की उर्वरता एवं उत्पादकता बनाए रखने के लिए वैज्ञानिक सुझाव प्रदान किए।

महोली विकास खंड के ग्राम उरदौली एवं भुड़कुड़ा में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के पशु पालन वैज्ञानिक डॉ. आनन्द सिंह एवं प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने किसानों से संवाद किया। कार्यक्रम मे जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्री शिवशंकर जी की विशेष उपस्थिति रही । एसएमएस श्री सतीश कुमार वर्मा, एडीओ (कृषि) श्री हरिओम, एडीओ (पौध संरक्षण) श्री गोपी कृष्ण मिश्र, पूर्व एडीओ (कृषि) श्री नन्द किशोर, एसटीए श्री देवेन्द्र कुमार मिश्रा, तकनीकी सहायक श्री अंकित कुमार, बीटीएम श्री चन्द्रमोहन दीक्षित, एटीएम श्री उपदेश कुमार वर्मा एवं श्री उपदेश सिंह, इफको के एसएफए श्री नीतेश सिंह तथा प्रधान प्रतिनिधि श्री नीरज कुमार उपस्थित रहे। जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्री शिवशंकर ने किसानों को सरकारी योजनाओं एवं कृषि विभाग की विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी तथा कहा कि वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और आय वृद्धि दोनों संभव हैं।

डॉ. आनन्द सिंह ने कहा कि खेत बचाओ अभियान का एक महत्वपूर्ण पक्ष खेतों में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि पशुपालन एवं कृषि का समन्वय खेतों की उर्वरता बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट तथा जैविक अवशेषों का उपयोग मिट्टी की संरचना सुधारने के साथ-साथ उत्पादन लागत को भी कम करता है। उन्होंने किसानों से फसल अवशेष न जलाने तथा उन्हें जैविक खाद निर्माण में उपयोग करने की अपील की।

# हत्या का प्रयास का वांछित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । थाना जलालाबाद पुलिस टीम ने हत्या का प्रयास के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीती 03 मई 2026 को थाना कांट क्षेत्र के गांव खुटरिया निवासी राघवेन्द्र सिंह ने थाना जलालाबाद पुलिस को तहरीर देकर थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव गुनारा निवासी संजय कुमार, ग्राम रूस्तमपुर निवासी नितिन ठाकुर उर्फ कालू और ग्राम फरीदपुर निवासी अमित ठाकुर तथा थाना अल्हागंज क्षेत्र के गांव ठिंगरी निवासी शोभित सिंह के खिलाफ हत्या का प्रयास आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

आरोप था कि उक्त लोगों ने एक राय होकर उस पर जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर किया और मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी संजय कुमार और शोभित सिंह को मौके से तमंचा कारतूस समेत गिरफ्तार किया और विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। इस मामले में अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नितिन ठाकुर उर्फ कालू को खण्डहर रोड पर मण्डी गेट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त नितिन ठाकुर उर्फ कालू पर पूर्व में भी थाना जलालाबाद और थाना अल्हागंज में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त नितिन ठाकुर उर्फ कालू को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जलालाबाद के उपनिरीक्षक पवन कुमार के साथ कांस्टेबल देवव्रत, अतुल शाक्य आदि मौजूद रहे।

# वृद्ध की रुकी पेंशन चालू कराने को डीएम खुद बने सहारा, दफ्तरों में कसा अनुशासन का शिकंजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ विकास भवन की हरियाली पर डीएम ने जताई प्रसन्नता, वरिष्ठ सहायक बृजेश अवस्थी को मिली शाबाशी

लखीमपुर खीरी । विकास भवन के औचक निरीक्षण में डीएम अंजनी कुमार सिंह का संवेदनशील, सख्त प्रशासनिक चेहरा एक साथ देखने को मिला। समाज कल्याण विभाग में निरीक्षण के दौरान शहर के निर्मल नगर निवासी वृद्ध सूरज प्रसाद वर्मा ने कई माह से वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की शिकायत डीएम से की।

मामला गंभीरता से लेते हुए डीएम ने तत्काल संबंधित कर्मचारियों से जानकारी ली। जांच में पता चला कि ई-केवाईसी न होने के कारण पेंशन रुकी हुई थी। इस पर डीएम ने मौके पर ही स्वयं खड़े होकर कनिष्ठ सहायक हेमंत कुमार से वृद्ध की ई-केवाईसी कराई और आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए समस्या का तत्काल समाधान कराया। डीएम की तत्परता से वृद्ध के चेहरे पर राहत और संतोष दिखाई दिया।

निरीक्षण के दौरान विकास भवन परिसर में हरियाली और स्वच्छ वातावरण देखकर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस कार्य के लिए वरिष्ठ सहायक/ स्टेनो सीडीओ बृजेश अवस्थी की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता और हरित वातावरण सकारात्मक कार्य संस्कृति का परिचायक है। मत्स्य विभाग के निरीक्षण में डीएम ने पाया कि एक कनिष्ठ सहायक लखनऊ से लौटकर कार्यालय पहुंचा है। कारण पूछने पर कर्मचारी ने बताया कि आहरण-वितरण संबंधी कार्यों के लिए मंडल स्तर पर जाना पड़ता है। इस पर डीएम ने व्यवस्था को सरल बनाने के लिए जिला स्तर पर ही आहरण-वितरण का चार्ज सक्षम अधिकारी को दिए जाने संबंधी पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम ने पंचायत राज, अर्थ एवं संख्याधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, सहकारिता, लघु सिंचाई, मनरेगा, ग्राम्य विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार, मत्स्य, पशुपालन, आरईएस तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों से उनके कार्य दायित्वों की जानकारी ली और ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था की समीक्षा की। कर्मचारियों ने अपने मोबाइल फोन पर ऑनलाइन अटेंडेंस का विवरण दिखाकर उपस्थिति की पुष्टि की।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी शत-प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऑनलाइन अटेंडेंस में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपस्थिति दर्ज न होने पर वेतन भुगतान प्रभावित होगा।

## प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर शिक्षकों से किया संवाद



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर प्रशासन की ओर से पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज और अटल बिहारी बाजपेई ऑडिटोरियम में शिक्षक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर हुआ। पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 200 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षों के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याणकारी कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, नीलम गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव तथा प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज अनिल कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई ऑडिटोरियम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 400 बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षकों ने सहभागिता की। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विद्यालय स्तर पर छात्रहित में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों पर संवाद एवं परिचर्चा की। कार्यक्रम में जनपद के बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रधानाध्यापकों, प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग करते हुए अपने विचार साझा किए तथा शिक्षा के क्षेत्र में संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की।

## कॉमर्स विभाग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ शुभारंभ




**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इसके उभरते क्षेत्र विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ स्वामी शुकदेवानन्द सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। छात्राओं ने अतिथियों का चन्दन तिलक एवं पुष्प कलिका भेंटकर स्वागत किया। बृजलाली ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर राजेन्द्र सिंह (रज्जु भईया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कॉमर्स विभाग की प्रोफ़ेसर प्रियंका सक्सेना को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। जबकि कुलपति प्रोफ़ेसर पीबी सिंह ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। संगोष्ठी के संयोजक व वाणिज्य संकाय के डा. प्रोफ़ेसर अनुराग अग्रवाल ने विषय स्थापना करते हुए कहा कि कृत्रित बुद्धिमत्ता पर वास्तविक बुद्धिमत्ता का नियंत्रण होना चाहिए, लेकिन आज के युवा प्रत्येक क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर निर्भर होते जा रहे हैं। डॉ. प्रियंका सक्सेना ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्तमान समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि एवं प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों से नवीन तकनीकों को अपनाने और उनके नैतिक उपयोग पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। सत्र की अध्यक्षता करते कुलपति प्रोफ़ेसर पीबी सिंह ने कहा कि व्यावसायिक क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोगिता के देखते हुए विश्वविद्यालय में शीघ्र ही बी.कॉम (एआई) का पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमलेश गौतम ने किया और अंत में धन्यवाद डॉ. देवेन्द्र सिंह ने ज्ञापित किया। उदघाटन सत्र के बाद दो तकनीकी सत्र भी आयोजित किए गए। जिसमें शोधार्थियों द्वारा 34 शोधपत्र प्रस्तुत किए। सेमिनार में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. सचिन खन्ना, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. अखंड प्रताप सिंह, डॉ. अपर्णा त्रिपाठी, डॉ. बरखा सक्सेना, खुशी सक्सेना आदि का विशेष योगदान रहा।

# सेना के अधिकारियों ने प्लान बनाकर पकड़ा 21 साल का फर्जी ब्रिगेडियर

❒ ब्रिगेडियर की वर्दी पहनकर व कार पर स्टार फ्लैग लगाकर बाउंसर के साथ चलता था फर्जी सैन्य अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । ब्रिगेडियर की वर्दी पहनकर व कार पर स्टार फ्लैग लगाकर बाउंसर के साथ 21 साल का युवक फर्जी ब्रिगेडियर बनकर चलता था। शुक्रवार को सेना के अधिकारियों ने प्लान बनाकर उसको पकड़ा। पकड़ा गया युवक थाना रोजा क्षेत्र के दुर्गा इंकलेव का रहने वाला 21 वर्षीय आर्यन वर्मा है। फर्जी ब्रिगेडियर से सेना के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

थाना रोजा क्षेत्र के दुर्गा इंकलेव में रहने वाला 21 वर्षीय आर्यन वर्मा ब्रिगेडियर की फुल ड्रेस पहनकर शाहजहांपुर और आसपास के क्षेत्र में घूमता रहता था। जनवरी को इसकी जानकारी सेना के अधिकारियों तक पहुंची, वो उसका पता लगाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन उसे पकड़ नहीं पा रहे थे। इसी क्रम में अधिकारियों ने उसे जाल में फंसाने के लिए पूरा प्लान बनाया और उसे फोन किया कि कैंट क्षेत्र के शहीद म्यूजियम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सेना की भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को प्रेरणादायक संबोधन देना है। आमंत्रण पर फर्जी ब्रिगेडियर बनकर आर्यन सेना के स्टार और फ्लैग लगी टाटा हैरियर कार से शुक्रवार सुबह शहीद संग्रहालय पहुंचा। जहां सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया। उसके ड्राइवर के पास से भी फर्जी सरकारी आईकार्ड मिला है। साथ में दो बाउंसर भी थे, जिन्हें आर्यन एनएसजी कमांडो बताता था। यह भी कहता था कि उसे स्पेशल सिक्योरिटी मिली हुई है। उसके पास आईकार्ड मिला है, जिस पर ऑर्म्ड फोर्स के मेडिकल कॉलेज के डीन की सील लगी हुई है, जोकि फर्जी बताई जा रही है। वह आर्मी रेजिमेंटल केन लेकर चलता था। उसके पास नकली पिस्टल भी मिली है। पुलिस के अनुसार, आरोपी से सेना पूछताछ कर रही है। आर्मी इंटेलीजेंस भी जांच करेगी। पुलिस को सौंपे जाने पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जाएगी।

# लिलौटी नाथ मंदिर में विकास को नई रफ्तार, सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल से बदल रहा स्वरूप

❒ सीडीओ ने किया निरीक्षण, कार्यों की गुणवत्ता और गति पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । प्रसिद्ध शिव मंदिर लिलौटी नाथ में इन दिनों विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। सीडीओ अभिषेक कुमार की अभिनव पहल और सतत निगरानी के चलते मंदिर परिसर एवं आसपास क्षेत्र तेजी से नए स्वरूप में ढल रहा है।

वर्षों से लंबित बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण कार्य अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में उत्साह है।शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं मौके पर पहुंचकर मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और आगामी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग द्वारा मंदिर मार्ग का चौड़ीकरण एवं पुल निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जिससे आवागमन पहले से अधिक सुगम होगा। वहीं परिसर में लगाए गए नए विद्युत पोल और लाइटों से रात्रिकालीन व्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है। मंदिर परिसर में चल रहा चबूतरा निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। इसके पूरा होने पर परिसर का सौंदर्य और अधिक निखरेगा तथा श्रद्धालुओं के लिए बैठने एवं पूजा-अर्चना की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। वहीं स्टील बेंच लगाने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी। नदी की व्यापक सफाई कर घाट को उसके मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित किया गया है, जिससे क्षेत्र का धार्मिक एवं पर्यटन महत्व और बढ़ गया है। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मंदिर प्रबंधन से संवाद कर विकास कार्यों को समन्वय के साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

## दो वर्षों से हादसे को दावत दे रहा जर्जर बिजली पोल, शिकायतों के बावजूद नहीं जागा विभाग

**हरगांव, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजली विभाग की घोर लापरवाही के चलते दो वर्षों से पोल गिरने की कगार पर खड़ा है लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।विद्युत उपकेंद्र हरगांव के रीछिन फीडर के नेवादा में ग्यारह हजार लाइन का पोल टूटकर नीचे झुक गया है जो किसी भी समय गिरकर बड़े हादसे को अंजाम दे सकता है।लाइन के तार जगह जगह से जुड़े हुए हैं,जो आए दिन टूटकर गिरते रहते हैं।ग्रामीण अमित मिश्रा देवांश मिश्रा विकास मिश्रा शुभांषू आदि ने बताया पोल एक दो वर्ष पहले टूटकर गिर गया था जिसके बाद नया पोल न लगाकर टूटा पोल लगा दिया गया था।पोल धीरे धीरे झुककर गिरने की कगार पर आ पहुंचा है।अवर अभियंता से कई बार पोल बदलवाने के लिए शिकायत की जा चुकी है।शिकायत के बाद भी अवर अभियंता द्वारा टूटे पोल को नहीं बदलवाया गया।ग्रामीणों ने कहा कि कई बार जर्जर तार टूटकर नीचे गिरने से लोगों की जान खतरे में पड़ चुकी है।विद्युत विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार में बैठा है।किसी जनहानि होने के बाद ही विभाग द्वारा पोल बदला जाएगा।इस सम्बन्ध में उपखण्ड अधिकारी अचल मिश्रा को कई बार फोन किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा जिस कारण उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो पायी।

# ग्राम चौपाल में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी, समस्याओं के निस्तारण के दिए गए निर्देश

❒ विकासखण्ड असमोली के ग्राम इटायला माफी में न्याय पंचायत स्तरीय ग्राम चौपाल का आयोजन

❒ चौपाल में विभिन्न विकास कार्यक्रमों एवं संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विकासखण्ड असमोली के ग्राम इटायला माफी में न्याय पंचायत स्तरीय ग्राम चौपाल का आयोजन जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में ग्राम पंचायत इटायला माफी की प्रगति पुस्तिका ग्रामवासियों को पढ़कर सुनाई गई। इसके उपरान्त विभिन्न विकास कार्यक्रमों एवं संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए लाभार्थियों का सत्यापन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डिप्टी सीएमओ डॉ. विश्वास अग्रवाल ने स्वास्थ्य सेवाओं एवं आयुष्मान भारत योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आशा डायरी एवं पुष्टाहार वितरण रजिस्टर का अवलोकन किया गया। आशा कार्यकर्ता द्वारा ग्रामीणों गर्भवती महिलाओं के लिए उपलब्ध पुष्टाहार, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग की ओर से मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह ने पशुओं के टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, देशी गाय पालन तथा बकरी पालन योजनाओं की जानकारी दी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना एवं शादी अनुदान योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। मुख्य विकास अधिकारी ने लखपति दीदी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), विकसित भारत अभियान तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने पर बल दिया। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता, समितियों में खाद की स्थिति तथा उन्नतशील बीजों के संबंध में जानकारी दी। चौपाल के दौरान ग्राम प्रधान भैसोड़ा द्वारा जल निगम से संबंधित समस्या उठाई गई, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक अभियंता, जल निगम को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत के मार्गों एवं नालियों का निरीक्षण करते हुए ग्राम प्रधानों को नियमित सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य कराकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अधिक से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए, ताकि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. विश्वास अग्रवाल, सहायक विकास अधिकारी (असमोली), ग्राम पंचायत अधिकारी तथा रतपुरा, मछियारी, शीडाल माफी, नगला लीडर, सेवापुर, शाहपुर दसर एवं भैसोड़ा के ग्राम प्रधानों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर मारपीट, थाना सिविल लाइन पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई करने का लगा आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। थाना सिविल लाइन पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक पक्ष ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने कथित साठगांठ के चलते उनकी शिकायत को नजर अंदाज कर दूसरे पक्ष के पक्ष में एकतरफा मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच और अपनी शिकायत पर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित राजीव ने तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की सुबह तड़के उनके घर दबंगों ने जोर-जोर से दरवाजा पीटने लगे। आरोप है कि दरवाजा खुलते ही दबंगों ने पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद मामला शांत हुआ। वहीं आरोप है कि विवाद के दौरान दबंगों ने स्वयं अपना सिर दीवार में मारकर खुद को घायल कर लिया और बाद में पुलिस से कथित मिलीभगत कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। पीड़ित का कहना है कि जब वह अपनी शिकायत लेकर सिविल लाइन थाने पहुंचे तो उनकी तहरीर को गंभीरता से नहीं लिया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि थाने में उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें डराया-धमकाया गया और कहा गया कि ''तुझे जेल जाने से कोई नहीं बचा पाएगा।'' इसके बाद, स्थानीय स्तर पर न्याय न मिलने की आशंका के चलते उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जाए, तो पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सकती है। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वही थाना सिविल लाइन प्रभारी हरेंद्र सिंह कहना है कि दूसरे पक्ष की तहरीर पर मुकदमा कायम हो चुका है,और पीड़ित पक्ष का मुकदमा नहीं कायम होगा।

# ग्राम समाज की जमीन पर बनी मस्जिद पर चला बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। गांव चतुरी नगला में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई मस्जिद बृहस्पतिवार को बुलडोजर से ढहा दी गई। पीएसी के साथ तीन सीओ और तीन थानों की फोर्स के कड़े पहरे में दो बुलडोजर से तीन घंटे में भवन ढहा दिया गया। तहसीलदार सदर कोर्ट से बेदखली के लिए दूसरी बार जारी हुए आदेश पर यह कार्रवाई की गई। ककोड़ा मजरा की प्रधान अमरवती ने अपनी पंचायत के गांव चतुरी नगला में अवैध रूप से निर्माण कर मस्जिद बनाकर नमाज पढ़े जाने की लिखित शिकायत की थी। बाद में तहसीलदार सदर कोर्ट में वाद दायर किया गया। इसमें तहसीलदार कोर्ट ने 22 जुलाई 2022 को ग्राम समाज की भूमि पर बेदखली का आदेश सुनाया। कोर्ट ने निर्माण अवैध बताते हुए बिल्डिंग को ध्वस्त करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद तहसीलदार कोर्ट के निर्णय के विरुद्ध आले हसन पुत्र बुद्धी अपील में डीएम कोर्ट में चला गया। डीएम कोर्ट ने दोबारा सुनवाई के आदेश दिए थे। इसके बाद तहसीलदार सदर कोर्ट ने पुनः निर्माण को अवैध करार देते हुए 21 मई 2026 को भवन को तोड़ने के आदेश दिए। तहसीलदार कोर्ट के आदेश के क्रम में तहसील प्रशासन ने एक सप्ताह पहले नोटिस चस्पा कराए थे। तीन नोटिस देने के बाद बृहस्पतिवार को एसडीएम सदर मोहित के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। चतुरी नगला में मस्जिद निर्माण को तहसीलदार कोर्ट से अवैध करार दिया गया था। इसी आधार पर बृहस्पतिवार शाम दो बुलडोजर से अवैध निर्माण तीन घंटे में ढहा दिया गया। -मोहित, एसडीएम सदर

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्राम अखबन्दपुर का किया निरीक्षण

❒ निरीक्षण के दौरान विकास कार्यों का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। आज जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने विकासखण्ड असमोली के ग्राम अखबन्दपुर का निरीक्षण कर विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्र पंचायत, मनरेगा एवं सीएसआर फंड से कराए गए तालाब निर्माण, पौधारोपण तथा गांव में कराए गए टायलीकरण कार्यों का अवलोकन किया। तालाब के कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसे और अधिक आकर्षक एवं सुंदर स्वरूप प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया तथा वहां स्थापित की जा रही एस्ट्रोनॉमी लैब का अवलोकन करते हुए इसके निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पंचायत घर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वहां स्थापित पुस्तकालय का भी अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को पुस्तकालय में गांव का मानचित्र प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।

लिंक रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

पौधारोपण स्थल का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस स्थल को किसी विशेष थीम आधारित वाटिका के रूप में विकसित किया जाए, जिससे इसकी सुंदरता और आकर्षण में वृद्धि हो सके।

आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पंजीकृत बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी असमोली प्रेमपाल सिंह, सहायक खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश सचिव ने अपने साथियों के साथ सांसद आदित्य यादव का केक काटकर मनाया जन्मदिन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आमिर सुल्तानी ने कहा कि हमारे लोकप्रिय और सबसे युवा सांसद आदित्य यादव का जन्मदिन है उनके बदायूं में ना होने पर हम लोगों ने इकट्ठा होकर उनके जन्मदिन को मनाया और सभी ने उनके दीर्घायु की कामना भी की है बताया कि जब से वह बदायूं में आए हैं युवा कार्यकर्ताओं को सम्मान देने और आगे बढ़ाने में कोई कमी नहीं की है उनके द्वारा बनाए जनता दरबार से सभी लोगों को सुविधा प्राप्त हो रही है। प्रदेश सचिव आरिफ फरीदी ने कहा कि आदित्य यादव का बदायूं से सांसद बनने से युवाओं को राजनीति में बल मिला है। इस मौके पर शाहबाज़ हुसैन, इमरोज़ चौधरी, मुख्तार अली,अदनान हुसैन और वसीम मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

## जिले के एक इंस्पेक्टर की कार्यशैली को लेकर विभाग में चर्चाएं

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के एक इंस्पेक्टर की कार्यशैली को लेकर विभाग में चर्चाओं का बाजार गर्म है, सूत्र बताते हैं कि एक बड़े नेता के संरक्षण को लेकर उच्च अधिकारियों का आदेश ना मानना, ऊंची आवाज में बात करना,वहीं पुलिस विभाग मे इस इंस्पेक्टर को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

हमीरपुर में ओवरलोड डंपर से बाल-बाल बचे एआरटीओ, डंपर सीज और चालक गिरफ्तार

## 1 किमी तक पीछा कर डंपर चालक को दबोचा

**हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में शुक्रवार को ओवरलोड डंपर चालक ने एआरटीओ को पीछा करते देख एआरटीओ के वाहन पर कट मारकर भागने का प्रयास किया। इस घटना में एआरटीओ बाल बाल बच गए। हालांकि एआरटीओ ने डंफर का एक किमी तक पीछा कर डंफर को पकड़ लिया।डंपर को चौकी पुलिस के सुपुर्द कर चालक को जेल भेज दिया है। अवैध खनन व ओवरलोड परिवहन के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसको लेकर शुक्रवार को कानपुर -सागर नेशनल हाइवे 34 पर ओवरलोड मौरंग लदे डंपर यूपी 78 जे. टी. 8932 के चालक ने चेकिंग से बचने के लिए मुख्यालय के कुछेछा स्थित राठ तिराहा से यमुना पुल तक खतरनाक तरीके से डंपर को भगाकर कानपुर जनपद की सीमा में भागने का प्रयास कर रहा था। जैसे ही उसने एआरटीओ को पीछा करते देखा तो एआरटीओ के वाहन को कट मार दिया। इस घटना में एआरटीओ प्रवीन कुमार सिंह व उनकी टीम बाल बाल बच गए। उन्होंने डंफर का एक किलोमीटर तक पीछा किया। एआरटीओ ने बताया कि इस दौरान डंपर चालक को यमुना पुल पर पकड़ लिया गया । डंपर को सीज कर कुछेछा चौकी पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। वहीं चालक को हिरासत में लेकर कानूनी कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेजने की कार्यवाही की है।

## निषाद पार्टी की बैठक में युवक का हंगामा, मुकदमा दर्ज

**हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष समेत पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक व्यक्ति पर बैठक के दौरान शुक्रवार को गाली गलौज, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने राठ कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय कुमार निषाद, जिला संरक्षक जयराम निषाद सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि राठ क्षेत्र के ग्राम पथनौड़ी में निषाद पार्टी की बैठक आयोजित की जा रही थी। जिसमें पार्टी के करीब 20 से 25 कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे। आरोप लगाया कि इसी दौरान गांव का नरेश पुत्र झल्ला लोधी वहां पहुंच गया और बैठक में मौजूद लोगों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। उसने निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों तथा पार्टी के जिलाध्यक्ष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की। साथ ही देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। बताया कि उक्त युवक ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए बैठक में मौजूद लोगों को धमकाया और जान से मारने की धमकी दी। युवक के हंगामा करने से बैठक में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कार्यकर्ताओं को बैठक स्थल छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। मामले को लेकर निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष जिला संरक्षक सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कोतवाल अनूप सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस का दायित्व समाज के कमजोर और संवेदनशील वर्गों को भरोसा और सहयोग भी देना है : पुलिस आयुक्त

**नोएडा, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा, देखभाल और उनके अधिकारों के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन अपराजेय के तहत सेक्टर-108 स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को ऐसे बच्चों की जरूरतों को समझने और उनके प्रति अधिक संवेदनशील बनाने था।पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को केवल सुरक्षा ही नहीं, बल्कि समझ, धैर्य और अपनत्व की भी जरूरत होती है। पुलिस का दायित्व सिर्फ कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के कमजोर और संवेदनशील वर्गों को भरोसा और सहयोग देना भी है। ऑपरेशन अपराजेय के माध्यम से ऐसी सहयोग प्रणाली विकसित की जा रही है, जिससे जरूरत पड़ने पर इन बच्चों और उनके परिवारों को समयबद्ध और प्रभावी सहायता मिल सके। पुलिस आयुक्त ने कहा कि इस अभियान की शुरुआत गौतमबुद्ध नगर से की गई है और भविष्य में यह देश के अन्य हिस्सों के लिए भी एक आदर्श मॉडल बन सकता है। आज के समय में नौकरीपेशा माता-पिता अक्सर बच्चों की देखभाल के लिए केयर टेकर पर निर्भर रहते हैं। हालांकि, कुछ मामलों में केयर टेकर की लापरवाही या बच्चों के साथ अनुचित व्यवहार की शिकायतें सामने आती हैं, जो चिंता का विषय है। ऐसे मामलों को रोकने के लिए पुलिस की सक्रिय भूमिका बेहद जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से ऐसे परिवारों की पहचान की जाए, जहां विशेष आवश्यकता वाले बच्चे रहते हैं। उनके साथ नियमित संपर्क बनाए रखा जाए और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत मदद उपलब्ध कराई जाए। साथ ही केयर टेकर का सत्यापन केवल औपचारिक प्रक्रिया न होकर उनके व्यवहार, मानसिक स्थिति और जिम्मेदारी निभाने की क्षमता का भी आकलन किया जाए। कार्यशाला में इस बात पर भी जोर दिया गया कि पुलिसकर्मियों को स्पेशल नीड बच्चों की मनोवैज्ञानिक और व्यवहारिक जरूरतों को समझना होगा। विशेषज्ञों के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे बच्चों और उनके अभिभावकों से बेहतर संवाद स्थापित कर सकें और संवेदनशील पुलिसिंग का उदाहरण पेश कर सकें।इस दौरान एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंसेज (एआईआरएस) की विशेषज्ञ टीम ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

# बिजली बिलो पर 10% ईंधन अधिभार लगाए जाने की घोषणा पर प्रांतीय आह्वान पर व्यापारियों ने किया जमकर विरोध

❒ बिजली बिलो पर 10% ईंधन अधिभार लगाए जाने पर प्रतिनिधि मंडल ने जमकर विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा बिजली बिलो पर 10% ईंधन अधिभार लगाए जाने पर प्रतिनिधि मंडल ने जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू के नेतृत्व में चैयरमेन उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग लखनऊ के नाम संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग अजय कुमार को प्रेषित कर स्थानीय समस्याओं से भी अवगत कराया।

जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा बिजली बिलों पर10% ईंधन अधिभार जून माह से लगाई जाने की घोषणा की गई है जिसकी ईंधन अधिभार लगाने से पूर्व राज्य विद्युत नियामक आयोग से भी अनुमति नहीं ली गई है और तो और हास्यपद स्थिति यह कि मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि ऊर्जा मंत्री को भी इस बात की भनक नहीं लगने दी इससे साफ जाहिर है कि अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं इसका प्रदेश के व्यापारी पुरजोर विरोध करते हैं।

जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लाम्बा ने बताया कि बिजली के औद्योगिक व घरेलू बिलों में पूर्व में ही फिक्स चार्ज लगाए जा रहे है साथ ही वाणिज्य ( एल एम वी -2) बिलों में फिक्स चार्ज व मिनिमम चार्ज दोनों लगाए जा रहे हैं तो फिर क्यों अधिभार लगाया जा रहा है। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश शंखधार ने बताया कि घरेलू, वाणिज्य व औद्योगिक बिलों में 7.5% इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी जोड़ी जा रही है और नियामक आयोग के द्वारा प्रत्येक वर्ष बिजली के उत्पादन व खर्चों की समीक्षा कर आम पब्लिक से सुनवाई करने के बाद बिजली की दरों का पुनः निर्धारण किया जाता है इसलिए बीच सेशन में अनावश्यक रूप से बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने का कोई औचित्य नहीं है। संजीव आहूजा ने बताया कि अचानक की गई बढ़ोतरी से एक गलत परंपरा की शुरुआत होगी तथा इसके प्रभाव से बढ़ाने वाली महंगाई से आम जनता प्रभावित होगी।

अमित वैश्य ने बताया कि अचानक कि गई बढ़ोतरी से उत्तर प्रदेश का उद्योग व व्यापार प्रभावित होगा हमारे यंहा के व्यापार लागत बढ़ने से नष्ट हो जाएगा। सुरेन्द्र कुमार ने आयोग से मांग करते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से ईंधन अधिभार के नाम पर बिजली के बिलों में की जा रही 10% की बढ़ोतरी को समाप्त करने के लिए आदेश जारी किए जाए।प्रतिनिधि मंडल में जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी, संजीव आहूजा,जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लाम्बा, नरेश शंखधार,नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता , नगर उपाध्यक्ष गुड्डू सिसोदिया ,सुरेंद्र नानक,नगर मंत्री दीपक गुप्ता, कुलदीप वैश्य, राजेश कुमार ,राजकुमार यादव,आदि लोग शामिल रहे।

# चोरी के 1.90 लाख रुपये और जेवर सहित आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। बिसौली में बीते मंगलवार को खाटू श्याम कॉलोनी में लाखों रुपये की चोरी होने के मामले का पुलिस ने 36 घंटे में खुलासा करने का दावा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1.90 लाख रुपये और चांदी के आभूषण एवं सिक्के बरामद हुए हैं।

एसपी (ग्रामीण) हृदयेश कठेरिया ने बृहस्पतिवार की शाम पुलिस लाइन में घटना का अनावरण करते हुए बताया कि खाटू श्याम कॉलोनी निवासी व्यापारी विपिन शर्मा मंगलवार दोपहर पत्नी के साथ किसी काम से घर से बाहर गए थे। इसी दौरान चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरु की थी। एसपी (ग्रामीण) हृदयेश कठेरिया ने बृहस्पतिवार की शाम पुलिस लाइन में घटना का अनावरण करते हुए बताया कि खाटू श्याम कॉलोनी निवासी व्यापारी विपिन शर्मा मंगलवार दोपहर पत्नी के साथ किसी काम से घर से बाहर गए थे। इसी दौरान चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरु की थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर गठित टीमों ने जांच के दौरान बृहस्पतिवार को ग्राम खजुरिया के निकट से रवि कुमार सिंह उर्फ सिट्टू (30) निवासी दबतोरी थाना बिसौली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के 1,90,400 रुपये, एक जोड़ी चांदी के कड़े, एक जोड़ी चांदी की पायल और तीन चांदी के सिक्के बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने खाटू श्याम कॉलोनी स्थित मकान का ताला तोड़कर अलमारी से नकदी और जेवर चोरी किए थे। वह करीब 20 हजार रुपये खर्च कर चुका था, 20 हजार रुपये अपने बैंक खाते में जमा कर दिए थे। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पूर्व विधायक राकेश सिंह के प्रयासों से शोभापुर स्केप की खुदाई का कार्य शुरू

❒ पूर्व विधायक राकेश सिंह मिलकर किसानों ने बताई थी आपबीती काम शुरू होने से अब खुशी की लहर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। लंबे अरसे से किसानों के लिए समास्या का सबब बनी शोभापुर स्केप इस बार किसानों के लिए संजीवनी साबित होगी क्योंकि पूर्व विधायक राकेश सिंह के प्रयासों से इसकी खुदाई का रास्ता साफ हो चुका है, जिससे किसानों में खुशी की लहर है।

बता दें कि महराजगंज ब्लाक क्षेत्र के बरहुवां ग्राम पंचायत अंतर्गत पूरे अभिमान सिंह गांव के पास से शोभापुर स्केप निकली हुई है, जिसकी लंबाई तकरीबन साढ़े चार किलोमीटर है,जो बजट के अभाव में झाड़ियों से पटी होने के कारण, जल निकासी की समास्या बनी हुई थी और हजारों बीघे फसल डूब जाती थी जिससे किसानों के सामने संकट उत्पन्न हो जाता था।

इसकी खुदाई को लेकर क्षेत्रीय किसान कई सालों से परेशान थे और पिछले दिनों पूर्व विधायक राकेश सिंह से मिलकर स्केप की सफाई की मांग की थी जिस पर उन्होंने अधिकारियों से बात कर समास्या के निराकरण के निर्देश दिए थे। अब पूर्व विधायक राकेश सिंह के प्रयासों से स्केप की खुदाई का काम शुरू हो गया है जिससे किसानों के चेहरे पर खुशी है, राज्य मंत्री स्वतंत्रत प्रभार दिनेश प्रताप सिंह बड़े भाई गणेश प्रताप सिंह ने अधिशाषी अभियंता सुशील कुमार सिंचाई विभाग की उपस्थिति में नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया।

स्केप की खुदाई से भीरा, मझिगवां, मलिकपुर बरना,पंचम सिंह गोंदरिहा बरहुआं पखनपुर पूरे श्रध्दा शोभापुर पूरे लाखन सिंह सहित दर्जनों गांवों के किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।शीतला बक्श सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपू सिंह, पूर्व रंजीत सिंह, राम प्रताप सिंह, सुशील बाजपेई, राजू, चंद्र शेखर श्री राम सिया राम,जय राम लोधी, सहित अन्य मौजूद रहे।

# देश ने आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी, बुनियादी ढांचा, विदेश नीति तथा जनसेवा के अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की: प्रभारी मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। प्रभारी मंत्री जनपद मंत्री खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग उप्र राकेश सचान की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 वर्षों तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व के 12 वर्ष राष्ट्र विकास, सुशासन और जनकल्याण के एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में देखे जा रहे हैं। इस अवधि में भारत ने आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी, बुनियादी ढाँचा, विदेश नीति तथा जनसेवा के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास'' के मंत्र को अपनाते हुए समावेशी विकास को बढ़ावा दिया गया है। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित, युवाओं के कौशल विकास तथा डिजिटल परिवर्तन को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएँ संचालित की गईं, जिनका लाभ करोड़ों नागरिकों तक पहुँचा है। बीते 12 वर्षों में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए एक विश्वसनीय और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में पहचान बनाई है। आधारभूत संरचना के विस्तार, डिजिटल सेवाओं के प्रसार, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने तथा नवाचार को प्रोत्साहन देने के प्रयासों ने देश को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# गोंडा में डग्गामार वाहनों की भरमार रोक लगाने में अधिकारी नाकाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । डग्गामार वाहनों के चलते हो रही सड़क दुर्घ टनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने डग्गामार वाह नों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया था। लेकिन गोंडा जनपद की सड़कों पर जमकर मुख्य मंत्री के आदेश का पालन होता नहीं दिख रहा है। सड़कों पर प्रतिदिन पुलिस व तहसील प्रशासन की नाक के नीचे सैकड़ों की संख्या में डग्गामार वाहनों का संचालन किया जा रहा है।वहीं डग्गा मार वाहनों के संचालन में यात्रियों की सुरक्षा का भी कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है,जिसके चलते किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जिले के विभिन्न मार्गों पर डग्गामार वाहनों की भरमार देखने को मिल रही है।मुख्य मार्ग हों या फिर ग्रामी ण क्षेत्रों को जाने वाले मार्ग सभी दिन भर डग्गामा र वाहनों को दौड़ते देखा जा रहा है।मार्गों पर डग्गा मारी करते हुए दौड़ रहे मैजिक, मैक्स, ई-रिक्शा, टेंपो आदि में यात्री सुरक्षा मानकों की भी जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।वाहनों पर क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर यात्रा की जा रही है। जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है।वहीं डग्गा मार वाहनों के संचालन के चलते सरकारी राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। रोडवेज बसों को जहां यात्री नहीं मिल रहे तो वहीं परमिट वाहनों की सं ख्या कम हो रही है।यात्रियों का आरोप है कि वाह न स्वामी जबरन किराया भी अधिक वसूल रहे हैं। वहीं विरोध करने पर यात्रियों से बदसलूकी भी की जाती है। कई यात्रियों का कहना है, कि जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की गयी है, लेकिन कार्रवाई शून्य है।

**आरटीओ और पुलिस का प्राप्त है संरक्षणः सूत्र**

सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि अवैध डग्गा मार वाहनों के संचालकों को हरदी थाने का संर क्षण हासिल है,जिसके चलते पुलिस और आरटी ओ सब कुछ देखने के बाद भी अवैध टैंपो, टैक्सी, बस आदि के संचालन पर कोई पाबंदी नहीं लगा रही है।लोगों में पुलिस के प्रति रोष देखने को मिल रहा है।

**दिल्ली-पंजाब तक रवाना होती हैं बसें**

क्षेत्र में डग्गामारी का आलम यह है,कि जनपद से कई अन्य प्रदेशों के लिए बसों का संचालन किया जा रहा है।करनैलगंज कोतवाली गोंडा-लखनऊ मार्ग हुजूरपुर तिराहा के पास से संचालित हो रही इन बसों द्वारा यात्रियों को पंजाब,दिल्ली व मुंबई आदि की यात्रा करवायी जाती है।वहीं इसके एव ज में यात्रियों से मोटी रकम भी वसूली जा रही है।

वही डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने का जिम्मा संभागीय परिवहन विभाग,स्थानीय पुलिस व तह सील प्रशासन पर है। बावजूद सभी जिम्मेदार इन पर कार्रवाई करने के प्रति उदासीन दिख रहे हैं। चारों विभागों को डग्गामार वाहनों को बंद कराना चाहिए,लेकिन शायद ही कभी कोई कार्रवाई की गई हो।कार्रवाई न होने से डग्गामार वाहन चालकों के हौंसले बुलंद है। जब कोई बड़ी घटना घटती है जांच के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति करते हैं।

## बोधि-पथ साप्ताहिक कार्यशाला 15 जून को

बहराइच । जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नन्द ने बताया कि निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग, उ.प्र. के निर्देशानुसार 15 जून 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे मान्टेसरी इण्टर कालेज मेवातीपुरा, बहराइच में ग्रीष्माकालीन बोधि-पथ साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी संजीव श्रीवास्तव, आर.पी.एन. श्रीवास्तव व पंकज श्रीवास्वत को सौंपी गई है। श्री नन्द ने समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्त विहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापकों से अपेक्षा की है कि शैक्षणिक स्टाफ के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## वित्तीय सहायता हेतु दिव्यांगजन व स्वैच्छिक संस्थानों से आमंत्रित किये गये प्रस्ताव

बहराइच । जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि दिव्यांगजनों के हितार्थ शासन द्वारा ''राज्य निधि'' मद अन्तर्गत 08 श्रेणियों में वित्तीय सहायता हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये जाने का प्राविधान किया गया है। प्रदेश के दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं के आयोजन, ऐसे दिव्यांगजन जिनका खेल, ललितकला, संगीत, नृत्य, फिल्म, थियेटर एवं साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हे राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का प्राविधान किया गया है।

इसी प्रकार दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये बेंच मार्क दिव्यांगता (80 प्रतिशत या इससे अधिक) के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण (हाई सपोर्ट नीड इन्स्ट्रूमेन्ट) का क्रय किये जाने, ऐसे दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा-कैंसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हो, उन्हें चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता, दिव्यांगजनों की शिक्षा एवं पुनर्वास से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर सम्बद्ध हितधारकों का उन्मुखीकरण/प्रशिक्षण कार्यक्रम (इन सर्विस प्रोग्राम) हेतु वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का प्राविधान किया गया है।

# शादी वाले घर में पसरा मातम, बेकरी कारोबारी की दर्दनाक मौत, बीस जून को थी छोटे भाई की शादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले से 'हिट एंड रन' का एक बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है।वजीरगंज - अयोध्या रोड पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार बेकरी कारो बारी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घायल कारोबारी की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई,हादसे के बाद परिवार की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं, क्योंकि ठीक आठ दिन बाद यानी बीस जून को मृतक के छोटे भाई की शादी होनी थी।

**हथिनाग मोड़ पर काल बनकर आया वाहन**

पूरी घटना वजीरगंज-अयोध्या मार्ग पर स्थित हथि नाग मोड़ के पास की है।बेकरी कारोबारी शिव कु मार अपनी बाइक से काम निपटाकर घर लौट रहे थे।इसी दौरान हथिनाग मोड़ के पास एक तेज र फ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लि या और मौके से फरार हो गया।राहगीरों और पु लिस की मदद से घायल शिव कुमार को तुरंत जि ला अस्पताल पहुंचाया गया,लेकिन घाव गहरे होने के कारण उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**शादी के घर खुशियां मातम में बदली**

इस हादसे ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दि या है।घर में बीस जून को होने वाली छोटे भाई की शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं।मंगल गीत गाए जा रहे थे लेकिन बड़े भाई शिव कुमार की मौत की खबर जैसे ही घर पहुंची,खुशियों वाले घर में चीख-पुकार मच गई।वही गोंडा में हिट एंड रन का यह एक और गंभीर मामला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हथि नाग मोड़ व वजीरगंज-अयोध्या रोड के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारकर भागने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक 18 जून को

बहराइच । आसन्न मोहर्रम त्योंहार के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से 18 जून 2026 को अपरान्ह 01:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति कमेटी की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

# सीएचसी करनैलगंज में तैनात एन.एच.एम.सीएचओ मंजू दीक्षित की शिकायत मुख्यमंत्री से

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में तैना त एनएचएम,सीएचओ मंजू दीक्षित की शैक्षिक यो ग्यता की शिकायत ग्राम प्रधान बाबूलाल ने सीएम

योगी से की है।चंगेरिया प्रधान बाबूलाल ने आरोप लगाया है कि मंजू दीक्षित पत्नी राधेश्याम दीक्षित, जो वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करनैल गंज में संविदा,एन.एच.एम,सी.एच.ओ के पद पर कार्यरत हैं,उनकी नियुक्ति एवं शैक्षिक अभिलेखों

गड़बड़ी होने की आशंका है इसकी शिकायत ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है।

ग्राम प्रधान बाबूलाल ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि की मंजू दीक्षित के अभिलेखों की जांच और नियुक्ति प्रक्रिया किसी बिंदु पर की गई है उसकी उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच करने की मांग की है वही प्रधान ने आरोप लगाया है कि मंजू दी क्षित की चयन हेतु अपनाई गई प्रक्रिया शासना देशों एवं नियमों के अनुरूप नहीं है।मंजू दीक्षित के द्वारा नियुक्ति के समय प्रस्तुत किए गए समस्त शैक्षिक,तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रमाण-पत्रों की सत्यता संबंधित बोर्ड,विश्वविद्यालय एवं परिष द से सत्यापित कराई जाए। यह जांच कराई जाए कि उनके समस्त प्रमाण-पत्र वास्तविक एवं वैध हैं अथवा किसी प्रकार के फर्जी,कूटरचित अथवा नि यम विरुद्ध तरीके से प्राप्त किए गए हैं।यदि उनकी नियुक्ति नियमों के विपरीत हुई है तत्काल निरस्त

करने की मांग की है और कहा है कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता अथवा धोखाधड़ी सिद्ध होती है,तो उनके विरुद्ध प्रचलित नियमों एवं विधिक प्रावधानों के अंतर्गत विभागीय एवं दण्डा त्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।नियुक्ति की ति थि से अब तक उनके द्वारा प्राप्त किए गए समस्त वेतन एवं अन्य वित्तीय लाभों की वसूली कर राज कोष में जमा कराए जाने की मांग की है।वही इस की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी से लेने की कोशिश की गईं तो उनका मोबाइल फोन नेट वर्क क्षेत्र से बाहर बताया और जानकारी नहीं मिल पाई है।

# पांच मौत के मामले में लापरवाही से वाहन चलाने वाले आरोपी ड्राइवर व कार मालिक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।करनैलगंज कोतवा ली पुलिस ने कार मालिक मोहम्मद शोएब और चालक मोहम्मद आबिद को गिरफ्तार कर न्यायाल य में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरास त में जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों को मालियनपुरवा के पास पावर हाउस करनैलगंज के आगे नहर पुलिया, करनैलगंज चौरी-चौराहा हाईवे मार्ग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद उन्हें गोंडा मुख्यालय स्थित न्यायालय में पेश किया गया,जहां से जेल भेजने के आदेश दिए गए।

**तेज रफ्तार कार हादसे में पांच लोगों की गई जान**

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों पर लापरवाही से वाहन चलाकर लोगों को रौंदने का आरोप है।इस हादसे में गुलशन चौहान,संजय कुमार तिवारी हस न मोहम्मद और मोहम्मद शाकिर उर्फ इम्तियाज की मौके पर या उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वहीं गंभीर रूप से घायल अंशुमान को गोंडा मेडि कल कॉलेज रेफर किया गया था,लेकिन लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी भी मौत हो गई है।

**सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है**

घटना में घायल सभी लोगो कर इलाज चल रहा है घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार जारी है। पुलिस पूरे मामले में घायलों के बयान और अन्य साक्ष्य भी जुटा रही है।बताया जा रहा है कि हादसे के बाद दोनों आरोपी मौके से भागने की कोशिश कर रहे थे।इसी दौरान आक्रोशित लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और उनकी पिटाई कर दी थी।बाद में पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू की।

**पुलिस बोली- दोनों ने ही दिया घटना को अंजाम**

करनैलगंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों ने ही इस घटना को अंजाम दिया था।उनके खिलाफ मुकद मा दर्ज कर लिया गया है।पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है।जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा एगी।

# आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने महाराजा सुहेलदेव सभागार का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नाग पाल ने गुरुवार को आयुक्त कार्यालय परिसर में सौं दर्यीकरण एवं आधुनिकीकरण के उपरांत कार्याल य के वरिष्ठतम वैयक्तिक सहायक रक्षाराम वर्मा ए वं पेशकार मो.हसीब से नव स्वरूप प्राप्त सभागार का उद्घाटन कराया। इस अवसर पर सभागार का नामकरण ''महाराजा सुहेलदेव सभागार'' के रूप में किया गया।उद्घाटन के दौरान आयुक्त ने सभागा र में कराए गए विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया।उन्होंने कहा कि महान राष्ट्रनायक महाराजा सुहेलदेव के नाम पर सभागा र का नामकरण क्षेत्र की गौरवशाली ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने का प्रती क है।यह सभागार प्रशासनिक बैठकों प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण आयोज नों के लिए एक आधुनिक और सुविधाजनक केंद्र के रूप में कार्य करेगा।सौंदर्यीकरण कार्य के अंतर्ग त सभागार में आधुनिक साज-सज्जा उन्नत प्रकाश व्यवस्था आकर्षक आंतरिक सज्जा बेहतर बैठक व्यवस्था तथा आवश्यक तकनीकी सुविधाओं का विकास किया गया है।इससे सभागार की कार्यक्ष मता एवं उपयोगिता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आयुक्त ने कहा कि कार्यालय परिसरों को स्वच्छ सुव्यवस्थित एवं आधुनिक बनाना सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।बेहतर कार्य वातावरण से प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि होती है तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों के निर्वहन में सुविधा मिलती है।उन्हों ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि का र्यालय भवनों एवं परिसरों के रखरखाव स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर निरंतर ध्यान दिया जाए जिससे आमजन एवं कर्मचारियों को बेहतर सुवि धाएं उपलब्ध हो सकें।इस अवसर पर अपर आयु क्त (प्रशासन) मीनू राणा,अपर आयुक्त राजेश कु मार यादव एवं संयुक्त विकास आयुक्त राकेश कु मार पाण्डेय सहित अन्य मंडल स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।सभी ने नव विकसित महाराजा सुहेलदेव सभागार की सराहना करते हुए इसे प्रशासनिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन नानपारा चुनाव में रामनरेश पाण्डेय की जीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामनरेश पाण्डेय | नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष नंदलाल जायसवाल | नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष राहत अली शाह | नवनिर्वाचित महासचिव बंश गोपाल जायसवाल

नानपारा, बहराइच। तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन नानपारा की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर शुक्रवार को मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में पूरी हुई। अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अन्य 18 पदों पर प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। कुल 245 अधिवक्ता मतदाताओं में से 242 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर रामनरेश पाण्डेय ने 138 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी दीप कुमार वर्मा को 92 मत मिले, जबकि मो0 अरशद को 11 मत प्राप्त हुए। एक मत अवैध रहा। महासचिव पद पर बंश गोपाल जायसवाल ने 108 मत हासिल कर विजय प्राप्त की। जैगम हुसैन को 71 और रामनिवास वर्मा को 59 मत मिले। चार मत अवैध घोषित किए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नन्द लाल जायसवाल 174 मतों के साथ विजयी रहे। उन्होंने परशुराम मिश्रा को हराया, जिन्हें 67 मत मिले। एक मत अवैध रहा। कोषाध्यक्ष पद पर राहत अली ने 128 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि घनश्याम वर्मा को 110 मत मिले। चार मत अवैध रहे।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा। चुनाव प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने में चुनाव कार्यकारिणी के अध्यक्ष रामादल वर्मा सहित राम विनोद सिंह, रूप नारायण जायसवाल, सुरेश चंद्र गुप्ता और जगदीश गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली नानपारा पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद रही।

# परसपुर में पुलिस की निष्क्रियता से बढ़ रही चोरी की वारदातें

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले के परसपुर थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरी की वारदातों से व्यापारियों व ग्रामीणों में खौफ है। ज्यादातर मामलों में पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया जो दर्ज हुए उसके अनावरण में अबतक पुलिस ना काम रही है।लोगों के बीच चर्चा है की रात में जाग ते रहिए और अपने घर की हिफाजत करिए वरना चोर अब नगदी और जेवर पर ही हाथ साफ नहीं कर रहे, बल्कि घर का राशन तक चुरा ले जा रहे हैं

डेढ़ माह में चोरों ने दो बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।गुरुवार रात पुरैना के पूरे हिमाचल में घर में घुसे चोर नगदी समेत लाखों रूपयों के सो ने चांदी के जेवरात पार कर दिए।सुबह घर के स मीप बाग में अटैची,बैग व गृहस्थी का सामान बिख रा हुआ पाया गया।गृह स्वामिनी की सूचना पर गां व पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।बीते 19 अप्रैल को प्योली गांव के लकी सिंह के घर से तकरीबन पांच लाख की हुई चोरी की रिपोर्ट पुलि स दर्ज करने तक ही सीमित रही गईं है, बीती रात परसपुर के पुरैना पूरे हिमाचल में सरयू प्रसाद अप ने पूरे परिवार के साथ अपने फूस के बने मड़हे में सो रहे थे।तभी आधी रात के बाद गर्मी से थोड़ा रा हत मिलने पर वह सामने ही मड़हे में सोने चली ग ई। घर का दरवाजा बिना ताला के बाहर बंद था। सुबह पांच बजे महिला जब शौच के लिए उठी तो देखा घर का दरवाजा खुला था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।ननका पत्नी सरयू प्रसाद ने बता या कि चोरों ने दोनों कमरों को खंगाला।एक कमरे से अनाज, तेल व गृहस्थी के सामान व दूसरे कमरे से ट्रंक व बक्से का ताला तोड़ अटैची, बैग उठा ले गए। बताया परदेश में परिवार के संग रह रहे उन की पुत्र वधू व बेटी के काफी गहने व बेचे गए बक री के पचपन सौ रुपए घर में रखे थे,वही फिलहाल सूचना मिलने के बाद परसपुर पुलिस अब पूरे माम ले की जांच कर रही है।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 16 जून को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 16 जून 2026 को अपरान्ह 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

## मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं स्लीपवेल एवं कम्फर्ट ब्रांड की मच्छरमार अगरबत्ती

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नन्दा ने बताया कि बाजारों में मच्छरों को मारने एवं नियंत्रण करने हेतु बिक रहे स्लीपवेल एवं कम्फर्ट ब्रांड की अगरबत्ती जिसमे हरबल, प्राकृतिक, आर्गेनिक तत्व होने की जानकारी दी जाती है जबकि विभिन्न राज्यो के राजकीय प्रयोगशाला तथा भारत सरकार के केन्द्रीय प्रयोगशाला के जॉच में यह तथ्य प्रकाश मे आया है। कि उक्त अगरबत्ती के निर्माण मे अपंजीकृत कीटनाशक विशेष रुप से डाइमेफ्लुथ्रिन एवं मेपरफ्लुथ्रिन का उपयोग हो रहा है। जो कि कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियमावली 1971 की धारा 9 (3) का स्पष्ट रुप से उल्लंघन है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ के दृष्टकोण से डाइमेफ्लुथ्रिन एवं मेपरफ्लुथ्रिन रसायन खतरनाक तथा अत्यन्त जहरीला कीटनाशक रसायन होता है। जिसके लगातार प्रयोग होने से मनुष्य मे फ़ेफड़े, मस्तिष्क, किडनी, पेट व हृदय संबंधी गम्भीर बीमारी होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने आमजनमानस को सुझाव दिया है कि स्लीपवेल एवं कम्फर्ट नाम की अगरबत्ती का मच्छर नियंत्रण करने हेतु उपयोग मे न लाए। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी तथा फुल आस्तीन के वस्त्र का प्रयोग करें। प्रिया नन्दा ने कीटनाशक प्रतिष्ठानों, पेस्ट कंट्रोल आपरेटर्स एवं किराना दुकानों के प्रोपराइटर को निर्देशित किया है कि स्लीपवेल एवं कम्फर्ट ब्राण्ड की अगरबत्ती का क्रय-विक्रय अथवा भण्डारण न करें। औचक निरीक्षण करने पर किसी प्रतिष्ठान में उक्त ब्राण्ड की अगरबत्ती पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियमावली 1971 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध मानते हुए नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर नोमान अली वारसी बने सछास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पित रहे नोमान अली वारसी को समाजवादी छात्र सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।नोमान अली वारसी विगत 17 वर्षों से समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत नगर सचिव के पद से की थी और संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। वह समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश सचिव एवं जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें सम्भल एवं मुरादाबाद जैसे महत्वपूर्ण जनपदों का प्रभारी भी बनाया गया, जहां उन्होंने संगठन को मजबूत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया। पार्टी के अंदर उन्हें सपा सुप्रीमो अखलेश यादव के विश्वासपात्र नेताओं में गिना जाता है। संगठनात्मक क्षमता एवं सक्रियता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जनपद शाहजहांपुर की पुवायां विधानसभा में कैडर निर्माण एवं संगठन विस्तार की जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रभारी नियुक्त किया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर नोमान अली वारसी ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, वह उस पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा को छात्र-युवा वर्ग तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए वह निरंतर कार्य करते रहेंगे।उनके मनोनयन पर पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है तथा उन्हें लगातार बधाइयां प्राप्त हो रही हैं।

# करोड़ों का पुल या भ्रष्टाचार का पुल? निर्माण पूरा होने से पहले दरारों पर उठे बड़े सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। बिजेथुआ महावीरन धाम के पास गोमती नदी पर गुदरा घाट में निर्माणाधीन पुल को लेकर नया विवाद सामने आया है। पुल की नींव में कथित दरार पड़ने की चर्चाओं ने निर्माण की गुणवत्ता और जिम्मेदार एजेंसियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कांग्रेस नेता वरुण मिश्रा ने उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के अधीन चल रहे इस निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और गुणवत्ता मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पुल अभी पूरी तरह तैयार भी नहीं हुआ, तब उसकी नींव पर सवाल क्यों खड़े हो रहे हैं। क्या जनता के टैक्स के करोड़ों रुपये सिर्फ कागजों में मजबूत और जमीन पर कमजोर ढांचों के लिए खर्च किए जा रहे हैं। वरुण मिश्रा ने कहा कि यदि निर्माण में पारदर्शिता और गुणवत्ता का पालन हुआ है तो संबंधित संस्था को तत्काल तकनीकी रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। अन्यथा यह संदेह और गहरा होगा कि कहीं निर्माण में मानकों से समझौता तो नहीं किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच, तकनीकी ऑडिट और दोषी पाए जाने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

जनता के बीच भी यह सवाल उठ रहा है कि क्या पुल बनने से पहले ही जवाबदेही की नींव दरक गई है? यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह सिर्फ निर्माण की नहीं बल्कि करदाताओं के विश्वास के साथ भी बड़ा खिलवाड़ माना जाएगा।

# कॉलोनी का मुख्य गेट जेसीबी से तुड़वाने का आरोप, दबंगई और कब्जे की शिकायत लेकर थाने पहुंचे निवासी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर के बंडा रोड स्थित जगन्नाथपुरम-नरायनपुर कॉलोनी के निवासियों ने कोतवाली पूरनपुर में शिकायत देकर एक व्यक्ति पर कॉलोनी के मुख्य प्रवेश द्वार को जेसीबी से तुड़वाने और विवादित भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया है मामले को लेकर कॉलोनीवासियों में रोष और भय का माहौल बताया जा रहा है शिकायत के अनुसार, कॉलोनी में आवारा पशुओं की रोकथाम एवं निवासियों की सुरक्षा के लिए वर्षों पहले मुख्य द्वार पर एक गेट लगाया गया था आरोप है कि गांव के रामनरेश कुशवाहा द्वारा पूर्व में भी कई बार गेट को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद विवाद समाप्त नहीं हुआ निवासियों का आरोप है कि 9 जून 2026 की शाम संबंधित व्यक्ति और उसके परिजनों ने जेसीबी मशीन की मदद से कॉलोनी के मुख्य गेट और उसके पिलरों को क्षतिग्रस्त करा दिया तथा उन्हें दूसरी ओर हटवा दिया जब कॉलोनी के लोग इसका विरोध करने पहुंचे तो कथित रूप से विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उनके वहां से हटने के बाद संबंधित व्यक्ति ने मौके पर स्लैब डलवाकर कब्जा भी कर लिया कॉलोनीवासियों ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मुख्य द्वार को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है और संबंधित व्यक्ति के व्यवहार से क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर गेट को क्षतिग्रस्त करने, कथित कब्जे और शांति व्यवस्था भंग करने के आरोपों में कानूनी कार्रवाई की मांग की है कॉलोनीवासियों का कहना है कि मुख्य गेट केवल सुरक्षा और जनहित के उद्देश्य से लगाया गया था, लेकिन उसे हटाए जाने से अब कॉलोनी में आवारा पशुओं के प्रवेश और सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं।

## जनपद में नव निर्मित सड़कों की गुणवत्ता जांच के लिये समिति गठित

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि जनपद में नवनिर्मित सड़क मार्गों के निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं के सम्बंध में मामले को गम्भीरता से लेते हुये जांच के आदेश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि सड़क मार्ग निर्माण कार्य की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच सुनिश्चित करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई है। समिति द्वारा प्रकरण के सभी तथ्यों एवं तकनीकी पहलुओं की जांचकर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी।जिलाधिकारी संजय चौहान ने आगे बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने तक सम्बंधित ठेकेदार के किसी भी बकाया भुगतान का निस्तारण न किये जाने का निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिया गया है।जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि जांच समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाये जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को दिए निर्देश, सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, मा. जितिन प्रसाद जी ने आज विकास योजना के अन्तर्गत 2025-26 में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग पीलीभीत द्वारा स्थानीय सांसद निधि से निर्मित 07 बारात घर एवं 02 अन्त्येष्टि स्थल का बटन दबाकर गांधी सभागार में मा0 विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द, मा0 विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा, जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ लोकार्पण किया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों व ग्रामीणों से लाइव होकर बारातघर व अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी ली और ग्रामीणों से वार्ता की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत पिपरिया अगरू, ग्राम पंचायत कैंच, विकासखण्ड बरखेडा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत बढेरा व परेवा अनूप, विकासखण्ड पूरनपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत आनन्दपुर उर्फ भगवन्तापुर, विधिपुर व गजरौला खास एवं विकास खण्ड अमरिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत सिमरिया गौसू व कैमोर में निर्मित बारतघरों व अन्त्येष्टि स्थलों की जानकारी प्राप्त करते हुये अन्य सुविधाओं की आवश्यकता के सम्बन्ध में वार्ता कर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।सिमरिया गौसू के ग्रामीणों द्वारा अत्येष्टि स्थल पर मिट्टी डलवाने व गांव में सड़क निर्माण की मांग की गई। उन्होंने सिमरिया गौसू के प्रधान को निर्देशित किया कि मिट्टी का कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। कैमोर की ग्रामीणों द्वारा गांव में खेलकूद हेतु खेल मैदान बनावाये जाने की मांग की गई। ग्राम पंचायत भगवन्तापुर के ग्रामीणों द्वारा गांव में अस्पताल व खेल मैदान, ग्राम गजरौला खास के ग्रामीणों द्वारा गांव में अस्पताल, इण्टर कालेज व खेल मैदान एवं ग्राम विधिपुर के ग्रामीणों द्वारा गांव में आरओ व लाइब्रेरी की मांग मंत्री जी से की। समस्त ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सांसद निधि से कराये गये कार्यों की सराहना की मा0 मंत्री जी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे बडी प्रसन्नता है कि जो वीडियो कॉन्फ्रेसिंग का प्रयोग किया है, जिसके माध्यम से जिला मुख्यालय से गांव तक सम्पर्क व संवाद किया जा रहा है, इससे समय व धन की बचत होगी। उन्होंने कहा कि हम प्रत्येक गांव जाना चाहते थे यह प्रयोग ईंधन की बचत करेगा। उन्होंने कहा कि अगले 05, 10, 20 साल में युवा पीढ़ी विकसित भारत में अपना उज्ज्वल भविष्य देखेगी। ऐसी योजनाऐं व कार्यक्रम संजोय जा रहे हैं जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते, इन 12 वर्ष में मोबाइल से सामान खरीदा/बेच जा रहा है ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया जा रहा हैं। अगर आस्था की बात की जाये अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण व राष्ट्र के गौरव में धारा 370 कश्मीर में हटाई गई जो केन्द्र सरकार के प्रयास से ही सम्भव हो सकी। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी का यह 12 वर्ष का सबसे बड़ा कार्यकाल है। 12 वर्ष में विकास कार्य हुए हैं और आगे भी कराये जायेगें, आप सभी का सहयोग अवश्य रहे। उन्होंने कहा कि विश्व भर में अशान्ति, युद्ध आपस में लड रहे है, कहीं सरकारें गिरी रही हैं कहीं सरकारें हटाई जा रही है, परन्तु भारत में स्थिर व मजबूत सरकार है जिससे बड़ी बड़ी चुनौतियों से कुशलता पूर्वक निपटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा पीढी ने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, लाइब्रेरी की जरूरत है इन जरूरतों को पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मैं सभी की तरफ से आश्वस्त करता हूँ कि जनपद पीलीभीत को मॉडल लोक सभा बनाने का कार्य किया जायेगा।उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद को झोपडी मुक्त बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है, सभी का पक्के मकान उपलब्ध कराने का कार्य किया जायेगा। गोमती उद्गम कार्ययोजना लायी जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी व योगी सरकार ने जो भी घोषणाऐं की है उन्हें पूरा करने का कार्य किया है।

कार्यक्रम के उपरान्त केन्द्रीय मंत्री द्वारा ग्राम पंचायत वनकटी पहुंचकर चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित चौपाल में उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार की संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी तथा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।इस दौरान ब्लाक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक/सीओ सदर नताशा गोयल, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, उप कृषि निदेशक, अधिशासी अभियन्ता निर्माण विभाग, अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण,जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । केंद्र सरकार के अभूतपूर्व विकास, सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उद्यमियों, अधिवक्ताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट राजेष प्रसाद ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में जनकल्याण, आधारभूत संरचना विकास, डिजिटल सशक्तिकरण, महिला एवं युवा उत्थान तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। इन योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सम्मेलन में उपस्थित उद्यमियों एवं अधिवक्ताओं ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं, सुशासन की पहल तथा नागरिक सेवाओं में आए सकारात्मक बदलावों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की जनहितकारी नीतियों से देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिली है तथा आमजन के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों तथा विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की गई। साथ ही उपस्थित प्रबुद्ध जनों से सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की गई। सम्मेलन का समापन राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता, उद्यमी तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीजीसी राजस्व अजय षर्मा, एडीजीसी अतुल गौड़, एकता जायसवाल, व्यापारी प्रमोद डालमिया, विनोद अग्रवाल, मनोज गुप्ता, दुर्गेष पाण्डेय, सरदार मोहन सिंह, सुधाकर मिश्रा, आलोक षुक्ला, देवेन्द्र पाण्डेय, अनिल मिश्रा, संदीप मिश्रा व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल से चोरी की गई बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। थाना गौरीगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत जिला अस्पताल से तीन दिन पूर्व चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ दो युवकों गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार सौरभ शुक्ला पुत्र जगतपाल शुक्ला निवासी पलटन का पुरवा पहाडगंज थाना गौरीगंज एवं मुकेश शुक्ला पुत्र राजेश शुक्ला निवासी पहाडगंज शुक्लन पुरवा थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया। एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल के बारे में की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि यह मोटरसाइकिल हम दोनों ने मिलकर बीती नौ जून को जिला अस्पताल गौरीगंज से चोरी किये थे और नम्बर प्लेट निकाल कर रास्ते में फेंक दिये थे। इस सम्बंध में थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## चोरी के ट्रैक्टर और अवैध खनन के गंभीर आरोपों से घिरा ग्रामीण, कोतवाली में शिकायत देकर जांच की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम अमरैया कलां निवासी रविन्द्र कुमार ने कोतवाली पूरनपुर में एक लिखित शिकायत देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर चोरी के ट्रैक्टर रखने, अवैध खनन कराने तथा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं शिकायत में मामले की निष्पक्ष जांच कर मुकदमा दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है शिकायतकर्ता का आरोप है कि गांव निवासी सुन्दर लाल कुशवाहा के पास खड़ा ईशर 5150 ट्रैक्टर उसका स्वयं का नहीं था, बल्कि वह मध्य प्रदेश के मुरैना क्षेत्र से चोरी कर लाया गया ट्रैक्टर था आरोप है कि शिकायत और विभागीय जांच की भनक लगने पर ट्रैक्टर को दूसरे स्थान पर हटाकर गांव के ही एक अन्य व्यक्ति के घर खड़ा कर दिया गया, जिससे जांच प्रभावित हो सके प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि उक्त ट्रैक्टर का उपयोग मिट्टी और रेत के अवैध खनन सहित अन्य गैरकानूनी कार्यों में किया जाता रहा है शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी संबंधित व्यक्ति के पास विभिन्न कंपनियों के कई ट्रैक्टर रहे हैं, जिनकी वैधता और स्वामित्व को लेकर सवाल उठते रहे हैं शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि आरोपी का नेटवर्क उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और नेपाल तक फैला हुआ है तथा वह कथित रूप से ट्रैक्टरों की खरीद-फरोख्त और अवैध गतिविधियों से जुड़ा हुआ है शिकायतकर्ता ने मामले की गहन जांच कर कथित ट्रैक्टर माफिया गिरोह का पर्दाफाश करने की मांग की है रविन्द्र कुमार ने कोतवाली पुलिस से प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है फिलहाल पुलिस द्वारा शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है।

## दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाला,पति समेत छह पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने पति,सास-ससुर और ननदों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट तथा जान से मारने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पीड़िता मैनाज बी के अनुसार वर्ष 2020 में उसका निकाह खटीमा निवासी असस पुत्र मुख्तार अहमद के साथ हुआ था शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग 10 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे पीड़िता का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ लगातार गाली-गलौज, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता रहा बेटी के जन्म के बाद प्रताड़ना और बढ़ गई तथा ससुराल पक्ष द्वारा दूसरी शादी की धमकी भी दी जाती रही आरोप है कि 12 मई 2026 को पति सहित अन्य परिजनों ने उसके साथ मारपीट कर गला घोंटने का प्रयास किया और बाद में मासूम पुत्री सहित घर से निकाल दिया पीड़िता ने बताया कि मामले को लेकर समझौता केंद्र में भी शिकायत की गई, लेकिन विपक्षी पक्ष के लोग नोटिस के बावजूद उपस्थित नहीं हुए मामले पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## विदेश भेजने के नाम पर 4 लाख की ठगी का आरोप, कोर्ट के आदेश पर पूरनपुर में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विदेश भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये हड़पने और बाद में मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पूरनपुर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है मामला क्षेत्र के ग्राम गुलड़हा निवासी अजय कुमार की ओर से न्यायालय में दाखिल प्रार्थना पत्र के आधार पर दर्ज हुआ है प्रार्थी अजय कुमार का आरोप है कि उसकी पहचान करीब तीन वर्ष पूर्व मुजफ्फरनगर निवासी अमृत पाल सिंह से हुई थी अमृत पाल सिंह ने पहले स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया और बाद में वर्क परमिट पर इंग्लैंड भेजने का भरोसा दिलाया इसके लिए करीब 22 लाख रुपये खर्च होने की बात कही गई आरोप है कि विदेश भेजने की प्रक्रिया के नाम पर आरोपी ने पासपोर्ट, आधार कार्ड, बैंक दस्तावेज समेत अन्य मूल प्रपत्र अपने पास रख लिए तथा चार लाख रुपये भी प्राप्त कर लिए, जिनमें डेढ़ लाख रुपये ऑनलाइन और ढाई लाख रुपये नगद दिए गए अजय कुमार का कहना है कि विदेश भेजने का आश्वासन मिलने पर उसने अपना व्यापार तक बंद कर दिया, लेकिन जनवरी 2026 में आरोपी ने विदेश भेजने से साफ इंकार कर दिया आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने डेढ़ लाख रुपये के दो चेक दिए, जो बैंक में प्रस्तुत करने पर बाउंस हो गए वहीं शेष राशि और दस्तावेज भी वापस नहीं किए गए प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि 27 अप्रैल 2026 को आरोपी अपने दो साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की विरोध करने पर भविष्य में रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई मामले की शिकायत पुलिस और पुलिस अधीक्षक से किए जाने के बावजूद कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली न्यायालय के आदेश पर थाना पूरनपुर में आरोपी अमृत पाल सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, मारपीट, गाली-गलौज, धमकी और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अमेठी के सात केन्द्रों पर होने वाली प्रवक्ता भर्ती परीक्षा में दो हजार सात सौ इक्यानवे अभ्यर्थी होंगे शामिल

अमेठी । जनपद में आगामी चौदह जून को आयोजित होने वाली प्रवक्ता भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने परीक्षा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुये सभी जिम्मेदारों को स्पष्ट निर्देश दिये कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से कराई जाय। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाय। अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था अनुक्रमांक के अनुसार की जाय। परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी रखने के लिये पुलिस बल, फ्लाइंग स्क्वॉड एवं सीसीटीवी सिस्टम का प्रभावी उपयोग किया जाएगा।

# पालिका अध्यक्ष ने किया लोक कल्याण मेले का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) एवं नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को नगर पालिका कार्यालय परिसर में पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत एक दिवसीय लोक कल्याण मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल रहे। मेले में पीएम स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये तक के ऋण वितरित किए गए। साथ ही समय पर ऋण अदायगी करने वाले 17 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें 15 हजार रुपये ऋण श्रेणी के 5, 25 हजार रुपये श्रेणी के 4 तथा 50 हजार रुपये श्रेणी के 8 लाभार्थी शामिल रहे। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र पथ विक्रेताओं से योजना का लाभ लेने तथा समय से ऋण की किस्त जमा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि गंदानाला सिविल लाइन स्थित वेंडिंग जोन में आवश्यक सुविधाओं के साथ प्रतिबंधमुक्त पथ विक्रय बाजार संचालित किया जा रहा है, इसलिए सभी विक्रेता निर्धारित स्थान पर ही अपनी दुकानें लगाएं और अतिक्रमण से बचें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए परियोजना अधिकारी डूडा संजय सिंह ने पथ विक्रेताओं को विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण आवेदन में सहायता के लिए नगर पालिका में हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना से जोड़ने का आह्वान किया। मेले के दौरान नए ऋण एवं क्रेडिट कार्ड के लिए बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही स्वनिधि से समृद्धि अभियान के तहत पथ विक्रेताओं की प्रोफाइलिंग कर उन्हें आठ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए विक्रेताओं को यूपीआई आईडी एवं क्यूआर कोड के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया तथा क्यूआर कोड उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहां पथ विक्रेताओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम में नगर पालिका के सभासदगण, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रतिनिधि, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य तथा बड़ी संख्या में पथ विक्रेता उपस्थित रहे।

## बिजली कटौती से उबला जनाक्रोश, हिन्दू महासभा ने फूंका बिजली विभाग का पुतला

पीलीभीत।जनपद में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में शुक्रवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं ने गैस चौराहे पर प्रदर्शन कर बिजली विभाग का पुतला फूंककर रोष व्यक्त किया जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के बावजूद शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आम जनता, विद्यार्थियों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो संगठन जनहित में बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा प्रदर्शन के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष संजय मिश्रा सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं ।

## सम्पादकीय

# भाखड़ा का जल स्तर

हमारे नीति-नियंता आमतौर पर तब जागते हैं जब समस्या सिर पर आ जाती है। यदि समय रहते तंत्र, सजगता और सतर्कता से आसन्न संकट को महसूस करते हुए तत्काल रणनीति बनाकर कार्रवाई करता है, तो जन-धन की हानि को टाला जा सकता है। निस्संदेह, भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड यानी बीबीएमबी ने पंजाब और हरियाणा को भाखड़ा जलाशय से ज्यादा पानी निकालने की सलाह दी है। निश्चित रूप से इस सलाह को उत्तर भारत क्षेत्र में पानी के प्रबंधन से जुड़ी बढ़ती मुश्किलों के प्रति एक चेतावनी के रूप में देखी जानी चाहिए। निस्संदेह, यह सलाह रोजमर्रा के परिचालन से जुड़ा मामला भी नहीं है। इसे व्यापक संदर्भों में देखें तो लगातार बढ़ती जलवायु की अनिश्चितता, खेती से जुड़े ऐसे तौर-तरीकों, जिनका दीर्घकालीन उपयोग नहीं किया जा सकता है, के बाबत यह सलाह चेताती है। निश्चित रूप से यह सलाह यह भी बताती है कि पंजाब व हरियाणा में पानी के बेहतर उपयोग को लेकर सहमति न बनने से भी इस तरह की स्थितियां पैदा होती हैं। बांध प्रबंधन से जुड़े सूत्र बताते हैं कि भाखड़ा जलाशय का जलस्तर फिलहाल पिछले साल में इसी अवधि के दौरान के जलस्तर के मुकाबले 21 फीट अधिक है। वहीं दूसरी ओर जलाशय के अधिकतम जलस्तर तक पहुंचने में अब सिर्फ 102 फीट की जगह ही बची है। निश्चित रूप से इस दिशा में समय रहते ही अविलंब कार्रवाई करनी होगी। अन्यथा मानसून के आने के साथ वैकल्पिक उपायों की गुंजाइश भी लगातार कम होती जाती है। जलवायु परिवर्तन के गहरे होते प्रभावों के चलते हिमालयी पर्वत शृंखला में अधिक बर्फ के पिघलने की बढ़ती गति और बारिश के पैटर्न में लगातार आ रहे बदलाव के कारण ही जलाशय के जलस्तर में तेजी से बदलाव आने की आशंका भी बनी रहती है। यही वजह है कि इन तमाम आशंकाओं के मद्देनजर ही अविलंब नीतिगत फैसले लेने की सख्त जरूरत है। यह विडंबना ही है कि यह चुनौती पंजाब में ऐसे समय में आ रही है, जब धान की रोपाई का मौसम चल रहा है। हालांकि, राज्य में सरकार ने पानी के बेहतर इस्तेमाल के मद्देनजर धान की खेती का कैलेंडर एक जून तक के लिये आगे बढ़ा दिया था। यह भी गौरतलब है कि आज भी पंजाब के बड़े इलाकों में खेती काफी हद तक भूजल पर ही निर्भर है। जिस सीमा तक नहरों के नेटवर्क का अधिकतम उपयोग होना चाहिए था, वह अभी भी नहीं हो पा रहा है। निस्संदेह, जब तक सतही पानी का सही तरीके से बंटवारा नहीं होता है तब तक जलाशयों में ज्यादा पानी जमा करके रखना पड़ेगा। जिसके चलते अचानक आने वाले पानी को संभालने के लिये जरूरी बाढ़ बचाव क्षमता कम हो जाती है। हमें वर्ष 2023 में पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ से मिले सबक को नहीं भूलना चाहिए। तब पानी छोड़ने में कथित देरी और जलाशयों के संचालन को लेकर हुए तमाम विवादों ने राजनीतिक कड़वाहट को बढ़ाया ही था। साथ ही सरकार की बाढ़ से निबटने की तैयारियों को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े हुए थे। जब बांध प्रबंधन की बात करते हैं तो इसका मकसद सिर्फ बिजली उत्पादन ही नहीं हो सकता। तब बाढ़ को नियंत्रित करना भी उतना ही जरूरी मकसद होना चाहिए। ऐसे वक्त में हमें जरूरी कामों की प्राथमिकताएं तय करनी होंगी। सिंचाई विभाग को सुनिश्चित करना ही होगा कि नहर का पानी किसानों को समय पर मिले। खासकर उन किसानों को जिनके खेत नहर के अंतिम छोर पर स्थित हैं। इससे हमारी जमीन के ऊपर मौजूद पानी के स्त्रोतों पर निर्भरता ज्यादा बढ़ेगी। साथ ही इन कदमों से जमीन के भीतर के पानी के भंडारों पर दबाव भी कम हो सकेगा। इसके साथ ही, सहयोगी राज्यों के साथ जलाशयों के कामकाज में पारदर्शिता और दूरदर्शिता के साथ तालमेल बैठाना होगा। पानी की भरपूर उपलब्धता से मुश्किल हालात का सामना करने की क्षमता बढ़नी चाहिए, न कि जोखिम को बढ़ावा दिया जाए। आज जलाशयों में जगह खाली करना भविष्य में मौसम से जुड़ी अनिश्चितताओं से निबटने के लिये सबसे अच्छा उपाय साबित हो सकता है।

# बचपन को श्रम नहीं, शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार मिले

**अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन- आईअलओ द्वारा 2002 में शुरू किए गए इस दिवस का उद्देश्य बाल श्रम की भयावहता के प्रति वैश्विक चेतना जगाना और इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देना है। वर्ष 2026 में भी यह दिवस ऐसे समय पर आ रहा है जब दुनिया तकनीकी विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आर्थिक प्रगति के नए आयाम छू रही है, लेकिन दूसरी ओर करोड़ों बच्चे आज भी शिक्षा और बचपन के अधिकार से वंचित हैं। यह विडम्बना मानव सभ्यता के सामने एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। जब हम किसी ढाबे, होटल, चाय की दुकान, कारखाने, गैरेज, ईंट-भट्टे, खेत या ट्रैफिक सिग्नल पर किसी मासूम बच्चे को कठिन श्रम करते देखते हैं, तब अक्सर हमारी संवेदना कुछ क्षणों के लिए जागती है और फिर हम अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि कब तक हम इस पीड़ा को सामान्य मानते रहेंगे? क्या हम उस बचपन की चीख नहीं सुन पा रहे जो अपने अधिकारों से वंचित होकर मजदूरी के अंधेरे में खो रहा है? आज भी विश्व में करोड़ों बच्चे किसी न किसी रूप में बाल श्रम में संलग्न हैं। इनमें से बड़ी संख्या खतरनाक परिस्थितियों में काम करती है, जहां उनका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास बाधित होता है।**

हर वर्ष 12 जून को मनाया जाने वाला बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि मानवता के अंतःकरण को झकझोरने वाला अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि दुनिया का कोई भी बच्चा मजदूर बनने के लिए पैदा नहीं होता। उसके हाथों में औजार, ईंट, बर्तन, हथौड़े, कूड़े की बोरी या कारखानों की मशीनें नहीं, बल्कि किताबें, खिलौने, रंग, सुनहले सपने और संभावनाएं होनी चाहिए। बचपन जीवन का वह स्वर्णिम काल है जिसमें व्यक्ति के व्यक्तित्व, संस्कार, शिक्षा और भविष्य की नींव रखी जाती है। यदि यही काल श्रम, शोषण और अभाव की भट्टी में झोंक दिया जाए तो केवल एक बच्चे का नहीं, पूरे समाज और राष्ट्र का भविष्य अंधकारमय हो जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन- आईअलओ द्वारा 2002 में शुरू किए गए इस दिवस का उद्देश्य बाल श्रम की भयावहता के प्रति वैश्विक चेतना जगाना और इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देना है। वर्ष 2026 में भी यह दिवस ऐसे समय पर आ रहा है जब दुनिया तकनीकी विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आर्थिक प्रगति के नए आयाम छू रही है, लेकिन दूसरी ओर करोड़ों बच्चे आज भी शिक्षा और बचपन के अधिकार से वंचित हैं। यह विडम्बना मानव सभ्यता के सामने एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। जब हम किसी ढाबे, होटल, चाय की दुकान, कारखाने, गैरेज, ईंट-भट्टे, खेत या ट्रैफिक सिग्नल पर किसी मासूम बच्चे को कठिन श्रम करते देखते हैं, तब अक्सर हमारी संवेदना कुछ क्षणों के लिए जागती है और फिर हम अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि कब तक हम इस पीड़ा को सामान्य मानते रहेंगे? क्या हम उस बचपन की चीख नहीं सुन पा रहे जो अपने अधिकारों से वंचित होकर मजदूरी के अंधेरे में खो रहा है? आज भी विश्व में करोड़ों बच्चे किसी न किसी रूप में बाल श्रम में संलग्न हैं। इनमें से बड़ी संख्या खतरनाक परिस्थितियों में काम करती है, जहां उनका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास बाधित होता है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, सामाजिक असमानता, विस्थापन, तस्करी, युद्ध, प्राकृतिक आपदाएं और कमजोर सामाजिक सुरक्षा व्यवस्थाएं बाल श्रम की प्रमुख वजहें हैं। परिवार की आर्थिक विवशताएं बच्चों को स्कूल की बजाय काम की दुनिया में धकेल देती हैं। लेकिन गरीबी का समाधान बच्चों से काम कराना नहीं, बल्कि परिवारों को सम्मानजनक रोजगार और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। बाल श्रम केवल आर्थिक समस्या नहीं है; यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। यह बच्चों से उनका बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, आत्मविश्वास और भविष्य छीन लेता है। जो बच्चा विद्यालय में होना चाहिए, वह यदि कारखाने में है, तो यह केवल उस बच्चे की नहीं, पूरे समाज की विफलता है। बाल श्रम गरीबी का चक्र भी बनाए रखता है, क्योंकि अशिक्षित बच्चा बड़ा होकर कम आय वाले कार्यों तक सीमित रह जाता है और अगली पीढ़ी भी उसी अभाव में जीने को मजबूर होती है। भारत सहित अनेक देशों में बाल श्रम रोकने के लिए कानून बनाए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आईअलओ के कन्वेंशन 138 और कन्वेंशन 182 न्यूनतम कार्य आयु और बाल श्रम के सबसे खतरनाक रूपों पर रोक लगाने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं। भारत में भी बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम तथा शिक्षा का अधिकार कानून मौजूद हैं। लेकिन कानूनों की प्रभावशीलता उनके कठोर और ईमानदार क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। कई बार कानूनी प्रावधान होने के बावजूद बाल श्रम छिपे हुए रूपों में जारी रहता है। आज आवश्यकता केवल कानून बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें सामाजिक आंदोलन का स्वरूप देने की है। बाल श्रम को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जन-जागरण अभियान चलाए जाने चाहिए। विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, मीडिया, उद्योग जगत और नागरिक समाज को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण और महिला अधिकारों को लेकर वैश्विक चेतना विकसित हुई है, उसी प्रकार बाल अधिकारों के लिए भी विश्वव्यापी जनमत तैयार करना होगा। कैसा विरोधाभास है कि हमारा समाज, सरकार और राजनीतिज्ञ बच्चों को देश का भविष्य मानते नहीं थकते लेकिन क्या इस उम्र के लगभग 25 से 30 करोड़ बच्चों से बाल मजदूरी के जरिए उनका बचपन और उनसे पढने का अधिकार छीनने का यह सुनियोजित षड्यंत्र नहीं लगता? मिसाल के तौर पर एक कानून बनाकर हमने बच्चों से उनका बचपन छिनने की कुचेष्टा की है। इस कानून में हमने यदि पारिवारिक कामधंधा या रोजगार है तो 4 से 14 की उम्र के बच्चों से कानूनन काम कराया जा सकता है और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह कैसी विडम्बना है कि जब इस उम्र के बच्चों को स्कूल में होना चाहिए, खानदानी व्यवसाय के नाम पर एक पूरी पीढ़ी को शिक्षा, खेलकूद और सामान्य बाल्य सुलभ व्यवहार से वंचित किया जा रहा है और हम अपनी पीठ थपथपाए जा रहे हैं। बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर हकीकत में हम उन्हें पैसा कमाकर लाने की मशीन बनाकर अंधकार में धकेल रहे हैं।

विशेष रूप से डिजिटल युग में तकनीक का उपयोग बाल श्रम उन्मूलन के लिए किया जा सकता है। प्रत्येक उद्योग और आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शी निगरानी, बाल श्रम शिकायतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल, त्वरित कार्रवाई तंत्र और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणालियां विकसित की जा सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी आपूर्ति श्रृंखला में कहीं भी बाल श्रम का उपयोग न हो। जो कंपनियां ऐसा करती पाई जाएं, उनके विरुद्ध कठोर आर्थिक और कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। बाल श्रम समाप्त करने का सबसे प्रभावी उपाय गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा है। केवल विद्यालय खोल देना पर्याप्त नहीं है; शिक्षा ऐसी हो जो बच्चों को आकर्षित करे, जीवनोपयोगी कौशल दे और उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास करे। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों का विस्तार आवश्यक है। यदि परिवार की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित होगी तो बच्चों को मजदूरी के लिए भेजने की मजबूरी भी कम होगी।

हमें यह भी समझना होगा कि बचपन केवल जीवित रहने का नाम नहीं है; बचपन का अर्थ है सपने देखने की स्वतंत्रता, खेलने का अधिकार, सीखने का अवसर, स्नेहपूर्ण वातावरण और सुरक्षित भविष्य। जिस समाज में बच्चे मुस्कुरा नहीं सकते, वह समाज कभी वास्तविक विकास नहीं कर सकता। आर्थिक विकास की ऊंची इमारतें तब तक अधूरी हैं जब तक उनके नीचे किसी बच्चे का कुचला हुआ बचपन पड़ा हो। महान शिक्षाविद् नेल्सन मंडेला ने कहा था, ्रकिसी समाज की आत्मा को जानने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि वह अपने बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करता है।्ड यदि हम सचमुच विकसित और संवेदनशील समाज बनना चाहते हैं तो हमें अपने बच्चों के प्रति दृष्टिकोण बदलना होगा। उन्हें दया का नहीं, अधिकार का विषय मानना होगा।

आज आवश्यकता है कि सरकारें बाल श्रम के विरुद्ध शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाएं, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करें, तस्करी और बंधुआ श्रम के नेटवर्क को ध्वस्त करें, और हर बच्चे तक शिक्षा एवं सुरक्षा की पहुंच सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक नागरिक यह संकल्प ले कि वह किसी भी रूप में बाल श्रम को बढ़ावा नहीं देगा और जहां भी ऐसी घटना देखेगा, उसके विरुद्ध आवाज उठाएगा। बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस हमें यह संदेश देता है कि बचपन को बचाना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के भविष्य की रक्षा का संकल्प है। यदि हम प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और अवसर प्रदान कर सकें, तो वही बच्चा कल एक सशक्त नागरिक, संवेदनशील मानव और राष्ट्रनिर्माता बनेगा। सच तो यह है कि बचपन को बचाना ही भविष्य को बचाना है। जब दुनिया का हर बच्चा भय और श्रम से मुक्त होकर मुस्कुराएगा, तभी मानव विकास की यात्रा वास्तव में सार्थक कहलाएगी। -ललित गर्ग

# तृण तृण बिखरती तृणमूल

**मृत्युंजय दीक्षित**

जब 4 मई 2026 को बंगाल जनता ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार की विदाई का जनादेश सुनाया तब किसी ने भी सपने नहीं सोचा था कि इस हार के बाद तृणमूल कांग्रेस तृण तृण होकर बिखरने लगेगी। बंगाल विधानसभा में तृणमूल के 80 विधायक जीतकर आए थे जिनमें से पहले 58 विधायक अलग हुए फिर उनकी संख्या बढ़कर 64 हो गई, नेता प्रतिपक्ष भी उन्होंने अपने मन का बना लिया। लोकसभा में 19 सांसदों ने बागी होकर अलग गुट बना लिया है, बागियों की संख्या आगे भी बढ़ सकती है। राज्यसभा सांसदों के त्यागपत्र भी आ रहे हैं। राज्यसभा सांसद सुखेदु शेखर रॉय और सुष्मिता देव तथा प्रकाश चिक बराईक इस्तीफा दे चुके हैं । आश्चर्यजनक रूप से ममता के सबसे करीबी कल्याण बनर्जी भी बगावती तेवर दिखा रहे हैं। जिला और पंचायत स्तर पर भी पार्टी की यही स्थिति है। मात्र एक महीना पहले तक यही सांसद और विधायक ममता दीदी के साथ साए की तरह लगे रहे थे। जैसे ही बंगाल की जनता ने सत्ता बदली इन नेताओं का रुख बदल गया। आज ये नेता जिन विषयों पर ममता और अभिषेक बनर्जी को कोस रहे हैं सत्ता में रहते हुए कभी उन विषयों पर मुंह नहीं खोला, आर.जी. कर और संदेशखाली तक ये लोग मुंह में दही जमाए थे। राजनैतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि इनमें से कई लोग ऐसे भी हैं जिनके ऊपर कोई न कोई केस चल रहा है और सत्ता जाने के बाद ममता दीदी में इनको बचाने का सारथ्य नहीं रहे तो ये भविष्य में किसी जांच और सजा से बचने के लिए ऐसा कर रहे हैं । तृणमूल सांसदों व विधायकों की लगातार बगावत से यह संकेत भी जा रहा है कि क्या ममता दीदी का अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी के प्रति अधिक झुकाव उनकी पार्टी की इस हालत का कारण है। इससे तृणमूल के बागी नेताओं के स्वार्थी चरित्र की भी पोल खुल रही है। दल में तानाशाही इनको तब दिखाई दी जब सत्ता की मलाई छीन गई, यदि अभिषेक बनर्जी की अगुआई में पार्टी जीत गई होती और इनका लूट खसोट का धंधा चलता रहता तो इनकी आज जागी हुई आत्मा सोई पड़ी रहती। आज जो सांसद बगावती तेवर अपना रहे हैं उनमें से दस पहली बार चुनकर आए हैं। ये तृणमूल नेताओं की वो पीढ़ी है जिसे ममता बनर्जी ने बीजेनी के खिलाफ लड़ाई का नया चेहरा बनाकर आगे बढ़ाया था। अब यही लोग अपना भविष्य सुधारने के लिए ममता दीदी के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, क्योंकि ये जानते हैं बंगाल में सत्ता में आई पार्टियाँ कम से कम डेढ़-दो दशक सता में रहती हैं, इस तरह आने वाले 15-20 वर्षों तक इनका कोई भविष्य नहीं होगा। तृणमूल नेताओं के प्रति जनता के गुस्से का आलम ये है कि चुनाव में पार्टी को धूल चटाने के बाद भी उसका मन नहीं भरा है। आए दिन तृणमूल नेताओं की सड़कों पिटाई की जा रही है। तृणमूल नेता जहां भी जाते हैं जनता उन्हें चोर-चोर कहकर पुकारती है और उन पर टमाटर - अंडे फेंकती है। अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी जैसे नेताओ तक पर अंडे टमाटर फेंके जा चुके हैं और पिटाई हो चुकी है। यह भी संभव कि बंगाल की जनता में व्याप्त इस भयंकर आक्रोश से बचने के लिए भी तृणमूल नेता बगावती हो रहे हों। तृणमूल के जिला स्तरीय नामचीन नेता इस्तीफा दे रहे हैं । कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम, चंदन नगर के मेयर राम चक्रवर्ती, बिधान नगर के मेयर कृष्णा चक्रवर्ती और कटवा म्युनिसिपलिटी चेयरमैन कमलकांता चक्रवर्ती ने सौ से अधिक पार्षदों सहित इस्तीफा दे दिया है। राज्यभर से तृणमूल से लगातार इस्तीफों व बगावत के समाचार आ रहे हैं। हुगली, नादिया, मुर्शिदाबाद और उत्तर व दक्षिण -24 परगना जैसे गढ़ों में प्रतिदिन पंचायत सदस्यों के पाला बदलने की ख़बरें आ रही हैं। टीएमसी में बगावत व इस्तीफों के बाद कोलकाता नगर निगम ही भंग कर दिया गया है। बंगाल में यह भी दावा किया जा रहा है कि इनमें से बहुत से लोग जेल जाने से बचने के लिए यह तरीका अपना रहे हैं। अभिषेक बनर्जी के डायमंड हार्बर मॉडल का कुख्यात चेहरा और चुनावों के दौरान अपने आप को पुष्पा कहने वाला फाल्टा विधानसभा चुनाव का उम्मीदवार जहाँगीर खां के जेल जाने से अफरा तफरी का माहौल है। तृणमूल नेताओं के पाप जैसे उतरा रहे हैं। बंगाल पुलिस को संदेशखाली के तालाब से बड़ी मात्रा में हथियार मिले हैं, एक खेत से करोड़ों का कैश और हथियार मिले हैं। बमों व अन्य हथियारों की फैक्ट्रियां मिल रही हैं। हजारों की संख्या में सफ़ेद साड़ियाँ मिली हैं जो तृणमूल ने चार मई के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की विधवाओं को देने के लिए रखी थीं यदि गलती से भी तृणमूल जीत जाती तो यही लोग जो आज इस्तीफा देकर भाग रहे हैं भाजपा कार्यकर्ताओं के नर संहार का नेतृत्व करते।

## सेहत मंत्र

# नींबू को डाइट में शामिल करने पर मिलते हैं बेमिसाल फायदे

विटामिन सी युक्त नींबू का सेवन गर्मी के मौसम में काफी अधिक बढ़ जाता है। इस मौसम में लोग ना सिर्फ सलाद बल्कि नींबू पानी बनाकर भी इसका सेवन करते हैं। चूंकि विटामिन सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, इसलिए हेल्दी रहने के लिए नींबू का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। वैसे नींबू के फायदे सिर्फ यही तक सीमित नहीं है। दिल को बनाए हेल्दी- नींबू हृदय स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना जाता है। शोध से पता चलता है कि विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाने से आपके दिल की बीमारी और स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है। वैसे सिर्फ विटामिन सी ही नहीं, नींबू में पाया जाने वाला फाइबर और प्लांट कंपाउड भी हृदय रोग के खतरे को कम करने में सहायक है। वजन को करें नियंत्रित- हेल्थ एक्सपर्ट मानते हैं कि नींबू का सेवन करने से वजन को नियंत्रित करने में सहायता मिलती है। दरअसल, जब आप नींबू पानी का सेवन करते हैं तो इससे कैलोरी तेजी से बर्न होती है, जिससे वजन भी कम होता है। एनीमिया से करें रक्षा- आज के समय में आयरन की कमी से एनीमिया की समस्या होना बेहद आम है। लेकिन अगर आप नींबू का सेवन करते हैं तो इससे आप एनीमिया से खुद की रक्षा कर सकते हैं। वैसे तो नींबू में कुछ हद तक आयरन पाया जाता है, लेकिन इससे भी ज्यादा इसमें विटामिन सी और साइट्रिक एसिड प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि विटामिन सी और साइट्रिक एसिड शरीर में आयरन के अब्जार्शन में मदद करते हैं। चूंकि नींबू में विटामिन सी और साइट्रिक एसिड दोनों होते हैं, इसलिए वे आपको एनीमिया से बचा सकते हैं।बेहतर पाचन- नींबू लगभग 10 प्रतिशत कार्ब्स से बना होता है, जो ज्यादातर घुलनशील फाइबर और सरल शर्करा के रूप में होता है। नींबू में मुख्य फाइबर पेक्टिन है, जो घुलनशील फाइबर का ही एक रूप है। घुलनशील फाइबर आंत के स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं और शर्करा और स्टार्च के पाचन को धीमा कर सकते हैं। इन प्रभावों के परिणामस्वरूप रक्त शर्करा का स्तर कम हो सकता है।

## धर्म मंत्र

# धार्मिक आस्था का पुरातन केंद्र है काशी विश्वनाथ मंदिर

काशी विश्वनाथ मंदिर का इतिहास अनादि काल से माना जाता है। यहां तक कि कई उपनिषदों में और महाकाव्य 'महाभारत' में इसका वर्णन मिलता है। इसके ज्ञात इतिहास की बात करें तो मोहम्मद गौरी ने 1194 ईस्वी में इस को ध्वस्त करने की नापाक कोशिश की थी। इतना ही नहीं 1447 ईस्वी में जौनपुर के मोहम्मद शाह नामक सुल्तान ने भी इसको तोड़ने की कोशिश की थी, लेकिन इसका महत्त्व और इसका सम्मान कभी कम नहीं हुआ। विडंबना यह है कि जिस शाहजहां को हम ताजमहल जैसी इमारत के निर्माण के लिए जानते हैं, उस शाहजहां ने भी 1632 ईस्वी में शासनादेश द्वारा कशी विश्वनाथ मंदिर को तोड़ने के लिए एक बड़ी सेना भेजी थी। हालांकि तमाम सनातनी इसके विरोध में खड़े हो गए थे और वह सेना काशी विश्वनाथ के मुख्य मंदिर को नहीं तोड़ पाई थी, किंतु काशी के दूसरे तमाम मंदिर मुगल सेना ने ध्वस्त कर दिया था। कालान्तर में शाहजहां को उसकी करनी का फल मिला और उसके अपने ही बेटे औरंगजेब ने उसे बंदी बनाकर रखा। हालाँकि, खुद औरंगजेब मंदिर तोड़ने के कुकर्म से बाज नहीं आया और 1669 ईस्वी में उसने मंदिर तोड़कर ज्ञानवापी मस्जिद बनाने का निर्देश जारी किया। औरंगजेब मुगल शासकों में सर्वाधिक क्रूर शासक की संज्ञा पाता है और वह इसलिए कि मंदिर तोड़ने के बाद उसने हजारों ब्राह्मणों को मुसलमान बनाने का शासनादेश भी पारित किया। जाहिर तौर पर यह ऐसा कृत्य था जिसे सदियों तक सनातन धर्मी सहने को विवश हुए।

## पर्यटन



# मंत्रमुग्ध कर देते हैं उत्तराखण्ड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के प्राकृतिक नजारे

उत्तराखण्ड में लगभग 20 साल के लंबे संघर्ष के बाद गैरसैंण को आखिरकार राजधानी का दर्ज़ा मिल ही गया। गैरसैंण भले उत्तराखण्ड की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनी हो लेकिन इससे निश्चित ही यहां का कायाकल्प हो जायेगा। खूबसूरत प्राकृतिक नजारों से भरपूर गैरसैंण को राजधानी बनाने का आंदोलन भावनात्मक मुद्दा भी था जिसका समाधान आखिरकार हो ही गया। उत्तराखण्ड राज्य के लिए जब से आंदोलन चला था तब से लोगों की यही मांग थी कि गैरसैंण को ही राजधानी बनाया जाये। अभी देहरादून राज्य की राजधानी है लेकिन उसे अस्थायी राजधानी का ही दर्ज़ा प्राप्त है। वैसे देखा जाये तो इसी के साथ ही उत्तराखण्ड देश का ऐसा पांचवां राज्य बन गया है जहां दो राजधानियां हैं। उत्तराखण्ड के चमोली जिले में पड़ने वाले गैरसैंण नाम दो स्थानीय बोलियों के शब्दों से मिलाकर बना है। कुमाऊंनी और गढ़वाली भाषा में गैर का मतलब गहरा स्थान है और सैंण का मतलब मैदानी भूभाग है। इस तरह यदि आप गैर और सैंण को मिला देंगे तो इसका आशय होगा- गहरे में समतल मैदानी क्षेत्र। देहरादून से लगभग 260 किलोमीटर दूर गैरसैंण दुधाटोली पहाड़ी पर स्थित है, जहां पेन्सर की छोटी-छोटी पहाड़ियां हैं और यहीं पर रामगंगा का उद्भव है। पौराणिक कथाओं तथा ग्रन्थों में गैरसैंण को केदार क्षेत्र या केदारखण्ड कहा गया है। सातवीं शताब्दी के आस-पास यहां आये चीनी यात्री ह्वेन त्सांग ने इस क्षेत्र में ब्रह्मपुर नामक राज्य होने का वर्णन किया है। यह क्षेत्र अर्वाचीन काल से ही भारतवर्ष की हिमालयी ऐतिहासिक, आध्यात्मिक व सॉस्कृतिक धरोहर को समेटे हुए है। लोकप्रचलित कथाओं के अनुसार प्रस्तुत इलाके का पहला शासक यक्षराज कुबेर था। कुबेर के पश्चात यहां असुरों का शासन रहा, जिनकी राजधानी वर्तमान उखीमठ में हुआ करती थी। महाभारत के युद्ध के बाद इस क्षेत्र में नाग, कुनिन्दा, किरात और खस जातियों के राजाओं का वर्चस्व भी माना जाता रहा है। ईसा से 2500 वर्ष पूर्व से लेकर सातवीं शताब्दी तक यह क्षेत्र कत्यूरियों के अधीन रहा, तत्पश्चात तेरहवीं शताब्दी से लगभग सन् 1803 तक गढ़वाल के परमार राजवंश के अधीन रहा।

# युवक की संदिग्ध मौत मामले में मुकदमा दर्ज न होने से बढ़ा आक्रोश पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची करणी सेना ने खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेही घाट बाराबंकी। जनपद बाराबंकी के असंद्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिल्हौर गांव में मंगलवार रात एक युवक का शव गांव के बाहर फांसी के फंदे से लटका मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मंगलदीप के रूप में हुई थी। घटना को लेकर परिजनों एवं ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों और परिजनों का आरोप है कि मंगलदीप ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है। मृतक के पिता ने बुधवार को असंद्रा कोतवाली पहुंचकर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की, लेकिन परिजनों का आरोप है कि अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है और न ही किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई की गई है। इसी बात को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है।शुक्रवार को करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अभिनव सिंह पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की।अभिनव सिंह ने कहा कि

**मंगलदीप मामले में पुलिस की शिथिल कार्यशैली शक पैदा कर रही है : अभिनव सिंह**

यदि पुलिस किसी दबाव में कार्य कर रही है तो उसे सार्वजनिक रूप से बताना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पीड़ित परिवार को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए और दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए।प्रदेश अध्यक्ष ने असंद्रा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह से फोन पर वार्ता करते हुए मामले में मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो करणी सेना आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान पहुंचे कथित जांच अधिकारी उपनिरीक्षक महेंद्र सरोज स्पष्ट जबाब नहीं दे सके जिससे मौजूद लोग क्षुब्ध दिखे इस मौके पर जिलाध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, मोनू सरदार, उदय नारायण पाठक, दीपेश पांडेय, विकास मिश्रा, सहित सैकड़ों करणी सेना कार्यकर्ता व ग्रामीण एवं पीड़ित परिजन मौजूद रहे।

# इकलौते बेटे की मौत से उजड़ा परिवार कमरे में फंदे से लटका मिला युवक

## पिता के निधन के बाद बहनों की जिम्मेदारी संभाल रहा था चाँद बाबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसराय थाना क्षेत्र के बरदरी मरकामऊ गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 25 वर्षीय युवक चाँद बाबू का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

मृतक की पहचान चाँद बाबू (25) पुत्र मोहियाद्दीन के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह करीब 9 बजे घर में उसकी वृद्ध दादी और दो छोटी बहनें मौजूद थीं। कमरे के भीतर युवक को फंदे से लटका देख परिजनों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा।

सूचना पर बदोसराय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने जांच के लिए मृतक का मोबाइल फोन भी अपने कब्जे में लिया है।



परिजनों ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व बीमारी के चलते उसके पिता का निधन हो गया था। चाँद बाबू परिवार का इकलौता बेटा था और अपनी दो छोटी बहनों की जिम्मेदारी संभाल रहा था। उसकी मां रोजगार के सिलसिले में लखनऊ में रहती हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक चाँद बाबू मिलनसार और शांत स्वभाव का युवक था। पिता की मृत्यु के बाद वह अक्सर गुमसुम रहने लगा था, लेकिन उसके इस कदम की किसी को उम्मीद नहीं थी। घटना को लेकर गांव में विभिन्न तरह की चर्चाएं हैं, हालांकि मौत के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

बदोसराय थाना के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

### छत से गुजर रही 11 हजार वोल्ट लाइन बनी काल, खेलते समय करंट की चपेट में आई मासूम की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजली विभाग की कथित लापरवाही ने एक परिवार की खुशियां पलभर में उजाड़ दीं। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अगेहरा मजरे बिरौली में शुक्रवार को घर की छत पर खेल रही सात वर्षीय बच्ची की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार, ग्राम अगेहरा निवासी इसरार की सात वर्षीय पुत्री आयात शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे अपने घर की छत पर खेल रही थी। इसी दौरान छज्जे के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में कई घरों के ऊपर और बेहद नजदीक से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, जिससे लंबे समय से हादसे की आशंका बनी हुई थी। कई बार विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को इसकी जानकारी देकर लाइन हटाने या सुरक्षित दूरी पर शिफ्ट करने की मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की इसी लापरवाही की कीमत आज एक मासूम बच्ची को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने मृतक बच्ची के परिवार को उचित मुआवजा देने तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं क्षेत्र में घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों को तत्काल हटाने की भी मांग उठने लगी है।

### खेत बचाओ अभियान, जन जागरूकता

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । किन्हौली ग्राम में सघन खेत बचाओ अभियान के तहत किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में कृषि एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों ने किसानों को मृदा एवं जल संरक्षण संतुलित उर्वरकों के उपयोग जैविक खेती तथा वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी।अपर जिला कृषि अधिकारी देशराज ने खेतों की उर्वरा शक्ति बनाए रखने पर जोर दिया डॉ.दलबीर सिंह ने प्रधानमंत्री खेत तालाब योजना एवं पीएम कुसुम योजना के लाभ बताए।अधिकारियों ने फसल सुरक्षा रोग एवं कीट नियंत्रण तथा गन्ना विभाग की योजनाओं पर भी किसानों को जागरूक किया।कार्यक्रम में कृषि एवं गन्ना विभाग के अधिकारी प्रधान व सैकड़ों किसान शामिल रहे।

### प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक की ग्रामीणों ने की पिटाई, पुलिस ने बचाया

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कुर्सी थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पीट दिया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार युवक अपने मित्र के साथ प्रेमिका से मिलने उसके गांव पहुंचा था। दोनों को साथ देखकर लड़की के परिजनों ने शोर मचा दिया। भागने के प्रयास में युवक ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया और उसकी पिटाई कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को भीड़ से छुड़ाकर थाने पहुंचाया। उमरा चौकी प्रभारी के.पी. वर्मा ने बताया कि मामले में अभी किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगा।

### भाकियू जनशक्ति की मासिक बैठक, सौंपा ज्ञापन,कार्रवाई का आश्वासन, चेतावनी

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । स्थानीय ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक जनशक्ति) की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा मंडल अध्यक्ष शिवकुमार ने की। इस दौरान किसानों और मजदूरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में जर्जर सड़कों की मरम्मत, तालाबों की सफाई, गौशालाओं की व्यवस्था में सुधार, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने तथा विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग शामिल रही।

इसके अलावा ग्राम पंचायत सचिवों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कराने की भी मांग उठाई गई।

खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने संगठन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए सात दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेता शिवकुमार ने कहा कि यदि निर्धारित समयावधि में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन किसानों और मजदूरों के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने प्रशासन से जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने की मांग की।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित शातिर बदमाश गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना गौरीगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत गैगेंस्टर एक्ट में वांछित एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर यूपी गैगेंस्टर एक्ट थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में वांछित परमानन्द यादव पुत्र चन्दिका प्रसाद यादव निवासी ग्राम मिश्रौली थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब बाइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पुलिस द्वारा गिरफ्तार परमानंद यादव एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध थाना गौरीगंज पर हत्या के प्रयास, चोरी, गुण्डा, मारपीट आदि विभिन्न धाराओं में कुल दस अभियोग पंजीकृत हैं।

### पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में स्मृति ईरानी का नाम गायब

अमेठी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद जिले में गड़बड़ियों के आरोप सामने आने लगे हैं। विकास क्षेत्र गौरीगंज की ग्राम पंचायत मेदन मवई में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं कई मृतकों के नाम अब भी सूची में दर्ज होने की शिकायत की गई है।इसके अलावा शाहगढ़ क्षेत्र की पनियार ग्राम पंचायत में 870 से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से गायब होने का मामला भी सामने आया है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेदन मवई के प्रधान प्रतिनिधि तीरथराज मिश्र ने बताया कि स्मृति इरानी का नाम पंचायत मतदाता सूची में शामिल कराने के लिये सभी आवश्यक अभिलेख निर्धारित समय पर बीएलओ को उपलब्ध करा दिये गये थे। इसके बावजूद उनका नाम अंतिम सूची में नहीं जोड़ा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मृतकों के नाम अब भी मतदाता सूची में दर्ज हैं जबकि उनके नाम हटाने सम्बंधी दस्तावेज पहले ही जमा किये जा चुके थे। बताते चलें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने लोकसभा और विधानसभा की मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाया था और उन्होंने बीते लोकसभा चुनाव में मताधिकार भी किया था लेकिन पंचायत चुनाव की सूची में नाम न जुड़ने से जनपद में सियासी माहौल गरम हो गया है।भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने बताया कि स्मृति ईरानी का नाम विधानसभा मतदाता सूची में दर्ज है। पंचायत मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए भी सभी आवश्यक दस्तावेज बीएलओ को दिये गये थे।

# संजय के नाम पर सुभासपा की सहमति, बैठक में अरविंद का एकजुटता संदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं।भवानी पैलेस में आयोजित संगठन समीक्षा बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा की तथा कई नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं।बैठक में जयशंकर पाण्डेय को रामनगर विधानसभा अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं।डॉ.राजभर ने कहा कि मजबूत संगठन के बल पर पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी तथा गठबंधन के तहत रामनगर सीट से संजय तिवारी के लिए टिकट की मांग की जाएगी

।बैठक के बाद राजभर ने ग्राम बेहटा निवासी मरीज छेदू से मुलाकात कर आर्थिक सहायता प्रदान की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

# दौलतपुर पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पद्मश्री किसान रामसरन वर्मा की सराहना

**केले की उन्नत खेती देख हुए प्रभावित, सवा लाख रुपये के चश्मे का भी किया जिक्र**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दौलतपुर गांव पहुंचकर पद्मश्री किसान रामसरन वर्मा के फार्महाउस का दौरा किया। इस दौरान रामसरन वर्मा ने बुके भेंट कर मंत्री का स्वागत किया। फार्महाउस पर मंत्री ने केले की उन्नत खेती का अवलोकन किया और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी ली। उन्होंने खेती और किसानों से जुड़े विभिन्न विषयों पर रामसरन वर्मा से चर्चा की। ''केले की उन्नत खेती देख हुए प्रभावित'' मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि रामसरन वर्मा किसानों को आधुनिक खेती के प्रति प्रेरित कर रहे हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने रामसरन वर्मा की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। ''सवा लाख का चश्मा, जिक्र'' आम खास की उपस्थिति बीच हुई बातचीत के दौरान मंत्री ने रामसरन वर्मा के सवा लाख रुपये कीमत वाले चश्मे का भी जिक्र किया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में एक ऐसे पद्मश्री किसान हैं जो खेती करके और ईमानदारी की कमाई से सवा लाख रुपये का चश्मा पहनते हैं। मंत्री की इस टिप्पणी पर मौजूद लोगों ने भी मुस्कुराते हुए प्रतिक्रिया दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान और कृषि विशेषज्ञ मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा, डॉ. विवेक वर्मा, जैदपुर मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी, संजय वर्मा, नवनीत वर्मा, प्रदीप सारंग सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# कथित चिकित्सीय लापरवाही मामले में विभाग पर लीपापोती के आरोप, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। न्यू सहारा हॉस्पिटल में कथित चिकित्सीय लापरवाही के मामले में कार्रवाई में देरी को लेकर पीड़ित पक्ष ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पीड़िता के पिता ने नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को पुनः प्रार्थना-पत्र देकर दोषी चिकित्सकों एवं संबंधित स्टाफ के विरुद्ध कठोर कानूनी और विभागीय कार्रवाई की मांग की है। साथ ही आरोप लगाया है कि विभागीय जांच प्रभावी कार्रवाई के बजाय मामले को दबाने और लीपापोती करने में लगी हुई है।पीड़िता के पिता अजय पांडेय का कहना है कि उन्होंने पहले भी पूरे साक्ष्यों के साथ शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि विभागीय स्तर पर अस्पताल को बचाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि पीड़िता का इलाज आज भी जारी है और सभी आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य उपलब्ध कराए जा चुके हैं।शिकायत के अनुसार, उनकी पुत्री शालू पांडेय को 2 मार्च को प्रसव के लिए न्यू सहारा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। 5 मार्च को ऑपरेशन के माध्यम से बच्ची का जन्म हुआ और 13 मार्च को छुट्टी दे दी गई। आरोप है कि इसके बाद लगातार पेट दर्द, बुखार और पेशाब में जलन की शिकायत बनी रही। 19 मई को यूरिन के माध्यम से कॉटन (गॉज) का बड़ा टुकड़ा बाहर निकलने के बाद कथित चिकित्सीय लापरवाही का मामला सामने आया।पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि समय रहते यह गॉज बाहर नहीं निकलता तो मरीज की जान को गंभीर खतरा हो सकता था। इसके बावजूद कई सप्ताह बीत जाने पर भी जिम्मेदारों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अजय पांडेय ने नवागत सीएमओ से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वह लोकतांत्रिक एवं विधिसम्मत आंदोलन करेंगे तथा अंतिम विकल्प के रूप में आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाने को विवश होंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रंजन गौतम ने बताया कि निष्पक्ष जांच होगी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की जाएगी।

# ग्राम चौपाल में गिनाईं मोदी की उपलब्धियां, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महमूदाबाद में ग्राम रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां गिनाते हुए अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने 130 से अधिक ग्रामीणों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए।

### 450 जरूरतमंदों तक पहुंचाया भोजन, सेवा का निभाया मानवीय धर्म

सुल्तानपुर। जिले की अग्रणी सामाजिक संस्था राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा गुरुवार को आयोजित साप्ताहिक नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत 450 मरीजों, तीमारदारों, यात्रियों एवं जरूरतमंदों को स्वादिष्ट, गरम एवं ताजा भोजन वितरित किया गया। संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में बृहस्पतिवार देर शाम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 315 मरीजों एवं उनकी देखभाल कर रहे अटेंडरों को नि:शुल्क भोजन की थालियां वितरित की गईं। वहीं रेलवे स्टेशन परिसर में वरिष्ठ टिकट निरीक्षक अनिल कुमार ने यात्रियों एवं जरूरतमंदों को भोजन की थालियां प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संघ के मार्गदर्शक निजाम खान ने बताया कि जनसहयोग एवं विभिन्न जनमाध्यमों के सहयोग से यह पुनीत कार्य प्रत्येक सप्ताह निरंतर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मौसम को ध्यान में रखते हुए भोजन का मेन्यू निर्धारित किया जाता है, जिसमें अरहर की दाल, मौसमी सब्जी, रोटी एवं चावल शामिल किए जाते हैं। संस्था का प्रयास है कि कोई भी जरूरतमंद भूखा न रहे तथा समाज में सेवा, करुणा और भाईचारे की भावना लगातार मजबूत होती रहे। कार्यक्रम में सहयोग करने वालों में प्रमुख रूप से सुहेल सिद्दीकी, सरदार गुरप्रीत सिंह, राशिद खान, हाजी फैज उल्लाह अंसारी, गुलाम रब्बानी खान, सुल्तान महमूद, माता प्रसाद जायसवाल, बैजनाथ प्रजापति सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने एक किलो गांजा के साथ कारोबारी को भेजा जेल

अमेठी । थाना संग्रामपुर पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुये एक किलो अस्सी ग्राम गांजा के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर अजय सिंह पुत्र स्व पारसनाथ निवासी ग्राम पूरे तालुकदार मौजा गोरखापुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

# खेतबचाव अभियान का शुरुआत किसानों को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी ग्राम पंचायत किन्हौली में पंचायत भवन पर सघन खेत बचाओ अभियान अंतर्गत किसानों को जागरूक किया गया इस मौके पर बोलते हुए अपर जिला कृषि अधिकारी बाराबंकी देशराज ने बताया की किसान भाइयों को संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करते हुए मृदा एवं जल संरक्षण करना है जिससे हमारी मृदा की उर्वरा शक्ति बनी रहे सहायक विकास अधिकारी कृषि डॉक्टर दलबीर सिंह ने किसानों को जैविक खेती हरी खाद एवं फसल प्रबंधन पर विस्तृत से जागरूक किया उन्होंने बताया की कृषि विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसमें प्रधानमंत्री खेत तालाब योजना से किसान भाई अनुदानित तालाब खुदवा सकते हैं जिसमें 525 00 अनुदान है पीएम कुसुम योजना से किसान भाई सोलर पंप की स्थापना करा सकते हैं एवं अन्य यंत्रीकरण योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया, सहायक विकास अधिकारी फसल सुरक्षा शिव कुमार ने फसलों में लगने वाले रोग व्याधि पर किसानों को जागरूक किया आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हमारी मिट्टी के स्वास्थ्य को सघन पद्धतियों से मृदा को संरक्षित करते हुए अधिक उत्पादन लेने हेतु किसानों को संबोधित था, गन्ना विभाग से गन्ना पर्यवेक्षक सूर्यनाथ यादव ने गन्ना विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर किसानों को विस्तृत से जानकारी दी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजा सिंह ने किसानों से संतुलित उर्वरकों के प्रयोग करने एवं किसान कल्याण केंद्र से अनुदानित बीज लेने हेतु किसानों से आवाहन किया इस मौके पर पंचायत सहायक निधि तिवारी ने भी किसानों से जैविक खेती करने हेतु अनुरोध किया इस कार्यक्रम में प्राविधिक सहायक कुलदीप दीक्षित प्रदीप कुमार वर्मा खंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार यादव एवं राजेश कुमार द्वितीय सहित 100 से अधिक किसान एवं कृषि विभाग ,गन्ना विभाग से अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला से विश्व कप की तैयारी शुरू करेगा भारत

एजेंसी

धर्मशाला। भारतीय क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से अगले साल होने वाले विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी। इस श्रृंखला में जहां रोहित शर्मा की मैच फिटनेस की परीक्षा होगी, वहीं चोटिल हार्दिक पंड्या के बैकअप के रूप में नीतीश कुमार रेड्डी के प्रदर्शन पर भी कड़ी नजर रहेगी। आईपीएल के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के कारण कुछ मैच नहीं खेल पाने वाले रोहित अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए समय रहते पूरी तरह से फिट हो गए हैं, लेकिन भारतीय टीम और दर्शकों को विराट कोहली की कमी खलेगी जो मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। भारत अक्टूबर-नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप की तैयारी कर रहा है। ऐसे में इस बात पर संदेह बना



हुआ है कि क्या 39 वर्षीय रोहित वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहेंगे या नहीं। भले ही उम्र उनके पक्ष में नहीं हो लेकिन वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में सक्षम रहे हैं। विश्व कप से पहले भारत को लगभग 25 वनडे मैच खेलने हैं, जिससे टीम को खिलाड़ियों और अलग-अलग संयोजन आजमाने का पर्याप्त मौका मिलेगा। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने तीन वनडे श्रृंखला खेली हैं जिनमें से दो में उसे हार का सामना करना पड़ा था। मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ मिलकर वह इस रिकॉर्ड में सुधार करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। गिल और रोहित के पारी की शुरुआत करने की उम्मीद है, जबकि कोहली की अनुपस्थिति में तीसरे नंबर पर ईशान किशन और यशस्वी जायसवाल में से किसी एक को उतारा जा सकता है। टी20 कि भारतीय टीम के नवनियुक्त कप्तान श्रेयस अय्यर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। टीम के नंबर एक विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल मध्य क्रम का हिस्सा हैं और नीतीश कुमार रेड्डी संभवतः उनके बाद छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। रेड्डी की बल्लेबाजी क्षमता पर कभी संदेह नहीं रहा है, लेकिन हार्दिक के बैक-अप के रूप में क्या वह गेंदबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे, यह देखना बाकी है। हार्दिक की तरह रेड्डी को भी चोटों का सामना करना पड़ा है और चयनकर्ता यह देखने के लिए उत्सुक होंगे कि क्या वह अपनी मध्यम गति की गेंदबाजी से 10 ओवर करने में पर्याप्त सक्षम हैं। रेड्डी ने आईपीएल में बल्ले और गेंद दोनों से अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई और उनका लक्ष्य एकदिवसीय क्रिकेट में भी उसी फॉर्म को दोहराना होगा। धर्मशाला की ऊंचाई पर स्थित पिच पर गेंद आमतौर पर अच्छी गति और उछाल के साथ बल्लेबाज तक पहुंचती है।

# आयु धोखाधड़ी पर डब्ल्यूएफआई की कार्रवाई, 500 से अधिक पहलवान प्रतियोगिता से बाहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने उम्र में धोखाधड़ी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंडर-17 राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता से 500 से अधिक पहलवानों को अयोग्य घोषित कर दिया है। आधार आधारित सख्त सत्यापन प्रणाली लागू होने के बाद खिलाड़ियों के दस्तावेजों में बड़े पैमाने पर विसंगतियां सामने आईं। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में छह से आठ जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला वर्गों में करीब 1,200 पहलवानों ने पंजीकरण कराया था। आयु सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र के साथ-साथ खिलाड़ियों से मोबाइल नंबर से जुड़े आधार कार्ड प्रस्तुत करने और आधार ऐप के जरिए ओटीपी प्रमाणीकरण कराने को कहा गया। आधार ऐप में दस्तावेजों में किए गए सभी बदलावों का रिकॉर्ड उपलब्ध रहता है, जिससे जांच और अधिक प्रभावी हो सकी। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड में दर्ज जन्म तिथि तथा जन्म स्थान में बड़े अंतर पाए गए। इसके बाद करीब 500 पहलवानों को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया। इनमें लगभग 300 पुरुष फ्रीस्टाइल, 125 ग्रीको रोमन और करीब 50 महिला पहलवान शामिल हैं। जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए जिनमें आधार और जन्म प्रमाण पत्र की जानकारी मेल नहीं खा रही थी। कई जन्म प्रमाण पत्र खिलाड़ियों के जन्म के वर्षों बाद जारी किए गए थे, जिससे संदेह और गहरा गया। एक मामले में एक पहलवान ने जन्म प्रमाण पत्र में अपनी जन्म तिथि वर्ष 2007 और जन्म स्थान दिल्ली के नरेला क्षेत्र का बताया था, जबकि उसके आधार रिकॉर्ड में जन्म वर्ष 2004 और जन्म स्थान हरियाणा दर्ज था। इस विसंगति के बाद डब्ल्यूएफआई ने संबंधित अस्पताल से भी स्पष्टीकरण मांगा। सख्त जांच के बाद केवल 350 पुरुष फ्रीस्टाइल, 185 महिला और 160 ग्रीको रोमन पहलवानों को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति दी गई। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, 'हम कुश्ती से आयु धोखाधड़ी को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। वास्तविक खिलाड़ियों को तब नुकसान होता है जब अधिक आयु वाले खिलाड़ी आयु वर्ग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं।'' उन्होंने कहा, ''आधार सत्यापन प्रक्रिया ने हमें दस्तावेजों में मौजूद विसंगतियों की पहचान करने में मदद की है और हम भविष्य में होने वाली सभी अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-20 प्रतियोगिताओं में इसे सख्ती से लागू करते रहेंगे।'' महासंघ ने हाल ही में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र पाए जाने पर पांच पहलवानों को निलंबित भी किया था, जिससे स्पष्ट है कि आयु रिकॉर्ड में हेरफ़ेर करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। डब्ल्यूएफआई अधिकारियों के अनुसार यही सत्यापन प्रक्रिया आगामी आयु वर्ग प्रतियोगिताओं में भी लागू की जाएगी। इसमें 14 जून को सोनीपत में होने वाले अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप महिला ट्रायल और 15 जून को लखनऊ में आयोजित पुरुष ट्रायल भी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### तेंदुलकर, कोहली से भी बड़े खिलाड़ी बन सकते हैं सूर्यवंशी: डेल स्टेन की भविष्यवाणी

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीक के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि भारतीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अपने करियर के अंत तक सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली से भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की। इसके बाद उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम में भी शामिल किया गया है। स्टेन ने एसए20 की ओर से पांचवें सत्र से पहले आयोजित बातचीत में कहा, '' सूर्यवंशी अलग ही स्तर के खिलाड़ी हैं। वह अभी कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से बेहतर हैं। वह एक 'बॉय वंडर' हैं और भारतीय क्रिकेट के लिए किसी खजाने की तरह है। उन्होंने आगे कहा, ़सचिन और कोहली जैसे दिग्गजों की बात करें तो यह बच्चा आगे चलकर उनसे भी बड़ा बन सकता है। लेकिन जरूरी है कि उसे सही तरीके से संभाला जाए, क्योंकि बड़ी जिम्मेदारी के साथ बड़ी सावधानी भी जरूरी होती है। अगर उसे ठीक से मैनेज नहीं किया गया तो हम उसे खो भी सकते हैं। स्टेन ने कहा कि सूर्यवंशी की सबसे बड़ी ताकत बेहतरीन गेंदबाजी को भी सहजता से हिट करने की क्षमता है। उन्होंने कहा, वह बेहतरीन बॉल स्ट्राइकर हैं। भारत में अच्छे विकेट और छोटे मैदानों का उसने बहुत अच्छे से फायदा उठाया है। वह एक बहुत ही प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट 699 विकेट लेने वाले स्टेन का मानना है कि सही रणनीति से उन्हें रोका भी जा सकता है। उन्होंने कहा, अगर बल्लेबाज के अंदर थोड़ा डर पैदा किया जाए तो उसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''(कगिसो) रबाडा ने उसके खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की। उसे बाउंसर गेंदों से परखना होगा और वह अभी बहुत युवा है, केवल 14-15 साल का है। अगर आप खेल में थोड़ा 'डर का तत्व'' डाल सकें तो क्रिकेट वास्तव में एक ऐसा खेल है जिसमें यह अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, अगर आप खेल में डर के साथ उतरते हैं, यानी किसी खिलाड़ी से खौफ महसूस करते हैं तो गेंदबाजी करने या बल्लेबाजी करने का डर भी आपको गलत फैसले लेने पर मजबूर कर सकता है। इसलिए उनके खिलाफ शॉर्ट बॉल एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इस 42 साल के पूर्व खिलाड़ी ने इसके साथ ही 37 साल के दिग्गज विराट कोहली की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, कोहली का मानसिक स्तर और लगातार प्रदर्शन करने की भूख उन्हें खास बनाती है। उनमें वही आत्म-प्रेरणा है जो मेरे समय के खिलाड़ियों में भी थी। बदलते टी20 क्रिकेट पर स्टेन ने कहा कि गेंदबाजों को विविधता के साथ-साथ सही समय पर सही गेंद का इस्तेमाल करना सीखना होगा। उन्होंने अफगानिस्तान के गेंदबाज फजलहक फारूकी का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके पास काफी स्किल हैं, लेकिन असली चुनौती यह है कि उन्हें कब और कैसे इस्तेमाल करना है।

### दक्षिण कोरिया की चेक गणराज्य पर जीत में चमके ह्वांग इन-बीओम

गुआडालाजारा (मैक्सिको)। ह्वांग इन-बीओम ने एक गोल किया और एक अन्य गोल में मदद की, जिससे दक्षिण कोरिया ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बृहस्पतिवार की रात को विश्व कप फुटबॉल के दूसरे मैच में चेक गणराज्य को 2-1 से हरा दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और मैदान से बाहर जाते समय दर्शकों ने उनकी हूटिंग की। इसके बाद चेक गणराज्य ने 59वें मिनट में कप्तान लादिस्लाव क्रेजी के हेडर से किए गए शानदार गोल से बढ़त हासिल कर ली। यह गोल पेनल्टी एरिया में एक लंबी थ्रो-इन के बाद हुआ। दक्षिण कोरिया ने 67वें मिनट में बराबरी कर ली, जब ह्वांग ने दो खिलाड़ियों को चकमा देने के लिए शॉट मारने का नाटक किया और गोल दाग दिया। इसके बाद उन्होंने दाहिनी ओर से क्रॉस पास दिया, जिस पर ओह ह्योन-ग्यू ने 80वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। यह मैच ग्वाडालाजारा स्टेडियम में खेला गया जहां सैकड़ों सीट खाली पड़ी थी। स्टार फॉरवर्ड सोन ह्युंग-मिन की अगुवाई में दक्षिण कोरिया ने गेंद पर पूरा नियंत्रण रखा और चेक गणराज्य के गोल पर अधिक शॉट लगाए, जो 2006 के बाद पहली बार विश्व कप में भाग ले रहा है। फीफा रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज कोरियाई टीम को 38वें स्थान की टीम चेक गणराज्य के खिलाफ गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन वे शुरुआती क्षणों में इनका फायदा उठाने में नाकाम रहे।

### अमेरिका की भुगतान सुविधा 'ज़ेल' भारत में शुरू करेगी सेवाएं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की भुगतान सुविधा 'ज़ेल' भारत में अपनी सेवाओं का विस्तार के साथ ही विदेशी बाजार में प्रवेश करेगी। कंपनी ने जारी बयान में कहा कि भारत में सेवाओं के इस वर्ष के अंत से पहले शुरू होने की उम्मीद है। 'ज़ेल' भुगतान सेवा भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई) के समान है। दोनों के बीच एक प्रमुख अंतर यह है कि जहां यूपीआई का विकास नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने किया है और यह मोबाइल ऐप के जरिये लेनदेन की सुविधा देता है, वहीं 'ज़ेल' सहभागी बैंकों के मोबाइल ऐप में एकीकृत होता है। ज़ेल नेटवर्क का संचालन करने वाली अर्ली वार्निंग सर्विसेज एलएलसी अमेरिका के सात प्रमुख वित्तीय संस्थानों- बैंक ऑफ अमेरिका, कैपिटल वन, जेपीमॉर्गन चेस, पीएनसी बैंक, ट्रुइस्ट, यूएस बैंक और वेल्स फार्गो के स्वामित्व में है। कंपनी ने कहा, '' दुनिया में सबसे अधिक धन प्रेषण प्राप्त करने वाले देश के रूप में भारत एक स्वाभाविक शुरुआत है। साथ ही उन लाखों अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है जो नियमित रूप से यहां पैसा भेजते हैं। कंपनी ने 'ज़ेल यूएसडी' नामक अपनी अमेरिकी डॉलर समर्थित स्थिर मुद्रा भी पेश की। अर्ली वार्निंग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैमरन फाउलर ने कहा, '' 'ज़ेल', अमेरिका में सबसे बड़े और परिवर्तनकारी भुगतान नेटवर्क में से एक बन गया है क्योंकि यह तेज, नवाचारी एवं भरोसेमंद भुगतान की उपभोक्ता मांग को पूरा करता है। हम मानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय भुगतान भी इसी तरह के मोड़ पर हैं और हम इस मांग को पूरा करने के लिए विस्तार कर रहे हैं।

### हेक्सागन न्यूट्रिशन का शेयर अपने निर्गम मूल्य से सात प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नयी दिल्ली।** हेक्सागन न्यूट्रिशन लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 45 रुपये के मुकाबले सात प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 48 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 6.66 प्रतिशत अधिक है। इसके बाद यह 11.97 प्रतिशत चढ़कर 50.39 रुपये तक पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने 48.25 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो 7.22 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 619.38 करोड़ रुपये रहा। हेक्सागन न्यूट्रिशन लिमिटेड के 139 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गत मंगलवार को बोली के अंतिम दिन 53.68 गुना अभिदान मिला था।

# मशहूर निशानेबाज और कोच जसपाल राणा का 49 वर्ष की उम्र में असमय निधन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के सर्वश्रेष्ठ पिस्टल निशानेबाजों में से एक और मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले जसपाल राणा का दिल से संबंधित बीमारी के कारण शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे। राणा के परिवार में उनकी पत्नी रीना राणा, बेटी देवांशी, बेटा युवराज, पिता नारायण सिंह राणा और उनकी बहन सुषमा सिंह और छोटा भाई सुभाष राणा शामिल हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव के अनुसार राणा ने देर रात को दिल्ली के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। सूत्रों ने बताया कि दिल की बीमारी से जुड़ी जटिलताओं के कारण उनका निधन हुआ। उनके असमय निधन



से खेल जगत सदमे में है। अस्पताल सूत्रों ने बताया, ''सीने में दर्द होने के बाद जसपाल राणा को एक जून को साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी धमनियों में रुकावट पाई गई। शुक्रवार तड़के उनका निधन हो गया। राणा हाल में जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप से भारतीय दल की वापसी की उड़ान के दौरान बीमार पड़ गए थे और उन्हें एक चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ा था। नयी दिल्ली में उतरते ही उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया और उन्हें स्टेंट डाले गए थे। सूत्रों के अनुसार शुरुआती रिपोर्टों में उनकी हालत स्थिर बताई गई थी, लेकिन बाद में बिगड़ गई।

राणा भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के लिए 'हाई परफार्मेंस कोच' के रूप में कार्यरत थे। अपने मुखर स्वभाव, बेबाक टिप्पणी करने और खेल के प्रति जुनून के कारण भारतीय निशानेबाजी जगत में विद्रोही माने जाने वाले इस पूर्व निशानेबाज में असाधारण प्रतिभा थी और उन्होंने महज 12 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्तर का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था। 1994 के राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीतना उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बड़ी सफलता थी। दरअसल एशियाई खेलों का उनका स्वर्ण पदक राजा रणधीर सिंह के 1978 में सोने का तमगा जीतने के 16 साल बाद भारत का पहला स्वर्ण पदक था। रणधीर सिंह का हाल ही में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों से जूझने के बाद निधन हो गया था। एक निशानेबाज के रूप में राणा के करियर का सबसे बड़ा क्षण 2006 के दोहा एशियाई खेलों में आया जब उन्होंने तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता, जिसमें उस समय के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करना भी शामिल था। एक उत्कृष्ट निशानेबाज के रूप में शानदार करियर के बाद राणा जूनियर राष्ट्रीय टीम के कोच और 'हाई परफॉर्मेंस कोच' के रूप में अपनी भूमिकाओं से भारतीय निशानेबाजी में बदलाव लेकर आए।

### बेंगलुरु में तीन सितंबर से शुरू होगा ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र

नयी दिल्ली। ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) का चौथा सत्र तीन सितंबर से बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। लीग आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। टेक महिंद्रा और शतरंज की वैश्विक संचालक फिडे की संयुक्त पहल के रूप में शुरू हुई ग्लोबल शतरंज लीग ने शतरंज के पारंपरिक प्रारूप में कई नए बदलाव किए हैं। इसमें फ्रेंचाइजी आधारित टीमें, मिश्रित (पुरुष और महिला) टीम संयोजन तथा तेज गति वाले मुकाबलों का प्रारूप शामिल है। चौथे सत्र में भी दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी टीम आधारित प्रारूप में खिताब के लिए मुकाबला करते नजर आएंगे। ग्लोबल शतरंज लीग के आयुक्त गौरव रक्षित ने कहा, 'ग्लोबल शतरंज लीग की स्थापना शतरंज को वास्तव में एक वैश्विक दर्शक खेल बनाने के उद्देश्य से की गई थी। चौथे सत्र का बेंगलुरु में आयोजन लीग के साथ-साथ खेल के विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षण है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन: सिंधु सेमीफाइनल में, तान्वी का सफर समाप्त

एजेंसी

सिडनी। ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सिंधु ने चीनी ताइपे की चेन सू यू को एकतरफा अंदाज में 21-6, 21-9 से हराया। पूरे मुकाबले में सिंधु ने शुरुआत से अंत तक दबदबा बनाए रखा और प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। हाल के महीनों में यह सिंधु की सबसे प्रभावशाली जीतों में से एक रही। अब सेमीफाइनल में सिंधु का मुकाबला जापान की शीर्ष वरीय खिलाड़ी अकाने यामागुची से होगा। दूसरी ओर भारत की




युवा खिलाड़ी तान्वी शर्मा का शानदार अभियान क्वार्टरफाइनल में समाप्त हो गया। यामागुची ने तान्वी को 21-14, 21-14 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। पूर्व विश्व चैंपियन यामागुची ने अपने अनुभव और लगातार सटीक खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबले की शुरुआत से नियंत्रण बनाए रखा। तान्वी ने कई अच्छे रैलियां खेलीं, लेकिन यामागुची की मजबूत रक्षा और निरंतरता के सामने वह बढ़त नहीं बना सकीं। हालांकि हार के बावजूद तान्वी का क्वार्टरफाइनल तक पहुंचना भारतीय बैडमिंटन के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। युवा खिलाड़ी ने टूर्नामेंट के दौरान कई शानदार जीत दर्ज कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। सिंधु के लिए यह इस सत्र में खेले गए आठ बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टूर्नामेंट में केवल दूसरा सेमीफाइनल है। इससे पहले प्री-क्वार्टरफाइनल में उन्हें भारतीय खिलाड़ी ईशरानी बरुआ के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन क्वार्टरफाइनल में उन्होंने पूरी तरह अलग अंदाज में जीत दर्ज की।

# नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के खिलाफ दिवाला याचिका खारिज

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (ईटीएसएल) की नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के खिलाफ दायर दिवाला याचिका को खारिज कर दिया। न्यायाधिकरण ने पाया कि सेवा गुणवत्ता, अनुबंधीय दायित्वों और भुगतान कटौती को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद जारी है। एनसीएलटी की इलाहाबाद पीठ ने दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा-9 के तहत एनएमआरसी के खिलाफ कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने की ईटीएसएल की याचिका को अस्वीकार कर दिया। ईटीएसएल ने 15 जनवरी 2016 को एनएमआरसी के साथ हुए 'बस ऑपरेटर' समझौते से जुड़े लगभग 7.09 करोड़ रुपये के परिचालन बकाये का दावा करते हुए न्यायाधिकरण का रुख किया था। समझौते के अनुसार, ईटीएसएल को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और दोनों के बीच संपर्क मार्गों पर 100 लो-फ्लोर एसी सीएनजी बसों का संचालन करना था, लेकिन 100 के बजाय केवल 50 बसें ही सेवा में लगाई गईं। ईटीएसएल ने शेष 50 बसों के संचालन के लिए एनएमआरसी से संपर्क किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। समझौते के अनुसार, एनएमआरसी को बिल प्राप्त होने के एक सप्ताह के भीतर 50 प्रतिशत भुगतान और अगले 15 दिन में शेष भुगतान करना था। समझौते में यह भी प्रावधान था कि भुगतान में देरी होने पर एनएमआरसी को प्रतिदिन नौ प्रतिशत की चक्रवृद्धि ब्याज दर से भुगतान करना होगा। ईटीएसएल ने आरोप लगाया कि उसने 25 अप्रैल 2019 से 16 मार्च 2020 के बीच 'बिल' दिए लेकिन कोई भुगतान नहीं मिला। इसके बाद उसने आईबीसी की धारा-8 के तहत नोटिस जारी किया और चूक (डिफॉल्ट) का दावा करते हुए परिचालन ऋणदाता के रूप में याचिका दायर की।

# टाटा मोटर्स एक जुलाई से यात्री वाहनों की कीमतों में करेगी 1.5 फीसदी का इजाफा




एजेंसी

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स लिमिटेड ने इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सहित अपने यात्री वाहनों की कीमतों में एक जुलाई से 1.5 फीसदी तक इजाफा करने का ऐलान किया है। टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को शेयर बाजार को नियामक फाइलिंग में बताया, ''यह मूल्य संशोधन कच्चे माल की बढ़ती लागत और महंगाई के निरंतर दबाव के प्रभावों को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए किया जा रहा है। कीमतों में यह बदलाव मॉडल और वेरिएंट के हिसाब से अलग-अलग होगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स इन लागत वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा स्वयं वहन कर रही है, लेकिन इसका कुछ प्रभाव इस मूल्य समायोजन के जरिये ग्राहकों पर डाला जा रहा है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में वृद्धि विभिन्न मॉडल और संस्करणों के लिए अलग-अलग होगी। नई कीमतें 01 जुलाई 2026 से लागू होंगी।

# सोने के भाव में लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में जबरदस्त गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई कमजोरी के कारण चेन्नई के अलावा देश के दूसरे सर्राफा बाजार में सोना आज 2,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। वहीं, चेन्नई में सोने के भाव में 3,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,270 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। सोना के विपरीत चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,45,630 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोना आज 1,33,490



रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,34,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,45,780 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,45,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,45,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,47,270 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,34,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,45,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,45,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,45,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विकसित भारत की मजबूत नींव के स्वर्णिम वर्ष : जेपी नड्डा

एजेंसी




शिमला । केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री तथा भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अवधि केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि विकसित भारत की मजबूत आधारशिला रखने वाले परिवर्तनकारी वर्षों का प्रतीक है। भाजपा द्वारा आयोजित ह्व12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण केङ्क अभियान के तहत शुक्रवार को शिमला में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की दिशा और संस्कृति दोनों को बदला है। उन्होंने कहा कि पहले राजनीति जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार तक सीमित थी, लेकिन मोदी सरकार ने राजनीति को सेवा, सुशासन और जवाबदेही का माध्यम बनाया है।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने कई ऐतिहासिक निर्णय देखे हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाना और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करना ऐसे फैसले हैं, जिन्होंने देश की दिशा और दशा बदलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विकास और जनकल्याण की नीतियों के कारण भाजपा को लगातार तीसरी बार जनता का समर्थन मिला है। देश के अधिकांश नागरिक आज भाजपा और एनडीए शासित राज्यों में निवास कर रहे हैं, जो सरकार की नीतियों पर जनता के विश्वास को दर्शाता है।

हिमाचल प्रदेश का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान की है। बिलासपुर में एम्स की स्थापना, चंबा, हमीरपुर और नाहन में मेडिकल कॉलेजों का निर्माण तथा राष्ट्रीय राजमार्गों और सड़क परियोजनाओं के विस्तार से प्रदेश की तस्वीर बदली है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हिमाचल में 14,400 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़क नेटवर्क विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हिमाचल में सभी घरों तक पेयजल सुविधा पहुंचाई गई है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से लगभग डेढ़ लाख परिवारों को गैस कनेक्शन मिले हैं, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना से एक लाख से अधिक परिवार लाभान्वित हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश में लगभग दो लाख शौचालयों का निर्माण किया गया है। नड्डा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य, रक्षा, तकनीक और अंतरिक्ष के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। चंद्रयान-3 की सफलता, सेमीकंडक्टर निर्माण, डिजिटल इंडिया, वंदे भारत ट्रेनों और आधुनिक परिवहन नेटवर्क ने भारत को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मविश्वास के साथ विश्व मंच पर अपनी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य कर रहा है।

# अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा में आधुनिक तकनीक का होगा व्यापक उपयोग, अमित शाह ने तैयारियों की समीक्षा की

एजेंसी




नई दिल्ली । केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यात्रा के सुचारु संचालन के लिए व्यापक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं की सर्वोच्च सुरक्षा और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गृहमंत्री शाह ने यहां उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि यात्रा मार्ग पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से बहुस्तरीय एवं अभेद्य सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए ड्रोन, सीसीटीवी निगरानी, सर्विलांस सिस्टम तथा अन्य आधुनिक तकनीकों के व्यापक उपयोग पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यात्रा के दौरान विभिन्न केंद्रीय बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शिविर स्थलों तथा यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करें। साथ ही श्रद्धालुओं के पंजीकरण, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं, संचार व्यवस्था और आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों और पशुओं के पंजीकरण पर भी विशेष बल दिया गया। निर्देश दिए गए कि संबंधित व्यक्तियों को क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र जारी किए जाएं तथा यात्रा में उपयोग किए जाने वाले पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर लगाए जाएं।

गृह मंत्री ने अधिकारियों को मौसम की स्थिति और पूर्वानुमान के आधार पर ही श्रद्धालुओं के जत्थों को आगे बढ़ाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा मार्ग के अलावा जम्मू-कश्मीर के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालु और पर्यटक सुरक्षित वातावरण में यात्रा और पर्यटन का आनंद ले सकें। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख, सीआरपीएफ के महानिदेशक तथा गृह मंत्रालय, सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष आयोजित होने वाली अमरनाथ यात्रा में देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं, जिसके मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाते हैं।

# पेज एक का शेष

## हर शहर ...

रहा परिवर्तन मुख्यमंत्री योगी ने 2017 के पहले और इससे बाद के उत्तर प्रदेश का फर्क समझाया। कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में परिवर्तन दिख रहा है और 9 वर्ष में यह परिवर्तन डबल इंजन सरकार ने किया है। 2017 से पहले टूटी सड़कें, नदारद बिजली, असुरक्षा, अराजकता व अव्यवस्था के वातावरण में नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा था, तब उत्तर प्रदेश में निवेश की बात दिवास्वप्न थी। 2017 के बाद का उत्तर प्रदेश विश्वस्तरीय रोड, एयर कनेक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यूपी के पास हाईवे, एक्सप्रेसवे समेत 4 लाख किमी का रोड नेटवर्क है। इंटर स्टेट कनेक्टिविटी सबसे बेहतरीन है। 9 वर्ष पहले जो यूपी बदहाल सड़कों के लिए जाना जाता था, आज उसने एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में पहचान बनाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में प्रयागराज कुंभ के दौरान सरकार ने कैबिनेट में गंगा एक्सप्रेसवे की घोषणा की थी। मेरठ से प्रयागराज के बीच देश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेसवे पर यात्रा करने वालों को आश्चर्य होता है कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां कभी सड़क व गड्ढे में अंतर का पता नहीं लगता था। पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गोरखपुर लिंक, दिल्ली-मेरठ 12 लेन एक्सप्रेसवे और शीघ्र ही लोकार्पित होने वाला लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे नए यूपी की नई पहचान बने हैं।

अब यूपी में 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट

मुख्यमंत्री ने यूपी की बेहतर एयर कनेक्विटी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रयागराज में 11 महीने में एयरपोर्ट बनकर तैयार हुआ। जेवर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन गया है। कभी त्रेतायुग में भगवान श्रीराम पुष्पक विमान से अयोध्या आए थे, लेकिन इसके बाद अयोध्यावासियों को कभी वायुसेवा प्राप्त नहीं हुई। अयोध्या हजारों वर्ष तक उपेक्षित और आजादी के बाद भी अपमानित रही। आज वहां महर्षि वाल्मीकि को समर्पित एयरपोर्ट संचालित हो रहा है। उप्र में लखनऊ, अयोध्या, काशी, कुशीनगर व नोएडा समेत 5 इंटरनेशनल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं। नोएडा एयरपोर्ट यात्रियों के साथ ही कार्गो-एमआरओ हब के रूप में खुद को स्थापित करने जा रहा है।

17 नगर निगमों में 700 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के 20 में से यूपी के 7 शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। 17 नगर निगमों में 700 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें संचालित कर रहे हैं। नोएडा में सरकार आज यह सुविधा प्रारंभ कर रही है। पहले इलेक्ट्रिक बसें बाहर से मंगानी पड़ती थीं, लेकिन अब टाटा मोटर्स और अशोक लीलैंड हिंदुजा ग्रुप ने लखनऊ में इलेक्ट्रिक बस के दो-दो मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित कर यह सुविधा देनी प्रारंभ की है।

यीडा में 3 हाइड्रोजन बसों का भी होगा संचालन

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से यमुना अथॉरिटी में तीन अन्य हाइड्रोजन बसें भी संचालित करने जा रहे हैं। यीडा को ये बसें एनटीपीसी ने उपलब्ध कराई हैं। इनमें ग्राउंड या सरफ़ेस वाटर नहीं, बल्कि सीवर वाटर का इस्तेमाल कर हाइड्रोजन का निर्माण होगा। ग्रीन हाइड्रोजन मोबिलिटी अभिनव अवधारणा बन चुकी है। इन बसों का संचालन भी जेवर एयरपोर्ट के पास करेंगे। वायु प्रदूषण को कम करने, जहरीले वातावरण से बच्चों, बुजुर्गों, बीमारों को बचाने में इनकी बड़ी भूमिका होगी।

नेट जीरो लक्ष्य के प्रति समर्पित सरकार

मुख्यमंत्रीने कहा कि प्रदेश सरकार ने नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विश्व बैंक की मदद से 2741 करोड़ रुपये से उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट (यूपी कैंप) प्रारंभ किया है। नगरीय क्षेत्रों में 9 वर्ष पहले हैलोजन बल्ब जलते थे, बहुत ऊर्जा की आवश्यकता पड़ती थी और उससे आकर्षित होकर कीड़े-मकोड़े जलते थे, जिससे बदबू आती थी। 2017 में सरकार ने 15 लाख से अधिक एलईडी स्ट्रीट लाइट्स लगाईं। इससे ऊर्जा की बचत हुई और कार्बन उत्सर्जन भी कम हुआ। सीएम ने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवाओं के संचालन में बेरोजगार नौजवानों को प्राथमिकता देने की बात कही।

कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

## आस्था...

अपेक्षित सम्मान नहीं मिला। उन्होंने स्मरण कराया कि सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री ने वहां जाने से इनकार कर दिया था और राष्ट्रपति को भी कार्यक्रम में शामिल होने से रोका गया था। इसके विपरीत आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है और आज देश का प्रत्येक नागरिक नए भारत का हिस्सा होने पर गर्व महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक योजनाएं बनती रहीं, लेकिन उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पहली बार योजनाओं को जन आंदोलन का स्वरूप मिला। जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों बैंक खाते खोले गए, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ शौचालय बने, 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्के मकान मिले और आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्राप्त हुआ। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और मुद्रा योजना जैसी पहलों ने देश को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री की योजनाओं का सर्वाधिक लाभ मिला है। राज्य में 65 लाख गरीबों को आवास, तीन करोड़ परिवारों को शौचालय, लगभग दो करोड़ परिवारों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन तथा 15 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिला। कोविड काल में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया गया। गरीब अब केवल वोट बैंक नहीं रहा, बल्कि विकास प्रक्रिया का केंद्र बन चुका है। महिला सशक्तीकरण पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', मातृ वंदन योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ने महिलाओं को नई पहचान दी है। उत्तर प्रदेश में भी बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, बैग, पुस्तकें और स्वेटर उपलब्ध कराए गए। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से बेटियों के जीवन को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने का कार्य किया गया। मिशन शक्ति अभियान और पुलिस बल में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण ने महिलाओं को सुरक्षा व अवसर प्रदान किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद और सीमा पार से मिलने वाली चुनौतियों का निर्णायक जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल और एयर स्ट्राइक जैसी कार्रवाइयों ने स्पष्ट कर दिया कि यदि कोई भारत की सुरक्षा व संप्रभुता को चुनौती देगा तो उसे उसके घर में घुसकर जवाब दिया जाएगा। इससे देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई और सैनिकों का मनोबल भी बढ़ा। प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ नेतृत्व और प्रभावी रणनीति का परिणाम है कि देश नक्सलवाद मुक्त भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले सीमा पार से होने वाले हमलों और आतंकवादी घटनाओं पर देश की प्रतिक्रिया सीमित रहती थी। यूपीए शासनकाल में दुश्मन देश भारतीय सैनिकों के सिर काटकर ले गया था, लेकिन सरकार मौन रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की परिस्थितियों और वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत ने अपने नागरिकों को ऊर्जा संकट से बचाए रखा। जब अमेरिका सहित अनेक देशों में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई और महंगाई ने आम लोगों को प्रभावित किया, तब भी भारत ने ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की तथा महंगाई को नियंत्रित रखने में सफलता प्राप्त की।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, एनडीए के सहयोगी अपना दल के नेता एवं मंत्री आशीष पटेल, सुहेलदेव राजभर पार्टी के नेता एवं मंत्री ओम प्रकाश राजभर, निषाद राज पार्टी के नेता व मंत्री संजय निषाद, राष्ट्रीय लोक दल के नेता व मंत्री अनिल कुमार तथा विधान परिषद सदस्य मानवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## ट्रंप ...

न होने के कारण रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों ही दलों के सांसदों ने पुल्टे की नियुक्ति की तीखी आलोचना की थी। ट्रम्प ने संसद में अपनी ही पार्टी के भीतर बढ़ती बगावत को शांत करने के उद्देश्य से एक बड़ा रणनीतिक कदम उठाते हुए यह घोषणा की।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ''मुझे सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के पूर्व चेयरमैन और न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के मौजूदा अमेरिकी अटॉर्नी जे क्लेटन को अगला 'डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस' और अपनी कैबिनेट में शामिल करने के लिए नामित करते हुए बेहद खुशी हो रही है। कानूनी समुदाय में जे क्लेटन का असाधारण सम्मान है। मैं अमेरिकी सीनेट से आग्रह करता हूं कि वे जल्द से जल्द उनके नाम को मंजूरी दें।''

सूत्रों के अनुसार, क्लेटन के नाम की सिफारिश केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) के निदेशक जॉन रैटक्लिफ ने राष्ट्रपति ट्रम्प से की थी।

उल्लेखनीय है कि यह हाई-प्रोफाइल राजनीतिक ड्रामा बीते मई महीने में पूर्व डीएनआई तुलसी गैबार्ड के अचानक इस्तीफ़े के बाद शुरू हुआ था, जिन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ दिया था। इसके बाद ट्रम्प ने 'फ़ेडरल हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी' (एफएचएफए) के मौजूदा निदेशक बिल पुल्टे को अस्थायी रूप से देश के सर्वोच्च खुफिया पद की कमान सौंप दी थी, जिससे कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद) में हड़कंप मच गया था।

गौरतलब है कि जे क्लेटन वर्तमान में मैनहट्टन में प्रतिष्ठित संघीय अभियोजन कार्यालय के प्रमुख हैं, जो वित्तीय घोटालों से लेकर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद जैसे बेहद पेचीदा और संवेदनशील मामलों को देखते हैं। अब देश की सभी 18 खुफिया एजेंसियों की कमान स्थायी रूप से संभालने के लिए उन्हें अमेरिकी सीनेट की औपचारिक मंजूरी लेनी होगी।

## हाईस्कूल...

ट्रांसफर सर्टिफिकेट के आधार पर उसकी जन्मतिथि 14 अप्रैल 1966 दर्ज कर दी गई, जिससे उसकी सेवानिवृत्ति की तिथि बदलकर 30 अप्रैल 2026 कर दी गई। अदालत ने पाया कि वर्ष 1966 की जन्मतिथि बाद में व्हाइट इंक का उपयोग कर दर्ज की गई थी और इसके लिए जिस ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर भरोसा किया गया। वह नियमों के तहत मान्य दस्तावेज नहीं था। कोर्ट ने यह भी कहा कि कर्मचारी को बिना सुने और उसकी जानकारी के पीछे इस तरह का निर्णय नहीं लिया जा सकता। इन परिस्थितियों में हाईकोर्ट ने कर्मचारी की सेवानिवृत्ति तिथि बदलने संबंधी आदेशों को रद्द कर दिया और कहा कि सेवा पुस्तिका में मूल रूप से दर्ज जन्मतिथि ही मान्य होगी।

## नेपाल...

माना जा रहा है। इस फैसले को नेपाल के सशस्त्र संघर्ष के दौरान बाल सैनिकों की भर्ती से जुड़े आरोपों पर आगे कानूनी प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त करने वाले कदम के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, इसके वास्तविक कानूनी प्रभावों का निर्धारण न्यायालय के पूर्ण फैसले की सामग्री सामने आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए लेनिन बिष्ट ने न्याय और पूर्व बाल सैनिकों की एकता के अभियान में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बिष्ट ने कहा, ह्लपूर्व बाल सैनिकों के लिए न्याय और एकता की लड़ाई में योगदान देने वाले सभी लोगों को बधाई। आज हमने एक बड़ी लड़ाई जीत ली है। उच्चतम न्यायालय की पूर्ण पीठ ने परमादेश जारी किया है। आप सभी का एक बार फिर धन्यवाद। उच्चतम न्यायालय ने अभी फैसले का पूर्ण पाठ सार्वजनिक नहीं किया है, जिसकी प्रतीक्षा है।

## उत्तर-पश्चिम ...

पश्चिम बंगाल के बाकी हिस्सों, ओडिशा, झारखंड, बिहार के कुछ हिस्सों तथा छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में और आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। उत्तर-पश्चिम भारत, मध्य भारत, पूर्वी भारत, पूर्वोत्तर भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ जगहों पर 13-18 जून के बीच मध्यम से भारी वर्षा होने के आसार हैं। इसी बीच, इन क्षेत्रों में तेज रफ्तार हवाएं चलने और कहीं-कहीं पर ओलावृष्टि होने का अनुमान है। उत्तर-पश्चिम भारत के अलावा 18 जून तक देश के अन्य हिस्सों में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। कोंकण, गोवा और मध्य महाराष्ट्र में 13 जून को गर्म और उमस भरे मौसम की स्थिति रहने के आसार हैं। वहीं, 13 जून को ही विदर्भ के कुछ इलाकों में गर्म रात की स्थिति रहने की बहुत संभावना है।

## नीट पुनर्परीक्षा ...

वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून की पूरी ताकत से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एक जून को केंद्रीय मंत्रालयों और संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की गई थी। इसके बाद चार जून को राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं और प्रगति का आकलन किया गया। सरकार का कहना है कि इन बैठकों का उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करना, तैयारियों को और मजबूत बनाना तथा नीट पुनर्परीक्षा की विश्वसनीयता और निष्पक्षता बनाए रखना है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा 21 जून को देशभर के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए सुरक्षा, निगरानी और प्रशासनिक स्तर पर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष रहे।

## भड़काऊ...

नहीं थे। बताया गया है कि सीआईडी अधिकारियों के पहुंचने से कुछ समय पहले ही वह वहां से निकल चुके थे। परिवार और आवास से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, सीआईडी अधिकारियों को बताया गया कि अभिषेक बनर्जी पूर्व मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुखा ममता बनर्जी के आवास पर एक बैठक में शामिल होने गए हैं। इसके चलते जांच एजेंसी उन्हें नोटिस नहीं सौंप सकी। सूत्रों का कहना है कि सीआईडी अब अगले सप्ताह पूछताछ के लिए उन्हें तलब कर सकती है।

इसी दौरान अभिषेक बनर्जी के आवास पर उनके वकील भी पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्हें अभी तक पूरे घटनाक्रम की जानकारी नहीं है और मामले की पूरी जानकारी मिलने के बाद ही वे कोई प्रतिक्रिया देंगे। मामला अभिषेक बनर्जी की उस टिप्पणी से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि ह्लचार तारीख के बाद डीजे बजेगा।ङ्क अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा था कि ह्लममता जितनी भी उदार हों, चार तारीख के बाद जवाब दिया जाएगा।ङ्क इस बयान को लेकर विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि यह राजनीतिक विरोधियों को धमकी देने वाला और उकसावे वाला वक्तव्य है।

इसी टिप्पणी के आधार पर दर्ज मामले की जांच के सिलसिले में सीआईडी ने शुक्रवार को नोटिस देने की कोशिश की। मामले की जांच जारी है और एजेंसी आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

## चुनावी भाषण ...

मांग की थी। उनका आरोप था कि भले ही किसी समुदाय का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया गया हो, लेकिन इस प्रकार की टिप्पणी सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती है और विभिन्न समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकती है। शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया है कि कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों में चुनाव के बाद हुई हिंसा और सांप्रदायिक तनाव के लिए इस प्रकार के बयान जिम्मेदार हो सकते हैं। इसी शिकायत के आधार पर हेयर स्ट्रीट थाने ने मामला दर्ज किया है।

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री की टिप्पणी प्रथम दृष्टया उकसाने वाली, भड़काऊ और सांप्रदायिक प्रकृति की प्रतीत होती है। शिकायत में कहा गया है कि इस तरह के बयान से भय, घृणा और गलतफहमी का माहौल बन सकता है तथा विभिन्न समुदायों के बीच शांति और सौहार्द प्रभावित हो सकता है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि इस प्रकार की टिप्पणियों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो इससे राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव और लोकतांत्रिक वातावरण को नुकसान पहुंच सकता है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि चुनाव के दौरान दिया गया यह बयान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी हो सकता है।

शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की मांग की है। फिलहाल, पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों के आधार पर की जाएगी।

## ओमान...

सरकार ने जहाज ऑपरेटरों और शिपिंग कंपनियों को भी सख्त सलाह दी है कि वे समुद्री सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें। साथ ही केंद्र सरकार और अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों पर कड़ी नजर रखें। किसी भी अप्रिय घटना या आपात स्थिति के बारे में जहाजरानी महानिदेशालय को तुरंत सूचित करने को कहा गया है ताकि स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के इस कठिन दौर में वह देश के नाविकों और उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनकी सुरक्षा एवं सलामती सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## शताब्दी...

सूचना दी गई कि गाड़ी संख्या 12003 स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस मक्खनपुर और फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन के बीच जब पेमेश्वर गेट के खंबा नंबर 1230/05 निकट से गुजर रही थी तभी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रेन पर पत्थर चलाया गया था जिससे खिड़की का शीशा टूट गया था। इस घटना की सूचना पर तत्काल थाना रसूलपुर में रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। एसएसपी ने बताया कि उन्होंने अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज तथा स्थानीय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना के खुलासे के लिए थाना रसूलपुर, दक्षिण, लाइनपार व एसओजी, सर्विलांस सहित कुल 10 पुलिस टीमों का गठन किया था। गठित पुलिस टीम द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया। पुलिस टीमों द्वारा लगातार लगभग 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज देखे गये। जिनमें रेलवे ट्रैक पर कूड़ा बीनने वाले तीन बाल अपचारी द्वारा कूड़ा बीनते समय ट्रैक के पास से पत्थर उठाकर स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर फेंका जाना सामने आया। जिससे ट्रेन के विन्डो का ग्लास टूट गया था।

उन्होंने बताया कि इस घटना में तीन नाबालिगों के नाम प्रकाश में आए हैं। पुलिस टीम ने शुक्रवार को दो नाबालिगों को हिरासत मे लिया गया है तथा तीसरे की तलाश जारी है।

# दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मु आईएमए की पासिंग आउट परेड में होंगी मुख्य अतिथि

■ जौलीग्रांट एयर पोर्ट पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री की अगुवाई में स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को उत्तराखंड पहुंच गईं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति आज देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन का दौरा करेंगी। यहां वे राष्ट्रपति आशियाना परिसर में 132 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में विकसित किए जा रहे अत्याधुनिक राष्ट्रपति उद्यान के निर्माण और विकास कार्यों का अवलोकन करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 13 जून को आईएमए की पासिंग आउट परेड में शामिल होंगी। देहरादून स्थित भारतीय सेना अकादमी में 13 जून को आयोजित होने वाली स्प्रिंग टर्म 2026 की पासिंग आउट परेड (पीओपी) में राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राष्ट्रपति परेड की समीक्षा करेंगी और नवप्रशिक्षित कैडेटों को सलामी देंगी। राष्ट्रपति के उत्तराखंड दौरे को देखते हुए देहरादून में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है व यातायात और ड्रोन प्रतिबंध संबंधी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। इस बार की पासिंग आउट परेड कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है। पहली बार आईएमए से महिला कैडेटों का पहला बैच प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में शामिल होगा। परेड में कुल 515 कैडेट पास आउट होंगे, जिनमें 481 भारतीय और 34 मित्र देशों के कैडेट शामिल हैं। आईएमए की यह परेड भारतीय सेना की सबसे प्रतिष्ठित सैन्य परंपराओं में से एक मानी जाती है, जिसमें सफल प्रशिक्षण के बाद कैडेट अधिकारी के रूप में सेना में कमीशन प्राप्त करते हैं।

# गोविंदपुरी में पांच मंजिला इमारत में आग तीन की मौत, पांच लोगों को बचाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में बीती देर रात एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत में लगी आग ने तीन लोगों की जान ले ली। जबकि पांच लोगों को धुएं और आग के बीच से सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में दो अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ हेमंत तिवारी ने शुक्रवार को बताया कि 11 और 12 जून की दरम्यानी रात करीब 2:24 बजे गोविंदपुरी थाना पुलिस को तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित एक इमारत में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके साथ ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां और कैट्स एंबुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंचीं। आग लगने के बाद पूरी इमारत धुएं से भर गई, जिससे कई लोग अंदर फंस गए। पुलिस, दमकल कर्मियों और बचाव दल ने संयुक्त अभियान चलाकर धुएं में फंसे आठ लोगों को बाहर निकाला और उन्हें सफदरजंग अस्पताल तथा एम्स ट्रॉमा सेंटर भेजा। पुलिस के बताया कि हादसे में एक 22 वर्षीय युवक और दो महिलाओं की मौत हो गई है। वहीं दो अन्य घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। गोविंदपुरी के तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित जिस इमारत में आग लगी, वहां प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को हादसे की संभावित वजह माना जा रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चल सकेगा। प्रारंभिक जांच के अनुसार, इमारत के भूतल पर बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग शुरू हुई। देखते ही देखते आग ने वहां खड़े सात दोपहिया वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इनमें चार्जिंग पर लगा एक इलेक्ट्रिक स्कूटर भी शामिल था। वाहनों में आग लगने के बाद भारी मात्रा में धुआं फैल गया, जिससे ऊपरी मंजिलों पर रह रहे लोग फंस गए। दमकल विभाग और पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और बचाव अभियान चलाया। अधिकारियों का कहना है कि फोरेंसिक और तकनीकी जांच के बाद ही आग लगने की सटीक वजह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और इमारत में सुरक्षा मानकों, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

# दलित युवक की हत्या पर कांग्रेस का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। टिहरी गढ़वाल में दलित युवक केतनलाल की कथित निर्मम हत्या और उसके साथी के घायल होने की घटना को लेकर कंग्रेस अनुसूचित विभाग के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कंग्रेस अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष तीरथपाल रवि ने किया। बाद में कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार प्रताप सिंह के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि टिहरी गढ़वाल के एक गांव में दलित युवक की हत्या से पूरे दलित समाज में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह और अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष तीरथपाल रवि ने मांग की कि मृतक युवक के परिजनों को 50 लाख रुपये तथा घायल युवक के परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। कांग्रेस नेताओं महेश प्रताप सिंह राणा और वीरेंद्र श्रमिक ने कहा कि दलित समाज के उत्पीड़न को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें कड़ी सजा दिलाने की मांग की। मनोज धनगर और तेलूराम प्रधान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं सरकार की विफलता को दर्शाती हैं। प्रदर्शन में सोम त्यागी, राजीव चौधरी, वेदपाल सिंह तेजियांन, एल.एस. रावत, सुभाष कुमार, शेखर पंवार, अजय दास, रविश भटीजा, मनोज जाटव, संजय सैनी, पुनीत कुमार, अमित नौटियाल, संदीप कुमार, पूरनचंद, यशपाल दुबे, प्रवीण धनगर, प्रियव्रत, मोहन राणा, डॉ. मेहरबान, जितेंद्र चौधरी, राजेश छाछर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिहार कंगाल होने की कगार पर, सरकार वित्तीय स्थिति पर जवाब दे : तेजस्वी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को राज्य की वित्तीय स्थिति को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश घटते राजस्व, बढ़ते राजकोषीय घाटे, अत्यधिक कर्ज और भारी ब्याज अदायगी के कारण गंभीर वित्तीय संकट की ओर बढ़ रहा है। तेजस्वी ने एक बयान जारी कर कहा कि राजग की ''दिवालिया राजनीति'' और ''अदूरदर्शी नीतियों'' के कारण बिहार कंगाल होने की कगार पर पहुंच गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य का खजाना खाली होने से वित्तीय हालात चिंताजनक हो गए हैं। राजद नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार का बजटीय प्रबंधन इतना कमजोर है कि वित्त वर्ष 2026-27 के केवल तीन महीने बीतने के बाद ही सामान्य मासिक पेंशन जैसे नियमित भुगतानों के लिए भी आकस्मिकता निधि से 3,662 करोड़ रुपये की निकासी करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को वित्तीय संकट की वास्तविक स्थिति स्वीकार करते हुए जनता को यह बताना चाहिए कि नियमित भुगतान के लिए नियमित बजट व्यवस्था के बजाय आकस्मिकता निधि का सहारा लेने की नौबत क्यों आई। तेजस्वी ने कहा, मेरे तथ्यात्मक और तर्कपूर्ण सवालों का जवाब देने के बजाय सरकार भ्रामक प्रेस विज्ञप्तियां जारी कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जो वर्षों से नियमित रूप से लाभार्थियों के खातों में भेजी जाती रही है, उसके भुगतान के लिए आकस्मिकता निधि का इस्तेमाल क्यों किया गया। तेजस्वी ने कहा कि अगर सरकार को नियमित खर्चों के लिए भी आकस्मिकता निधि का सहारा लेना पड़ रहा है, तो विकास योजनाओं और अन्य परियोजनाओं के लिए संसाधन कहां से आएंगे। राजद नेता ने कहा कि पेंशन कोई आकस्मिक खर्च नहीं है और न ही पेंशनधारक किसी आपदा की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के बजाय लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। तेजस्वी ने कहा कि सरकार इस पूरे मामले को केवल बजटीय प्रबंधन का मुद्दा बताकर इसके मूल कारणों और सैद्धांतिक पक्ष पर चर्चा से बच रही है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की आर्थिक स्थिति दयनीय है और सरकार इसे सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने से बच रही है। तेजस्वी ने कहा कि बिहार के वित्तीय हालात को लेकर संकेत चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट दस्तावेजों में वर्ष 2025-26 के लिए राज्य का राजकोषीय घाटा 11.8 फीसदी बताया गया है, जबकि राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम के तहत यह तीन प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। तेजस्वी ने बिहार आकस्मिकता निधि से जुड़े हालिया संशोधन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसा प्रावधान किया है, जिसके तहत किसी भी वित्त वर्ष में आकस्मिकता निधि का आकार उस वर्ष के कुल बजटीय व्यय के 10 फीसदी तक बढ़ाया जा सकता है। तेजस्वी ने कहा कि पहले बिहार आकस्मिकता निधि का आकार 350 करोड़ रुपये था, लेकिन नये प्रावधान के तहत इसे हजारों करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के अनुमानित बजटीय व्यय 3,24,925 करोड़ रुपये के आधार पर आकस्मिकता निधि का आकार 32,492 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है, जो राष्ट्रीय आकस्मिकता निधि के आकार 30,000 करोड़ रुपये से भी अधिक होगा। राजद नेता ने कहा, आकस्मिकता निधि का उद्देश्य केवल अप्रत्याशित और आपात स्थितियों में तत्काल व्यय की व्यवस्था करना है। इसे समानांतर बजट या नियमित वित्तीय प्रबंधन की कमियों को छिपाने के साधन के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

# 'युवा सांझ' कम्युनिटी पुलिसिंग का नया मॉडल युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में पिछले तीन वर्षों से कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य भटके हुए युवाओं को सही दिशा दिखाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस पहल के तहत पंजाब पुलिस ने विभिन्न सांझ समितियों का गठन किया है, जिनमें करीब 1500 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं।

स्पेशल पुलिस महानिदेशक (कम्युनिटी अफ़ेयर्स) गुरप्रीत कौर दियो ने कहा कि 'युवा सांझ' भारत में कम्युनिटी पुलिसिंग का एक नया मानक स्थापित कर रही है। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं को गैंगस्टर संस्कृति, नशे और कट्टरपंथी प्रभावों से दूर रखने के लिए एक सामाजिक अभियान है।

## नालंदा जिले में चोरी के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

नालंदा। नालंदा थाना क्षेत्र के सुरजपुर गांव में एक ही रात पांच घरों में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने आज शुक्रवार को सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 15,600 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार 5 और 6 जून की मध्यरात्रि को सुरजपुर गांव के पांच घरों में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर नकदी, जेवरात, मोबाइल और अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली थी।

घटना के बाद नालंदा थाना में कांड संख्या 131/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया।

# स्पा सेंटर में देह व्यापार का भंडाफोड़ छह युवतियां रेस्क्यू, चार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी। तिकोनिया क्षेत्र स्थित एक स्पा सेंटर में चल रहे कथित देह व्यापार का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए छह युवतियों को रेस्क्यू किया है। कार्रवाई के दौरान एक महिला सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जबकि स्पा सेंटर का संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है।

जानकारी के अनुसार अनैतिक मानव व्यापार निरोधक इकाई (एएचटीयू) प्रभारी उपनिरीक्षक सुनीता कुंवर को लंबे समय से तिकोनिया स्थित एमजे द लक्जरी स्पा में अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की शिकायतें मिल रही थीं। मुखबिर की सूचना के आधार पर गुरुवार रात पुलिस टीम ने स्पा सेंटर में छापेमारी की। छापे के दौरान स्पा के भीतर बने दो कमरों में युवक और युवती आपत्तिजनक अवस्था में मिले। वहीं अन्य कमरों में चार युवतियां मौजूद थीं। पूछताछ में युवतियों ने आरोप लगाया कि स्पा संचालक और उसके सहयोगी उन्हें नौकरी का झांसा देकर देह व्यापार के लिए मजबूर करते थे।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 16 इस्तेमाल किए गए आपत्तिजनक वस्तु, निरोध के कई पैकेट, ग्राहकों की एंट्री से संबंधित दो रजिस्टर और 4 हजार 3 सौ 20 रुपये नकद बरामद किए। सभी सामान को सील कर कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। रेस्क्यू की गई छह महिलाओं को काउंसलिंग के बाद वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और फरार मुख्य संचालक की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# राघोपुर में बड़े पैमाने पर अवैध बालू-मिट्टी खनन का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के राम विशनपुर हुसैनाबाद इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध बालू और मिट्टी खनन किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भेंगा धार पुल से करीब 250 मीटर की दूरी पर लंबे समय से लगातार खनन जारी है, जिससे पर्यावरण और धार क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि खनन माफियाओं ने केवल धार क्षेत्र ही नहीं, बल्कि वन विभाग की पूर्वी और पश्चिमी दिशा की भूमि पर भी कब्जा कर लिया है। आरोप है कि नियमों की अनदेखी करते हुए भारी मात्रा में बालू और मिट्टी की निकासी की जा रही है, जिससे इलाके का पारिस्थितिक संतुलन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार लगातार हो रहे इस अवैध खनन के कारण धार के किनारों पर कटाव बढ़ने की आशंका है। साथ ही क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना को भी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर इस गतिविधि पर रोक लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो धार क्षेत्र के साथ-साथ वन विभाग की भूमि को भी गंभीर क्षति पहुंच सकती है। उन्होंने जिला प्रशासन, खनन विभाग और वन विभाग से संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर दोषियों की पहचान करने तथा उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है।

# ललितग्राम-वीरपुर नई रेल लाइन परियोजना को मिली रफ्तार, सर्वेक्षण जारी; क्षेत्र में जगी नई उम्मीद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुपौल। सीमांचल और कोसी क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित ललितग्राम-वीरपुर नई रेल लाइन परियोजना को लेकर सकारात्मक प्रगति सामने आई है। करीब 14 से 15 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण कार्य जारी है और इसके लिए आवश्यक राशि भी रेलवे मंत्रालय की ओर से उपलब्ध करा दी गई है। इससे वर्षों से रेल संपर्क की मांग कर रहे लोगों में नई उम्मीद जगी है। सांसद दिलेश्वर कामैत ने बताया कि सर्वेक्षण पूरा होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। इसके आधार पर रेल मंत्रालय और केंद्रीय कैबिनेट स्तर पर आवश्यक स्वीकृतियों की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि परियोजना को प्राथमिकता दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद के अनुसार इस संबंध में रेल मंत्री से भी बातचीत हुई है। रेल मंत्री ने भरोसा दिलाया है कि सर्वेक्षण पूरा होने के बाद सीमावर्ती क्षेत्र में रेल संपर्क को मजबूत करने और नई रेल लाइन परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। परियोजना की समयसीमा पर सांसद ने कहा कि उनका प्रयास है कि शेष कार्यकाल के दौरान इस योजना को धरातल पर उतारा जाए। अगले लगभग तीन वर्षों में इस दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी। विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का मानना है कि रेल लाइन बनने से वीरपुर को सीधा रेल नेटवर्क मिलेगा और नेपाल सीमा क्षेत्र तक आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम होगा। इससे व्यापार, पर्यटन और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि वीरपुर को रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग लंबे समय से उठती रही है। सर्वदलीय संघर्ष समिति और स्थानीय नागरिकों ने इस मुद्दे को लेकर धरना-प्रदर्शन, पदयात्रा, साइकिल मार्च, अनशन और जनजागरण अभियान जैसे कई आंदोलन चलाए थे। अब सर्वेक्षण शुरू होने से लोगों को उम्मीद है कि वर्षों पुराना सपना जल्द साकार हो सकेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह परियोजना केवल एक नई रेल लाइन तक सीमित नहीं है, बल्कि सीमांचल और कोसी क्षेत्र के समग्र विकास का आधार बन सकती है। बेहतर कनेक्टिविटी से रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और व्यापारिक गतिविधियों को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सुरेश राठौर पर देशराज का हमला, दुष्यंत गौतम के खिलाफ साजिश का लगाया आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। अंकिता भंडारी प्रकरण से जुड़े कथित भ्रामक ऑडियो क्लिप मामले में उच्च न्यायालय नैनीताल के हालिया आदेश और सुरेश राठौर द्वारा पत्रकार वार्ता कर अपने ऊपर दर्ज दो मुकदमों को खारिज कर दिए जाने के बयान के बाद राजनीतिक हलकों में बयानबाजी तेज हो गई है। श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ भारत एवं उत्तराखंड इकाई के पदाधिकारियों डा. धर्मेन्द्र कुमार व राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल ने पूर्व विधायक सुरेश राठौर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा राष्ट्रीय भाजपा नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद दुष्यंत गौतम की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। इतना ही नहीं उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा दो मुकदमें खारिज किए जाने के दावे को भी गलत बताया। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच जारी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि न्यायालय ने अंतरिम संरक्षण आदेश को निरस्त करते हुए मामले में लगाए गए। आरोपों को गंभीर माना है तथा पुलिस को विधिक कार्रवाई आगे बढ़ाने के लिए कहा है। कहाकि न्यायालय ने मुकदमों को खरिज नहीं किया, बल्कि दो मुकदमों में एक सी धाराएं होने के कारण उन्हें अन्य मुकदमों के साथ मर्ज किया है। देशराज कर्णवाल ने कहाकि न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि बिना पर्याप्त साक्ष्यों के किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाले आरोप गंभीर प्रकृति के हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कथित ऑडियो क्लिप के माध्यम से भाजपा नेता दुष्यंत कुमार गौतम पर लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। आरोप लगाया कि सुरेश राठौर द्वारा समय-समय पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगना इस बात का संकेत है कि उनके द्वारा लगाए गए आरोप निराधार थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और रविदासिया समाज के अनेक लोगों ने भी सुरेश राठौर के बयानों से स्वयं को अलग किया है। कहा कि सुरेश राठौर और दुष्यंत कुमार गौतम के बीच व्यक्तिगत एवं राजनीतिक मतभेद रहे हैं, जिसके चलते यह पूरा प्रकरण राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित है। संस्था ने राज्य पुलिस से मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग करते हुए कहा कि न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने दावा किया कि न्यायालय ने सुरक्षा संबंधी पहलुओं को देखते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063